सुप्रभात

रांची, सोमवार

16.01.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 184



12 सेना एलएसी पर हर स्थिति से निपटने में सक्षम

# नेपाल में 72 यात्रियों को ले कर उड़ा विमान क्रैश

## अब तक 68 शव मिले, इनमें पांच भारतीय भी, किसी के बचने की उम्मीद नहीं

- टुकड़ों में बंट कर आग के गोले में बदला विमान
- चीनी की मदद से बने पोखरा एयरपोर्ट पर हुआ हादसा

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा में रविवार को हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान पांच भारतीयों समेत 72 लोगों को लेकर जा रहा एक नेपाली यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। येती एयरलाइंस के एटीआर- 72 विमान ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पूर्वाह्न 10:33 बजे उड़ान भरी थी। कास्की जिले के पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा होते ही विमान आग के गोले में तब्दील हो गया। सभी यात्रियों की मौत की आशंका है। अबतक 68 यात्रियों के शव बरामद किये जा सके हैं। चार अन्य शवों की खोज जारी है। विमान में पांच भारतीय यात्री भी थे। हादसे में मरने वाले पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक कुशवाहा, विशाल शर्मा, अनिल कुमार राजभर, सोनू जायसवाल और संजय जायसवाल के रूप में हुई है। विमान पर चार क्रू मेंबर भी थे। पोखरा हवाई अड्डा, चीनी कर्ज के तहत बनाया गया नया हवाई अड्डा है और अभी दो हफ्ते पहले इसका उदघाटन हुआ था। (शेष पेज 11 पर)



### नेपाली पीएम ने जांच कमेटी बनायी, शोक

यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि अभी तक किसी के जीवित बचने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि पोखरा में मौसम बिल्कुल ठीक था और विमान का इंजन भी अच्छी स्थिति में था। उन्होंने कहा हम नहीं जानते कि हवाई जहाज को क्या हुआ। वहीं, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने इस विमान दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच के लिए एक कमेटी का ऐलान किया है। साथ ही एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। मीडिया की खबरों में कहा गया कि विमान उतरते समय ज्यादा मुड़ गया था, जो दुर्घटना का कारण हो सकता है।

## यूएसए की गैब्रिएल मिस यूनिवर्स



**भारत की हरनाज ने पहनाया ताज, दिविता टॉप 5 में नहीं पहुंच सकीं**

71वां मिस यूनिवर्स खिताब यूएसए की आर'बॉनी गैब्रिएल ने अपने नाम किया है। भारत की हरनाज संधू ने उन्हें ताज पहनाया। फर्स्ट रनर अप वेनेजुएला की अमेंडा दूदामेल और सेकेंड रनर अप डोमिनिकन रिपब्लिक की एंड्रिना मार्टिनेज रहीं। अमेरिका के न्यू ऑर्लिएंस चले इस समारोह में 25 साल की दिविता राय ने भारत को रिप्रजेंट किया, जो टॉप 5 में नहीं पहुंच सकीं। वह इवनिंग गाउन राउंड में बाहर हो गयीं। (पेज 12 भी देंखे)

## न्यूज डायरी

### 25 से 28 तक हाई अलर्ट पर रांची पुलिस

**रांची।** 25 से लेकर 28 जनवरी तक रांची पुलिस हाइ अलर्ट पर रहेगी। पुलिस को इस समय तीन मोर्चे पर काम करना होगा। एक तरफ तो जहां 26 जनवरी को लेकर पुलिस को विशेष चौकसी बरतनी है तो वहीं दूसरी तरफ भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीमें 25 जनवरी को ही रांची पहुंच जायेंगी। ऐसे में दोनों टीमों की सुरक्षा को लेकर भी तगड़े बंदोबस्त पुलिस को करना पड़ेगा। वहीं सरस्वती पूजा को लेकर भी पुलिस को तैयारी करनी है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी तैयारियां शुरू कर दी है।

### वंदे भारत पर्यटक होंगे लाभान्वित : मोदी

**हैदराबाद।** पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस से तीर्थयात्रियों और पर्यटकों दोनों को बहुत लाभ होगा। श्री मोदी रविवार को सिकंदराबाद से विशाखापत्तनम के बीच वंदे भारत ट्रेन को दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि गत 30 दिसम्बर को सातवें वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के 17 दिनों के भीतर आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की गयी जो परिवर्तन की गति को दशार्ता है।

### लोहरदगा में प्रेमी जोड़े ने कर ली आत्महत्या

**लोहरदगा।** जिले के जोबांग थाना क्षेत्र अंतर्गत लावादाग में एक वर्ष से अधिक समय से चल रहे प्रेम प्रसंग के बाद परिजनों द्वारा शादी से मना करने पर नाबालिग प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार लावादाग निवासी चमन मुंडा की पुत्री पूनम कुमारी(14) ने घर से 500 मीटर की दूरी में असनागढ़ा नामक जगह पर चूहा मारने की दवा खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही आदिम जनजाति के रनथु परहैया के पुत्र बुधन परहैया (17) ने भी जंगल में महुआ पेड़ पर साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

### 30, 31 जनवरी को बैंकों की हड़ताल

**रांची।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने लंबित मांगें पूरी नहीं होने के विरोध में 30-31 जनवरी को बैंकों की हड़ताल बुलायी है। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डीएन त्रिवेदी ने बताया कि पांच दिवसीय बैंकिंग, पेंशन अपडेशन, एनपीएस के बदले पुरानी पेंशन लागू करने, वेतन पुनरीक्षण और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती की मांगों के चार्टर पर तत्काल बातचीत शामिल हैं। वहीं, चौथे शनिवार और 29 को रविवारीय अवकाश होने के कारण 30-31 जनवरी की हड़ताल से इस माह के अंत में चार दिन बैंक बंद रहेंगे।

### तेंदुए के हमले से ग्रामीण जख्मी, रिम्स रेफर

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना अंतर्गत करमा डुबलगंज निवासी परमेश्वर सिंह को रविवार अहले सुबह तेंदुए ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया है। परमेश्वर सिंह को पैर और सिर में गंभीर चोट पहुंची है। वह अपनी बेटी के घर घोरही से अपने गांव डूबलगंज आ रहे थे। इसी बीच तेंदुआ ने अचानक उन पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के लोग सदर अस्पताल पहुंचकर घायल के इलाज के लिए तत्काल 25 हजार रुपये नगद प्रदान किया। डॉ रन्ना के देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

# भारत को मिली वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत, श्रीलंका को 317 रनों से हराया

### वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** भारत ने श्रीलंका को 317 रनों से हराकर वनडे सीरीज के क्लीन स्वीप कर लिया है। यह वनडे में रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने आयरलैंड को 290 रनों से हराया था। भारत को इससे पहले बरमूडा के खिलाफ 2007 में 257 रनों से जीत मिली थी। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत के लिए विराट कोहली और शुभमन गिल ने शतकीय पारी खेली। इन पारियों ने टीम को 390 रनों तक पहुंचा दिया। मोहम्मद सिराज ने पावरप्ले में श्रीलंकाई बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। अंत तक श्रीलंका की टीम 9 विकेट पर 73 रन ही बना सकी। अशेन बंडारा चोटिल होने की वजह से बल्लेबाजी करने नहीं आये और भारत को रिकॉर्ड जीत मिल गयी। (शेष पेज 11 पर)




### विराट ने लगायी रिकॉर्ड्स की झड़ी

कोहली ने अगली गेंद पर एक रन के साथ 85 गेंद में श्रीलंका के खिलाफ उनका 10वां शतक है। उन्होंने 21वें शतक के साथ घरेलू सरजमीं पर सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर (20 शतक) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वनडे में कोहली से अधिक शतक सिर्फ तेंदुलकर (49) के नाम ही दर्ज हैं। कोहली ने शतक पूरा करने के बाद रजिता पर एक और करूणारत्ने पर लगातार दो छक्के मारे। अय्यर इसके बाद लाहिरू कुमारा का शिकार बने। कुमारा ने राहुल (07) जबकि रजिता ने सूर्यकुमार यादव (04) को पवेलियन भेजा

# बागवानी मिशन घोटाले की जांच होगी : वित्त मंत्री

### स्पेशल ऑडिट करायेगा वित्त विभाग : रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कृषि विभाग के द्वारा संचालित बागवानी मिशन योजना में किसानों को वर्ष 2016 से 2022 तक अनुदान पर मिलने वाले प्रिजर्वेशन यूनिट में कथित घोटाले की जांच वित्त विभाग स्पेशल ऑडिट के करायेगा। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा है कि वर्ष 2016-17 से ही लगातार बागवानी मिशन के तहत लाभुक किसानों को एक लाख रुपये अनुदान पर दो लाख रुपये के प्रिजर्वेटिव यूनिट देने की योजना थी। इसका उद्देश्य था कि लाभुक किसान उत्पादित फल, सब्जियों को अधिक दिनों तक सुरक्षित और संरक्षित रख सकें। पर शिकायत है कि दो लाख की प्रिजर्वेशन यूनिट की जगह घटिया क्वालिटी 25 - 30 हजार का प्रिजर्वेशन यूनिट किसानों को दे दिया गया और उसके लिए किसानों की ओर से ली जाने वाली राशि भी नहीं ली गयी। ऐसे में इस योजना के संचालन में गड़बड़ी की बात सामने आने के बाद जिम्मेवार लोगों का पता लगाने और कैसे नियमों की अवहेलना हुई, इसका पता लगाने के लिए विभाग ने बागवानी मिशन के कार्यकलापों की स्पेशल ऑडिट कराने का फैसला लिया है।



**स्पेशल ऑडिट से मिलेगी सही जानकारी :** वित्त मंत्री ने कहा कि स्पेशल ऑडिट के बाद आई रिपोर्ट से ही पता लग सकता है कि कैसे और कितने की गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक करीब 18 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, भले ही 18 करोड़ बहुत बड़ी रकम नहीं दिखे, लेकिन ऐसी गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

# हाजत में व्यवसायी की मौत पर हजारीबाग में जमकर बवाल

- परिजन बोले, पुलिसिया मारपीट में हुई मौत
- दोषियों के खिलाफ 302 का मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के एक व्यवसाई सुनील कुमार गुप्ता की पुलिस कस्टडी में मौत से आक्रोशित परिजनों और व्यवसायियों ने रविवार को दिनभर हंगामा किया। सदर थाना पुलिस ने हजारीबाग के व्यवसायी सुनील गुप्ता कानी बाजार निवासी को एक मामले में पूछताछ के लिए शनिवार शाम को हिरासत में लेकर लॉकअप में बंद कर दिया। दो घंटे के बाद रात को अचानक उन्हें शहर के आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गयी। परिजन व शहर के व्यवसायी थाने के पुलिसकर्मी नसीम सिद्दीकी पर सुनील गुप्ता के साथ मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाकार प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। मृतक के बेटे ने बताया कि शनिवार की शाम को थाने में पूछताछ के लिए बुलाकर उनके साथ मारपीट की गयी। मारपीट में उनके पिता की हालत गंभीर हो गयी। (शेष पेज 11 पर)



### रांची मौसम केंद्र को मिला देश के सर्वश्रेष्ठ केंद्र का पुरस्कार

**रांची।** रांची मौसम केंद्र को देश के सर्वश्रेष्ठ मौसम केंद्र के पुरस्कार से नवाजा गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के 148वें स्थापना दिवस पर नयी दिल्ली में मौसम भवन स्थित वृष्टि सभागार में 15 को आयोजित कार्यक्रम में रांची मौसम केंद्र को देश का सर्वश्रेष्ठ मौसम केंद्र घोषित किया गया। मुख्य अतिथि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जीतेंद्र सिंह ने रांची मौसम केंद्र के कार्यालय प्रमुख अभिषेक आनंद को पुरस्कृत किया। श्री आनंद ने इस गौरवमयी अवसर पर सभी कर्मियों को बधाई दी। मीडियाकर्मी और अन्य हितधारकों का हृदय से आभार जताया। केंद्र के कर्मियों ने भी उत्साह के साथ आगे और बेहतर सेवा प्रदान करने का संकल्प लिया। रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत रांची शहर में कई स्थानों पर 50 वीएमएसबी (वैरिएबल मैसेज साइन बोर्ड) स्थापित किए गए हैं। केंद्र दैनिक आधार पर सूर्योदय, सूर्यास्त डेटा के साथ मौसम की जानकारी दे रहे हैं, जो पूरे दिन वीएमएसबी में लगातार प्रदर्शित होते रहते हैं।

# सीआरपीएफ डीजी ने बूढ़ा पहाड़ जाकर लिया जायजा

### ग्रामीणों से मिले, फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस का किया दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीआरपीएफ डीजी एसएल थाउसेन ने रविवार को बूढ़ा पहाड़ में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस का दौरा किया। उन्होंने वहां तैनात जवानों का हौसला बढ़ाया और नक्सल मुक्त बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने बुरहा गांव और आसपास के अन्य गांवों के ग्रामीणों से भी बातचीत की। सीआरपीएफ के सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के बीच कंबल, फल और मिठाई का वितरण किया। उनके साथ मध्य क्षेत्र एसडीजी वितुल कुमार, सीआरपीएफ आईजी ऑपरेशन राजीव कुमार, सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर आईजी अमित कुमार, पलामू रेंज सीआरपीएफ डीआईजी विनय नेगी, गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, 172 कमांडेट नृपेंद्र कुमार सिंह, सीआरपी-172 और गढ़वा पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। (शेष पेज 11 पर)



# झारखंड में मुर्दे भी उठाते हैं राशन, मशीन पर लगाते हैं अंगूठा

### जांच में हुआ मामले का खुलासा, डीलर पर प्राथमिकी दर्ज

सुधीर

**रांची।** जिंदा और फर्जी लोग तो सरकारी राशन का उठाव करते ही हैं, झारखंड में मुर्दे भी सरकारी राशन दुकानों पर अंगूठा लगाकर राशन उठाते हैं। इसकी बानगी पालमू के पांकी थाना क्षेत्र में देखने को मिली है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ पलामू जिले के मूर्दे ही राशन दुकानों तक अंगूठा लगाने जाते हैं। अगर विभागीय स्तर पर सख्ती से जांच करायी जाये तो राज्य के अधिकांश जिलों में मूर्दे और लापता लोग भी हर महीने अपने कोटो के अनाज उठा रहे हैं और सरकार इसे रोकने में विफल रही है। पलामू डीसी ए दोड्डे को शिकायत मिली थी कि अधिकारियों की मिलीभगत से पलामू के पांकी में मूर्दे के नाम पर राशन का उठाव किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर डीसी ने इसकी जांच कराई। मामला सही पाया गया। इसके बाद राशन डीलर पर प्राथमिकी दर्ज की गई।



### मुर्दों के नाम पर हड़पा सैकड़ों क्विंटल अनाज

जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व पांकी के सुड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे से मुलाकात कर सरकारी राशान दुकानों में किये जा रहे घोटाले की शिकायत की थी। पांकी प्रखंड के स्थानीय के राशन डीलर अनिल कुमार यादव के खिलाफ गांव के लेगों ने लिखित शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि डीलर ने 40 मृतकों के नाम पर सैकड़ों क्विंटल सरकारी अनाज हड़प लिया है। राश्च डीलर हर महीने मूर्दे के नाम पर राशन का उठाव किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी भी संबंधित राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाये, उसे प्रश्रय देते हैं।

**पांकी सीओ ने डीलर पर कराया एफआइआर :** ग्रामीणों की शिकायत मिलने के तुरंत बाद पलामू डीसी ने टीम गठित कर पूरे मामले की जांच कराई। जांच के क्रम में डीलर अनिल कुमार यादव के विरुद्ध शिकायत सही पाई गई। इसके पश्चात उपायुक्त ने पांकी के अंचलाधिकारी को उक्त राशन डीलर पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। इस क्रम में पांकी सीओ ने आरोपी राशन डीलर पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद राशन डीलर बताये जा रहे हैं।

परंतु पुलिस के स्तर पर उनके खिलाफ कार्रवाई जारी है। बताते चलें कि डीसी पलामू की ओर से राशन डीलरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली दहलाने की साजिश, दो आतंकी धराये, निशाने पर थे कई बड़े हिंदू नेता

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह से पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया है। पुलिस ने दिल्ली के जहांगीरपुरी से 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से हथियारों का जखीरा बरामद किया। दिल्ली स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद कुशवाहा ने बताया, स्पेशल सेल की पुलिस ने जो दो आतंकवादी पकड़े हैं, उसमें एक का नाम नौशाद और दूसरे का जगजीत जस्सा है। उनके पास से दो हैंड ग्रेनेड, तीन पिस्तौल और कार्टेज बरामद हुए हैं। दोनों, आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से लगातार संपर्क में थे। दोनों आतंकवादी दक्षिणपंथी नेताओं को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे और उसी की तैयारी कर रहे थे। एडिशनल सीपी ने बताया कि दोनों बड़े हिंदू लीडर को मारने की तैयारी कर रहे थे। दोनों से पूछताछ की जा रही है। प्रमोद कुशवाहा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आतंकियों की गिरफ्तारी पर अधिकारिक पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गुरुवार को दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके से दोनों को पकड़ा गया था। दोनों आतंकवादी लंबे समय से दिल्ली में रुके हुए थे और एक बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे।

## आज रांची में जयपाल सिंह स्टेडियम से निकालेंगे मशाल जुलूस

# अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण का आदिवासी संगठनों ने किया विरोध



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अनुबंध पर नियुक्त कर्मियों के स्थायीकरण की प्रक्रिया हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सरकार शुरू करने जा रही है, लेकिन इसका जबरदस्त विरोध भी शुरू हो गया है। राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान ने इसपर बैठक की। इसकी अध्यक्षता बंधन तिग्गा ने की।

बैठक में कहा गया कि विभिन्न सरकारी विभागों, अनुमंडलों, जिला, प्रखंड स्तर पर नियुक्त हजारों अनुबंध कर्मियों की सेवा नियमित की जा रही है। इसका विरोध कई आदिवासी संगठनों ने किया है। इनका कहना है कि अनुबंध और संविदा नियुक्ति में एसटी, एससी के आरक्षण का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन हुआ है। संगठनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन किया है कि इस तरह की भयंकर गलती कभी न करें। अन्यथा राज्य में आदिवासियों का आंदोलन होगा।

संगठनों का कहना है कि 16 जनवरी की दोपहर 3 बजे जयपाल सिंह स्टेडियम में सभी संगठनों के प्रतिनिधि जमा होंगे और मशाल जुलूस के साथ अल्बर्ट एक्का चौक पर सरकार का पुतला दहन होगा। संगठनों ने सरकार से मांग की है, राज्य सरकार के अधीन विभिन्न स्तरीय सेवा संवर्ग बैकलॉग हजारों वैकेंसी आरक्षित वर्गों का है। बैकलॉग वैकेंसी का आकलन किया जाए और उसके विरुद्ध नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाये।

**मेयर आशा लकड़ा के बयान का किया विरोधः** बैठक में आशा लकड़ा के सरना धर्म कोड को लेकर दिए बयान का भी विरोध किया गया। कहा गया कि उनका बयान आदिवासियों को दिग्भ्रमित करने वाला है। आशा लकड़ा को मालूम होना चाहिए कि 11 नवंबर 2020 को विधानसभा से पारित हुआ है। भाजपा के विधानसभा सदस्यों ने भी अपना समर्थन दिया है और सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड पारित हुआ है। डॉ लकड़ा को यह जानकारी होनी चाहिए कि 2011 की जनगणना में अन्य धर्म कॉलम में देशभर से 79 लाख लोगों ने अपना-अपना धर्म दर्ज किया है, जिनमें देश भर से 49.57 लाख लोगों ने अपना धर्म सरना दर्ज किया है, जो जैन धर्म से कहीं अधिक है।

बैठक में कहा गया कि उन्हें यह भी मालूम होना चाहिए कि झारखंड में 2011 की जनगणना में अन्य धर्म कॉलम में 42 लाख 35 हजार लोगों ने अन्य धर्म कॉलम में अपना धर्म दर्ज किया, जिसमें से 41 लाख 31 हजार लोगों ने अपना धर्म सरना धर्म दर्ज किया है। इसमें पूरा मुंडा, हो, संथाल और झारखंड के लगभग सभी जनजाति समुदाय ने दर्ज किया है। यह संख्या 97 प्रतिशत है। कहा गया कि डॉक्टर आशा लकड़ा की बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह आरएसएस की भाषा बोल रही हैं। झारखंड कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस ने सरना कोड की बात कही है, यह स्वागत योग्य है लेकिन कांग्रेस से निवेदन है कि इस मसले को कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति दिल्ली में रखा जाये। फिर इसपर कांग्रेस के विचार को केंद्र सरकार और राष्ट्रपति के सामने रखा जाए, तो बड़ी बात होगी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा और मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि जिस तरह से विधानसभा में सरना धर्म कोड की प्रस्ताव को पारित किया गया है। आगे भी उम्मीद करते हैं कि राज्य की हेमंत सरकार केंद्र सरकार और राष्ट्रपति के सामने स्पष्ट रूप से सरना कोड की वकालत करेंगे।

## कल जमशेदपुर से शुरू होगी मरांग बुरु पदयात्रा, फरवरी में समापन

# पारसनाथ आदिवासियों के लिए अयोध्या समान आदिवासी कुछ भी करने को तैयार : सालखन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पारसनाथ पहाड़ मरांग बुरु बचाओ यात्रा 17 जनवरी से जमशेदपुर से शुरू होगी। इसका नेतृत्व पूर्व सांसद एवं आदिवासी सेंगल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू करेंगे। सालखन मुर्मू ने बताया कि मरांग बुरु बचाओ भारत यात्रा 17 जनवरी को जमशेदपुर से शुरू होगी। 18 जनवरी को रांची, 19 जनवरी को रामगढ़, 20 जनवरी को हजारीबाग, 21 जनवरी को जामताड़ा, 22 जनवरी को दुमका और 23 जनवरी को गोड्डा में यात्रा निकाली जायेगी। इस यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी बहुल जिलों में जनसभा करके जनता को जागरूक करेंगे। इस यात्रा का समापन फरवरी के अंत में होगा।

**झारखंड सरकार ने मरांग बुरु को जैन को सौंपने का किया है काम**

सालखन मुर्मू ने कहा कि झारखंड के गिरिडीह जिले में अवस्थित पारसनाथ पहाड़ अर्थात मारंग बुरू आदिवासियों का ईश्वर है, जिसे जैन धर्मावलंबियों ने हड़प लिया है। झारखंड सरकार ने पांच जनवरी को भारत सरकार को प्रेषित पत्र देकर मरांग बुरु जैनों को सौंपने का काम किया है। पारसनाथ पहाड़ आदिवासियों के लिए अयोध्या के राम मंदिर के समान है। मरांग बुरु की रक्षा आदिवासी अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी की रक्षा है। इस यात्रा के दौरान 2023 में हर हाल में सरना धर्म कोड की मान्यता, कुड़मी एसटी का मामला, झारखंड में प्रखंडवार नियोजन नीति लागू करना और देश के सभी पहाड़-पर्वतों को आदिवासियों को सौंपने का मामला सहित अन्य मुद्दों पर प्रकाश डाला जायेगा। इसकी जानकारी राष्ट्रपति को दी गयी है।

### 30 जनवरी को 5 राज्यों में होगा प्रदर्शन



सालखन मुर्मू मुर्मू ने बताया कि प्रथम स्वतंत्रता संग्रामी तिलका मुर्मू की जन्म जयंती 11 फरवरी को है। इस दिन रांची के मोरहाबादी मैदान में मारंग बुरु-सरना महाधरना का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया जायेगा। वहीं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) पर राष्ट्रीय आदिवासी एकता महासभा का आयोजन किया जायेगा। सेंगेल के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 17 जनवरी को 5 प्रदेशों के 50 जिला मुख्यालयों में मरांग बुरु बचाओ के लिए धरना प्रदर्शन किया जायेगा और राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जायेगा। वहीं 30 जनवरी को 5 प्रदेशों के 50 जिला मुख्यालयों में सरना धर्म कोड की मान्यता और अन्य आदिवासी मामलों के लिए मशाल जुलूस निकाला जायेगा।

**सरना प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन** : 15 जनवरी की सुबह सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें सीताराम माझी, बिरसा मुर्मू, सालखन मुर्मू, सुमित्रा मुर्मू के अलावे जूनियर मुर्मू, वासुदेव मुर्मू, अर्जुन मुर्मू, भागीरथी मुर्मू, छिता मुर्मू, सिदो मुर्मू, रामराय मुर्मू,सोनोत बास्के, ममता टुडू, जयललिता टुडू, मंगल अलडा, सीतामणी हांसदा, माईनो हांसदा आदि थे।

# सीबीएसई ने 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के 21 साल का रिजल्ट डेटा किया अपलोड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं के छात्रों का 21 साल (2001 से लेकर 2021 तक) का रिजल्ट डेटा अपलोड किया है। सीबीएसई ने नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी। नोटिफिकेशन के अनुसार, नौकरी और हायर एजुकेशन को लेकर संस्थान और संगठन छात्रों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन को लेकर अनुरोध कर रहे थे। इसके बाद बोर्ड ने डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेज अपलोड किये हैं। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए पीकेआई आधारित क्यूआर कोड भी लगाया गया है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का आधिकारिक नोटिस आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया है।

### सभी डॉक्यूमेंट डिजिटली हस्ताक्षरित

नोटिफिकेशन के अनुसार, ये सभी डॉक्यूमेंट डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित हैं। प्रमाणीकरण के लिए पीकेआई आधारित क्यूआर कोड भी है। इन शैक्षणिक दस्तावेजों को विशेष रूप से डिजाइन किये गये मोबाइल एप की मदद से सत्यापित किया जा सकता है। सीबीएसई वास्तविक सत्यापन के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों और सरकारी नियोक्ताओं को एपीआई दे रहा है। हर साल करीब 35 लाख छात्र बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में संस्थान और संगठन सीबीएसई से छात्रों के डॉक्यूमेंट्स को सत्यापित करने का अनुरोध कर रहे थे। सीबीएसई के 16 क्षेत्रीय कार्यालय हैं और छात्रों का रिकॉर्ड उनके द्वारा बनाकर रखा जाता है।

## मुख्यमंत्री खतियानी जोहार यात्रा का दूसरा चरण कल से

# सीएम हेमंत सोरेन कोडरमा से निकलेंगे खतियानी यात्रा पर, सभी तैयारियां पूरी

### सीएम1932 आधारित खतियान लागू करने को लेकर फीडबैक लेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत 17 जनवरी से कोडरमा से होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सीएम के कोडरमा आगमन को लेकर बागीटांड़ स्टेडियम में व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस दौरान सीएम सरकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे और आम लोगों को सरकार का विजन बतायेंगे। बागीटांड़ स्टेडियम में बड़े स्टेज के साथ-साथ एक पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जहां तकरीबन 10 हजार से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता होगी। वहीं, इस कार्यक्रम में तकरीबन 25 से 30 हजार लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है। खतियानी जोहार यात्रा को लेकर झामुमो के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। 17 जनवरी को कोडरमा में खतियानी जोहार यात्रा के बाद मुख्यमंत्री का काफिला 18 जनवरी को गिरिडीह, 23 जनवरी को सिमडेगा, 24 जनवरी को चाईबासा, 30 जनवरी को सरायकेला-खरसावां और 31 जनवरी को जमशेदपुर पहुंचेगा। सीएम इस दौरान 1932 आधारित खतियान लागू करने को लेकर फीडबैक लेंगे।

गौरतलब है कि 8 दिसंबर को गढ़वा से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खतियानी जोहार यात्रा के पहले चरण की शुरूआत की थी। इस खतियानी जोहार यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गढ़वा के साथ-साथ पलामू, गुमला, लोहरदगा, देवघर और गोड्डा जिलों का भ्रमण किया था। खतियानी जोहार यात्रा के जरिए मुख्यमंत्री लोगों से 1932 आधारित खतियान लागू करने को लेकर फीडबैक भी ले रहे हैं।

**मुख्यमंत्री खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण का कार्यक्रम**

17 जनवरी : कोडरमा
18 जनवरी : गिरिडीह
23 जनवरी : सिमडेगा
24 जनवरी : चाईबासा
30 जनवरी : सरायकेला-खरसावां
31 जनवरी : जमशेदपुर



## कल से राजभवन के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल

# एएनएम, जीएनएम संघ और झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ आज घेरेंगे सीएम आवास

### नियमित जबतक नहीं होंगे आंदोलन चलता रहेगा

### आंदोलन में स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मी फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम, जीएनएम और लैब टेक्नीशियन होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ एवं एएनएम/जीएनएम संघ के संयुक्त बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मी फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। यह जानकारी झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ ने प्रदेश महासचिव वीणा सिंह ने दी है। उनका कहना है कि सभी जिले के उपायुक्तों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इस बात की जानकारी दे दी गयी है। संघ का कहना है कि पारा मेडिकल नियमावली 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी पारा मेडिकल कर्मियों को वर्ष 2014 की तरह विभागीय समायोजन की प्रक्रिया अविलंब आरंभ करने की मांग की गयी थी। इसे पूरा नहीं होने पर सोमवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव और 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं राजभवन के पास धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई तो 24 जनवरी से आमरण अनशन करने का निर्णय भी लिया गया है। इसके बाद भी सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है तो करो या मरो के तर्ज पर आंदोलन चलता रहेगा ।

इस आंदोलन में झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, ऑल झारखंड पारा मेडिकल एसोसिएशन आदि संगठनों के द्वारा भी समर्थन मिला है। साथ ही अन्य संगठनों के द्वारा भी सहयोग मिल रहा है। बताते चलें कि 4 दिनों से उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए समाचार पत्रों में सरकार के द्वारा खबर चलाया जा रहा है कि अनुबंध कर्मी को स्थाई किया जाएगा परंतु यह आश्वासन सुनते सुनते 3 साल बीत चुका है। अब जब तक नियमितीकरण की राह प्रशस्त नहीं होगी, तब तक हम संघर्षरत रहेंगे। इस आंदोलन के दौरान जनता को जो परेशानियां होगी उसके लिए वे क्षमा प्रार्थी हैं परंतु इसके जिम्मेदार सिर्फ विभाग और सरकार है।

# कांके रोड में ₹4.40 करोड़ की लागत से खुलेगा पलाश मार्ट, मिलेगा बड़ा बाजार

### ग्रामीण विकास विभाग मार्ट खोलने के लिए कृषि विभाग साथ पूरी कर रहा कागजी कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पलाश ब्रांड का प्रचार करने और सखी मंडलों की सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए कांके रोड स्थित कृषि निदेशालय रांची स्थित परिसर के उत्तरी छोर में पलाश मार्ट का निर्माण कराया जाएगा। राज्य सरकार इसके निर्माण पर 4.40 करोड़ की राशि खर्च करेगी। ग्रामीण विकास विभाग योजना के क्रियान्वयन का जिम्मा ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल को दिया है। ग्रामीण विकास विभाग मार्ट खोलने के लिए कृषि विभाग साथ कागजी कार्रवाई कर रहा है, जल्द ही सारी कार्यवाही पूरी होते ही इस पर निविदा जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इस मार्ट के जरिये सखी मंडलों के उत्पादों की ब्रिकी करायी जायेगी। रिहायशी इलाका होने के कारण बड़ा बाजार भी उपलबध होगा।




### क्या है पलाश ब्रांड

पलाश ब्रांड झारखंडकी ग्रामीण महिलाओं द्वरा तैयार किए गये कृषि उत्पाद है। जिनको बाजार दिलाने के लिए सरकार प्रोत्साहित कर रही है,ताकि ग्रमीण महिलाओं की मेहनत सार्थक हो सके। वहीं, झारखंड की ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार की गयी उत्पादों का इस्तेमाल राज्य के सरकारी भवनों-कार्यालयों में भी किया जायेगा। पलाश ब्रांड के ऑनलाइन भी उपलब्ध है। इन मार्टो में सखी मंडल की महिला उद्यमियों द्वारा बनाये गये बिना पॉलिश किए चावल, दाल, रागी का आटा, सरसों का तेल, साबुन से लेकर अंचार, शहद, मसाला, मास्क, सैंनिटाजर, हैंडवॉश,चिप्स सहित 60 से अधिक उत्पाद हैं। इनमें मुख्य रूप से अरहर दाल, सरसों तेल,मडुआ आटा, मकई आटा, ढेकी चावल, इमली, चॉकलेट, लोबिया, त्रिफला, जामुन, सिरका, बीज पाउडर, लेमन ग्रास, कालमेष पत्ता इत्यादि।

# झारखंड में जेडीयू के नये प्रभारी अशोक चौधरी आज आयेंगे रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में जेडीयू अपना पांव पसारने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। इसी को देखते हुए सोमवार को झारखंड जेडीयू के नए प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी रांची पहुंच रहे हैं। इस संबंध में झारखंड जेडीयू के मुख्यालय प्रभारी सह वरिष्ठ नेता सरवन कुमार ने बताया कि 16 जनवरी को प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी पटना से रांची आएंगे। रांची पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर जेडीयू के कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे।

**राज्य में पार्टी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करेंगे अशोक चौधरीः** श्रवन कुमार ने बताया कि रांची पहुंचने के बाद अशोक चौधरी पार्टी के मुख्य नेताओं से पार्टी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करेंगे। जानकारी लेने के बाद प्रभारी कार्यकर्ताओं और मुख्य नेताओं को महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी देंगे। झारखंड जेडीयू के प्रभारी अशोक चौधरी दो दिनों तक रांची में प्रवास करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद 17 जनवरी को पत्रकारों से मिलकर वह अपनी बात रखेंगे। पार्टी के नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो, वरिष्ठ नेता सह मुख्य प्रवक्ता श्रवण कुमार के अलावा राज्य भर से आए जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहेंगे। इस दौरान सभी नेता क्षेत्र की समस्या को प्रभारी के साथ साझा करेंगे।

### झारखंड में पार्टी का ताकत बढ़ाने का टिप्स देंगे प्रदेश प्रभारी



बता दें कि बिहार में जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला रही है। इसी समीकरण को देखते हुए झारखंड में भी वह सरकार में शामिल होने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पूर्व में जनता दल यूनाइटेड झारखंड के कई विधानसभा सीटों पर अपनी जीत हासिल कर चुकी है, इसलिए जनता दल यूनाइटेड के नेताओं को उम्मीद है यदि उनके कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर मेहनत करें तो वह फिर से अपनी खोई हुई ताकत पा सकते हैं। झारखंड में अपनी खोए हुए अस्तित्व को वापस लाने के लिए जनता दल यूनाइटेड के सर्वमान्य नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को राज्यसभा सांसद बनाया, जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना रहा।

## केरल विधानसभा के स्पीकर ए एन शमशीर ने कहा

# सदन में प्रश्न काल बाधित करना जनता के साथ दगाबाजी

उदय चौहान, केरल से लौटकर

**रांची।** केरल विधानसभा के स्पीकर ए एन शमशीर ने कहा कि प्रश्नकाल को बाधित करने वाले विधायक आम जनता के साथ धोखा करते हैं। श्री शमशीर ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान निकालने की बजाय हंगामा करना संविधान की मूल भावना के विपरीत है। दरअसल, केरल विधानसभा के 24वें स्पीकर श्री शमशीर खबर मन्त्र के साथ विशेष बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केरल विधानसभा में हंगामे के बावजूद प्रश्न काल को अच्छे से संचालित किया जाता है। प्रश्न काल में सभी विधायक सवाल पूछते हैं और उन्हें सरकार की ओर से अपेक्षित जवाब दिया जाता है। 50 वर्षीय शमशीर 2016 से थालासोरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह पिछले 2020 से स्पीकर का पद संभाल रहे हैं।



स्पीकर ने आगामी बजट सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उच्चस्तरीय बैठक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विधायकों के सवाल का जवाब स्पष्ट रूप में दिया जाना चाहिये। राज्य सरकार के अधिकारियों को विधेयकों को बारीकी से जांच करके ही विधानसभा के पटल पर रखने की आवश्यकता बतायी। यह भी कहा कि सदन के हर मिनट का सदुपयोग किया जाना चाहिये। जनता के गाढ़ी कमाई से सदन संचालित होता है। इसे हंगामे या शोर-गुल में बर्बाद नहीं किया जाना चाहिये। वैश्विक महामारी कोविड के मद्देनजर आवश्यक ऐहतियात बरतने पर जोर दिया।

*केरल में मुख्यमंत्री प्रश्न काल नहीं होता,बावजूद विधायकों के सवालों का मुख्यमंत्री सीधा जवाब देते हैं...*

राज्यों के सदन की बैठक का पहला घंटा प्रश्नों के लिए होता है और इसे प्रश्नकाल कहा जाता है। हालांकि, केरल में मुख्यमंत्री प्रश्न काल नहीं होता है। बावजूद इसके विधायकों के सवालों का मुख्यमंत्री सीधा जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान सदस्य प्रशासन और सरकार के कार्यकलापों के प्रत्येक पहलू पर सवाल पूछ सकते हैं। चूंकि सदस्य प्रश्नकाल के दौरान प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करते हैं इसलिए, राज्य और राष्ट्रीय परिदृश्यों संबंधी सरकारी नीतियों पर पूरा ध्यान केन्द्रित होता है। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान सरकार को कसौटी पर परखा जाता है। प्रत्येक मंत्री, जिसकी प्रश्नों का उत्तर देने की बारी होती है, को खड़े होकर अपने अथवा अपने प्रशासनिक कृत्यों में भूल चूक के संबंध में उत्तर देना होता है। प्रश्नकाल के माध्यम से सरकार राष्ट्र की नब्ज को तुरंत पहचान लेती है और तदनुसार अपनी नीतियों और कृत्यों को उसके अनुरूप ढाल लेती है। कई बार जब उठाया गया मामला इतना गंभीर हो कि वह लोगों के दिमाग को आंदोलित कर दे और वह व्यापक लोक महत्व का हो तो प्रश्नों के माध्यम से किसी आयोग की नियुक्ति, न्यायालयी जांच अथवा कोई विधान भी बनाना पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि तारांकित प्रश्न के माध्यम से सदस्य सभा में मौखिक उत्तर चाहता है। जब प्रश्न का उत्तर मौखिक होता है तो उस पर अनुपूरक प्रश्न पूछे जा सकते हैं। मौखिक उत्तर के लिए एक दिन में केवल 20 प्रश्नों को सूचीबद्ध किया जा सकता है। अतारांकित प्रश्न के माध्यम से मौखिक उत्तर नहीं मांगा जाता है। जिस पर कोई अनुपूरक प्रश्न नहीं पूछा जा सकता है। ऐसे प्रश्न का लिखित उत्तर प्रश्न काल के बाद जिस मंत्री से वह प्रश्न पूछा जाता है। उसके द्वारा सभा पटल पर रखा गया मान लिया जाता है। इसे सभा की उस दिन के अधिकृत कार्यवाही वृत्तांत छापा जाता है। लिखित उत्तर के लिए एक दिन में केवल 230 प्रश्नों को सूचीबद्ध किया जा सकता है। अल्प सूचना प्रश्न के लोक महत्व से संबंधित होता है और जिसे एक सामान्य प्रश्न हेतु विनिर्दिष्ट सूचनावधि से कम अवधि के भीतर पूछा जा सकता है। उन्होंने कहा कि केरल विधानसभा कार्य संचालन नियमावली के अंतर्गत सदन की कार्यवाही का संचालन होता है।

# फूट डालो, राज करो नीति पर चल रही है भाजपा : जगरनाथ

## अगले चुनाव में उसका खाता भी नहीं खुलेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पारसनाथ पर्यटन स्थल नहीं बल्कि धार्मिक स्थल है। पारसनाथ मुद्दे पर साजिश के तहत भाजपा विवाद पैदा कर रही है। पारसनाथ के मुद्दे पर भाजपा की साजिश फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है। भाजपा पर आरोप लगाते हुए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने बोकारों में ये बात कही। मंत्री ने कहा कि पारसनाथ सभी के लिए है, हजारों वर्षों से दोनों समुदाय के लोग अपने अपने तरीके से पूजा पाठ करते आ रहे हैं।

**पारसनाथ सबका है :** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि पारसनाथ सबका है। उन्होंने इस मुद्दे पर चल रहे विवाद को भाजपा द्वारा हवा देने और विवादित कर कठघरे में खड़ा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के द्वारा खड़ा किया गया विवाद है। वह चंद्रपुरा स्थित भंडारीदह पर अपने आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत यह काम किया जा रहा है। पारसनाथ सभी का है, वर्षों से जैन धर्मावलंबी और वहां के स्थानीय आदिवासियों के द्वारा अपने अपने तरीके से पूजा-पाठ की जा रही है। पारसनाथ पर्यटन स्थल नहीं बल्कि धार्मिक स्थल है।

खाता भी नहीं खुलेगा मंत्री ने दावा किया कि आने वाले चुनाव में भाजपा का किसी इलाके में खाता भी नहीं खुलेगा। साल 2024 चुनाव के मद्देनजर कहा कि भाजपा ने इस 22 साल में राज्य के लिए एक भी जनहित का काम नहीं किया। ना ही यहां के नौजवानों के लिए कुछ किया। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा के लोग टाउनशिप के अलावा किसी भी गांव में खाता नहीं खोल पायेंगे।

### चर्चों में तोड़फोड़ और धर्मांतरण के झूठे अरोप में प्रताड़ित करने का किया विरोध

# मसीहियों ने निकाली विरोध महारैली

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए ) के नेतृत्व में रविवार को जीईएल चर्च कैंपस स्थित जीटीसी के सामने के ग्राउंड से झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के सभी मसीही समुदाय के लोगों ने छत्तीसगढ़ एवं झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों मे ईसाई समुदाय को चिन्हित कर चर्चों में तोड़फोड़ करने व मसीही समुदाय के लोगो को प्रताड़ित करने के विरोध महारैली निकाली।

जीईएल चर्च कंपाउंड से निकलकर मसीही समुदाय के युवक-युवतियां, छात्र-छात्राएं, महिला पुरुष, फादर्स सिस्टर्स व बच्चे बच्चियों की यह विरोध महारैली कतारबद्ध होकर विरोध में नारे लगाते हुए मेन रोड, अलबर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, कचहरी चौक होते हुए मोराबादी मैदान तक गये। विरोध महारैली में शामिल मसीही समुदाय के लोग नारे लगा रहे थे- देश को संविधान से चलने दो, धर्म के नाम पर देश को बांटना बंद करो, ईसाई समुदाय को सरकार सुरक्षा प्रदान करे ताकि समुदाय अमन चैन के साथ यीशू की आराधना कर सके।

जेसीवाईए के कार्यकारी अध्यक्ष अलविन लकड़ा ने बताया कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। देशवासियों को संविधान के आर्टिकल 25 के तहत धार्मिक जीवन यापन करने का अधिकार प्राप्त है। धर्म की शिक्षा प्रचार प्रसार करने का अधिकार भी मिला है लेकिर वर्तमान में ईसाई समुदाय पर धर्म परिवर्तन कराने का झूठा आरोप लगाकर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है और चर्चों में तोड़ फोड़ किया जा रहा है। इस तरह ईसाई समुदाय पर धर्म परिवर्तन के नाम पर हमला और प्रताड़ना निंदनीय है। यह विरोध महारैली उसी के खिलाफ है। उसी के आलोक में जेसीवाईए तमाम मसीहियो से एकजुट हो का आह्वान करती है ताकि आने वाले कठिन समय में हम हर परिस्थिति का सामना कर सके।

जेसीवाईए के मुख्य संरक्षक सुजीत कुजूर ने कहा कि जबसे देश में भाजपा की सरकार आयी है मसीही लोगों को, हमारे धर्मनिरपेक्ष देश को धर्म व मजहब के नाम पर बांटकर लड़ाई, दंगे कराकर वोट की गंदी राजनीति कर रहे हैं और देश को अशांत करने का काम कर रहे है। ईसाई समुदाय को टारगेट कर प्रताड़ित किया जा रहा है जो समाज अपने शांति, आपसी मेलमिलाप, सेवा, शिक्षा और देश की उन्नति में कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।

जेसीवाईए के पास्टर विंग के अध्यक्ष पास्टर सुजीत तिग्गा ने कहा कि ईसाई समुदाय को देश में अमन, चैन से रहने का अधिकार है। विरोध महारैली में खूंटी, तोरपा, सिमडेगा, गुमला, लोहरदाग, लातेहार, चंदवा, जमशेदपुर, हजारीबाग व रांची के मसीही समुदाय के लोग शामिल हुए। जिनमें जेसीवाईए के कुलदीप तिर्की, विकास तिर्की, पास्टर दुर्गा नायक, पास्टर युसूफ दास, पास्टर कृष्णा महतो, पास्टर प्रदीप, पास्टर विमल जोन खेस, जीडी विक्रांत, महुआ माजी, मिहिर टोपनो, सतीश पाल मुंजनी, बिशप फेलिक्स टोप्पो, बिशप थियोडोर मसकरेन्हस, बिशप निस्तार कुजूर, बिशप सीमांत एस तिर्की आदि शामिल थे।

# मकर संक्रांति पर रिम्स में 1400 मरीजों को परोसा गया तिलकुट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रिम्स में मरीजों को डाइट देने की जिम्मेवारी जाना इंटरप्राइजेज को टेंडर के माध्यम से दी गई है। यह एजेंसी त्योहारों और नेशनल फेस्टिवल पर मरीजों को कुछ स्पेशल देने का काम करती है। इसी के तहत मकर संक्रांति के मौके पर हॉस्पिटल में इलाजरत मरीजों को नास्ते में इडली-सांभर, केला-सेब और अंडा के साथ तिलकुट परोसा गया। सुबह नास्ते में तिलकुट मिलने से मरीज और उनके परिजन भी खुश नजर आए। किचन मैनेजर फैसल खान ने बताया कि हॉस्पिटल में फिलहाल 1400 मरीज एडमिट हैं। उनकी एजेंसी चाहती है कि मरीज और उनके परिजन किसी न किसी परेशानी की वजह से ही घर से बाहर हैं। ऐसे में उन्हें त्योहारों के बारे में उसे पता नहीं चल पाता है।

### बाबा विद्यापति स्मारक समिति का दही-चूड़ा कार्यक्रम

# पारसनाथ पर आदिवासियों और जैन समाज दोनों का अधिकार : सीपी सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मकर संक्रांति के मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह बाबा विद्यापति स्मारक की ओर से आयोजित दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह त्योहार राज्यवासियों के लिए खुशियों से भरपूर हो। यह कामना करता हूं कि सब लोग मिलजुलकर झारखंड में रहें। उन्होंने पारसनाथ विवाद को लेकर कहा कि यह विवाद पैदा किया गया है। पारसनाथ पर आदिवासी समाज का भी अधिकार है, और जैन समाज का भी। दोनों पूजा पाठ करें कोई विवाद नहीं होना चाहिए। कोसी सीमावर्ती मिथिलांचल वित्त मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने कहा कि मिथिलांचल का यह महान पर्व है, जिसे हम लोग तिला संक्रांति भी कहते हैं। जयंत झा ने कहा कि भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। हम लोग अब शुभ कार्य कर पाएंगे। मौके पर भीम प्रभाकर समेत लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### केंद्रीय मंत्री पशुपति नाथ 19 को आयेंगे रांची

**रांची।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति नाथ पारस 19 जनवरी को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचेंगे। 20 जनवरी को केंद्रीय मंत्री सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड के सभागार में भारत सरकार की ओर से 75 हजार युवकों में से झारखंड के चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र देंगे। 19 जनवरी को वे राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकताओं के साथ होटल रेडिसन ब्लू में संबोधित करेंगे।

### बैंकों की हड़ताल 30-31 जनवरी को

**रांची।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने लंबित मांगें पूरी नहीं होने के विरोध में 30-31 जनवरी को बैंकों की हड़ताल बुलाई है। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डीएन त्रिवेदी ने बताया कि पांच दिवसीय बैंकिंग, पेंशन अपडेशन, एनपीएस के बदले पुरानी पेंशन लागू करने, वेतन पुनरीक्षण और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती की मांगों के चार्टर पर तत्काल बातचीत शामिल हैं। वहीं, चौथे शनिवार और 29 को रविवारीय अवकाश होने के कारण 30-31 जनवरी की हड़ताल से इस माह के अंत में चार दिन बैंक बंद रहेंगे।

# धनबाद के झरिया में बढ़ते प्रदूषण पर पर्यावरण मंत्रालय ने बोर्ड और बीसीसीएल से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/धनबाद।** धनबाद जिले के झरिया में बढ़ते प्रदूषण पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने झारखंड प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के सचिव और बीसीसीएल सीएमडी से जवाब तलब किया है। साथ ही इलाके में प्रदूषण की बढ़ती समस्या की जांच कर समाधान के लिए शीघ्र कदम उठाने को भी कहा है। मंत्रालय ने यह पहल सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद के पत्र के आलोक में की है। अखलाक अहमद ने बताया कि उन्होंने बीते दिनों दिल्ली जाकर तीन दिन तक जंतर मंतर और इंडिया गेट के समीप हाथों में तख्ती लेकर झरिया में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ मुहिम शुरू की थी। उसके बाद पिछले 27 अक्टूबर को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को पत्र लिखकर झरिया में प्रदूषण की वास्तविकता से अवगत कराया था।

झरिया के कतरास मोड़ निवासी अखलाक अहमद ने केंद्रीय मंत्रालय को लिखे पत्र में 2019 में एक एजेंसी की सर्वे रिपोर्ट का हवाला देते हुए झरिया पर देश का सबसे प्रदूषित शहर होने का लगा धब्बा से लेकर कागजों पर बनी प्रदूषण की रोकथाम की योजनाओं की सच्चाई और आउटसोर्सिंग उत्खनन कंपनियों द्वारा डीजीएमएस और संबंधित विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमाने तरीके से किये जा रहे उत्खनन की विस्तृत जानकारी दी थी।

उल्लेखनीय है कि अखलाक अहमद यूथ कॉन्सेप्ट संस्था के माध्यम से पिछले कई वर्षों से झरिया में बढ़ते प्रदूषण के स्तर और उससे उत्पन्न समस्या को लेकर लगातार मुखर रहे हैं।

# बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता आज



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा से पूर्व रांची में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सांसद संजय सेठ के द्वारा किया गया है ताकि, विद्यार्थी उत्सवपूर्ण और हल्के माहौल में अपनी परीक्षाएं दे सकें। यह पेंटिंग प्रतियोगिता सोमवार को साढ़े नौ बजे से पीपी कंपाउड स्थित गुरूनानक स्कूल में होगा। इस प्रतियोगिता में रांची के सभी स्कूल के लगभग 1500 छात्र-छात्राएं 9 से 12 कक्षा के शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे सर्टिफिकेट का वितरण किया जायेगा।

# विद्यासागर पूजा क्लब सरस्वती पूजा समिति इस वर्ष भव्य रुप से मनायेगी सरस्वती पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** वसंत पंचमी के अवसर पर विद्यासागर पूजा क्लब सरस्वती पूजा समिति ने रविवार को बैठक कर भव्य रुप से मां सरस्वती की पूजा करने का निर्णय लिया है। इस निमित्त एक बैठक कैलाश बाबू स्ट्रीट नियर टैक्सी स्टैंड स्थित जगरनाथ अपार्टमेंट में राजकुमार चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें पूजा कमेटी का मदर विंग महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष विकास कुमार, कोषाध्यक्ष सनी सॉन्ग, संगठन सचिव कौशल साहू, सचिव उत्कर्ष तिवारी, उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव को बनाया गया। वहीं महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला देवी, कार्यकारिणी अध्यक्ष पल्लवी प्रसाद, सचिव सोनी कुमारी, महामंत्री प्रीति देवी, मंत्री सेजल कुमारी, साक्षी कुमारी, महासचिव सुधा देवी, सह सचिव अंजली देवी, उपाध्यक्ष नीतू देवी, तारा देवी, रचना देवी, रिंकी देवी, प्रिया कुमारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिमान कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष आदित्य सिंह, उपाध्यक्ष कार्तिक रजक, मंत्री आर्यन रजक, पीयूष सिंह, राज डे, अक्षत सोनी को चुना गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से लालजी रमन संरक्षक सह व्यवस्थापक, विक्रम सिंह संरक्षक सह प्रबंधक, शिवम कुमार, पिंटू दुबे, आशीष तिवारी, विश्वरूप डे, अजय प्रसाद, बसंत सिंह, मनोज मिश्रा, मुनेश सोनी, प्रदीप साहू, प्रेमचंद गुप्ता, संजय टोप्पो मौजूद थे। पूजा को भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए 101 कलश स्थापना एवं 300 महिलाओं को वस्त्र वितरण किया जायेगा। 14 फीट की बड़ी प्रतिमा का स्थापना की जायेगी। 26 जनवरी से पूजा प्रारंभ होगी। 27 जनवरी को पेंटिंग प्रतियोगिता 28 जनवरी को महा आरती एवं भंडारा। वहीं 29 जनवरी को महाभोग वितरण एवं कलश विसर्जन शोभायात्रा में महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर प्रतिमा के साथ कलश विसर्जन शोभायात्रा निकालकर निर्धारित मार्ग से होते हुए बड़ा तालाब में विसर्जन करने के लिए जायेंगी।

### ऑनलाइन बैठक कर मंत्री और विधायकों को अनुरोध पत्र सौंपने का निर्णय


# सहायक प्राध्यापक की सेवा स्थायीकरण और पूर्ण वेतनमान देने की संघ की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकारी अंगीभूत महाविद्यालय बीएड शिक्षक संघ की रविवार को आपातकालीन ऑनलाइन बैठक आयोजित हुई। इसमें राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा सरकार के आदेश से सत्र 2005 - 06 से स्ववित्त पोषित योजना अंतर्गत संचालित बीएड कोर्स में कार्यरत सभी सहायक प्राध्यापक ने भी सेवा स्थायीकरण और पूर्ण वेतनमान देने की मांग राज्य सरकार से की है। संघ के सभी शिक्षकों ने एक मत से कहा कि वे सभी अपने जीवन का बहुमूल्य योगदान न केवल बीएड कोर्स को झारखण्ड राज्य के अंगीभूत सरकारी कॉलेजों में उसे प्रारंभ करने में दिया है, बल्कि हम सभी के प्रयास से ही बीएड जैसे शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का विकास और नियमित संचालन किया जा रहा है। यही कारण है कि अनेकों झारखण्ड प्रदेश के मूलवासी छात्र सरकारी शिक्षक बनकर अपना भविष्य उज्वल बनाते हुए राज्य का नाम भी रौशन कर रहे हैं लेकिन लगभग 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी कुल 22 सरकारी अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित बीएड कोर्स के सहायक प्राध्यापक छात्रों के द्वारा देय शुल्क से मिलने वाले मानदेय पर ही जीवन यापन को विवश है।

पूर्व की सरकारों से सेवा नियमित कर वेतनमान देने का आग्रह अनेकों बार किया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार चुनाव पूर्व दिए गए वादे से सरकारी अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत बीएड शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी थी कि माननीय हेमंत सोरेन की सरकार में सभी अनुबंध कर्मियों को नियमित कर दिया जायेगा। लेकिन अनुबध कर्मियों के सेवा नियमितीकरण की सूची में 17 वर्षो से कार्यरत बीएड शिक्षकों के सेवा नियमितीकरण का जिक्र नहीं होने से सभी बीएड सहायक प्राध्यापक मायूस हो गए। आपातकालीन ऑनलाइन बैठक कर यह निर्णय लिया कि तत्काल संबंधित सरकार के सभी अधिकारियों को इससे अवगत कराने को ज्ञापन दिया जाये और सभी संबंधित विभागों के मंत्रियों, विधायकों से सेवा स्थायीकरण की अनुशंसा करने के लिए अनुरोध पत्र सौंपा जाये।

इस ऑनलाइन बैठक में रांची विश्वविद्यालय से डॉ.दीपक प्रसाद, रिमझिम तिर्की, डॉ मंजू कुमारी, प्रो.सुजाता मजूमदार, डॉ. सचिन कुमार, डीएसपीएमयू से डॉ. अरविन्द कुमार मौर्या, विभावि हजारीबाग से डॉ. शमशाद आलम , डॉ.अनिमा लकड़ा, नंद किशोर सिंह, डॉ. अरुणिमा सिंह, प्रो.अभय दास, डॉ. पंकज कुमार, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद से डॉ. विजय कुमार विश्वकर्मा, डॉ. राकेश कुमार, प्रो कल्याणी कुमारी, डॉ धर्मेन्द्र कुमार वर्मा सिद्धों कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका से प्रो. महबूब आलम, प्रो. बासुकी नाथ झा, डॉ.मनोहर कुमार, प्रो. हिमांशु शेखर महाकुर, डॉ.अभय सिंह, प्रो. उमा सिंह कोल्हान विश्वविद्यालय से प्रो. गोपाल दास, डॉ. इरशाद खान,प्रो.जोशी किंडो, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय से डॉ. सुरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों बीएड के अनुबंध पर कार्यरत सहायक प्राध्यापक शामिल थे।




### 6 खेलों के लिए खिलाड़ियों को मिलेंगे कुल 612 पदक

# सांसद खेल महोत्सव का ब्रोशर और आवेदन फॉर्म लॉन्च हुआ

**अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार ही संपन्न होंगे सारे खेल**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि 17, 18 और 19 फरवरी को खेलगांव में सांसद खेल महोत्सव होना है। श्री सेठ रविवार को खेल महोत्सव के ब्रोशर और आवेदन फॉर्म की लॉचिंग माहेश्वरी भवन में कर रहे थे। इस अवसर पर ओलंपियन रीना कुमारी, सांसद संजय सेठ, संयोजक अजय मारू, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक मौजूद थे। सांसद श्री सेठ ने कहा कि यह आयोजन भव्य और ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच है कि हमारे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध हो सके। ऐसी प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही खेल महोत्सव किया जा रहा है। इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में स्थित सांसद समाधान केंद्रों में भी यह फॉर्म उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त अरगोड़ा स्थिति सांसद केंद्रीय कार्यालय और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों से संपर्क करके भी फॉर्म लिया जा सकता है। इस महोत्सव के लिए न्यूनतम 2000 खिलाड़ियों का लक्ष्य रखा गया है।

ओलंपियन रीना ने कहा कि यह महोत्सव रांची के खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। ऐसी प्रतिभाएं, जिन्हें मंच उपलब्ध नहीं हो पाता या वे संबंधित स्थानों तक नहीं पहुंच पाती, उन्हें सामने लाने की दिशा में यह सराहनीय पहल है। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने बताया कि महोत्सव में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, वुशु, कबड्डी, बैडमिंटन और योगासन को शामिल किया गया है। सभी खेल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार होंगे। कुल 612 पदकों के लिए यह खेल होगा। इसके अतिरिक्त सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। श्री पाठक ने बताया कि तीन दिवसीय खेल महोत्सव में आवेदन की अंतिम तिथि 5 फरवरी निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवेंद्र दुबे, संजय सिंह, एसडी सिंह, पूनम आनंद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## आज का राशिफल 16-01-2023

मेष : दिन आपके लिए खास है। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी पैदा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिश्रम करने के बाद ही आपके कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है।

वृषभ : खानपान पर भी विशेष नियंत्रण रखें। कला और साहित्य में भी आपकी रुचि बढ़ेगी तो इससे आपकी मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

मिथुन : सुबह से ही आपका मन अच?छा रहेगा। आपके सोचे हुए सभी कार्य पूर्ण होंगे। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी।

कर्क : व्यवसाय व राजनीतिक के क्षेत्र में प्रगति होने की स्थिति बन रही है। फालतू खर्चों में कटौती करें। आगे चलकर नुकसान उठाना पड़ सकता है। कला-क्रीड़ा और साहित्य के क्षेत्र में आ रही बाधा दूर हो सकती हैं। पुत्र और पुत्री के लिए भी विवाह के रिश्ते आ सकते हैं।

सिंह : कल परिवार में कुछ खटपट रहेगी। साहस व धैर्य से काम लें नहीं तो जल्दी में कोई नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में प्रगति की संभावनाएं हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। उधार वापस मिलने के योग हैं। आपका रुका पैसा वापस आ सकता है।

कन्या : विद्यार्थियों को निरन्तर परिश्रम करने की आवश्यकता है। परिवार में आपस में संपत्ति को लेकर कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है। शाम के समय व्यापार में आपको कुछ धन प्राप्त होने की आशा बंधेगी।

तुला : दिन आपके लिए शुभ है। थोड़ा मानसिक तनाव हो सकता है। न्यायिक मामलों में विजय होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा।

वृश्चिक : व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। ऑफिस में कोई पितृतुल्य व्यक्ति आपकी मदद करेगा कोई पुरानी समस?याओं का समाधान हो जाएगा। परिवार में सब कुछ समभाव रहेगा।

धनु : कल का दिन आपके लिए शुभ है। नए-नए खर्चे निकलकर आपके सामने आ सकते हैं। खर्चों की वजह से आपका बजट भी खराब हो सकता है।

मकर : राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा। गलत आय को अस्वीकार कर दें नहीं तो

कुंभ : दिन आपको विशेष रूप से सावधान रहने की जरूरत है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आपको किसी से कर्ज भी लेना पड़ सकता है।

मीन : समय अनुकूल है। अपने प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम और आदर की भावना बढ़ेगी। इच्छित कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त हो जाएगा।

# साहिबगंज के मोबाइल चोर रांची में सक्रिय

## राजधानी के पंडरा इलाके में रहकर देते हैं घटना को अंजाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में नाबालिग मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब डेली मार्केट थाना पुलिस ने एक नाबालिग मोबाइल चोर को पकड़ा। पुलिस के हत्थे चढ़े नाबालिग ने पुलिस को बताया कि सूरज, चंदन और अन्य लोगों के द्वारा मोबाइल चोरी की ट्रेनिंग दी जाती है। उसने बताया कि साहिबगंज के तीनपहाड़ राजमहल में मोबाइल चोरी की ट्रेनिंग के बाद वनांचल ट्रेन से रांची लाया जाता है। एक नाबालिग रोज आधा दर्जन मोबाइल चोरी करता है। 1500-2000 हजार रुपये पर दे दिया जाता है।

गिरोह में साहिबगंज जिले के तीनपहाड़, तालझारी, महाराजपुर, बंगाल के वर्धमान जिले के बरनपुर, हीरापुर और असनसोल के लोग शामिल है। सभी आरोपी रांची के विभिन्न इलाके में मोबाइल चोरी करते है। रात को पंडरा स्थित किराये के मकान में रहते है। अधिक संख्या में मोबाइल जमा होने पर बॉस लेकर साहिबगंज चला जाता है। चारो के सरगाना द्वारा चोरी के मोबाइल का कंपनी वार हिसाब रखा जाता था, जिसमें लाखो रुपये के मोबाइल उड़ाने की जानकारी पुलिस को मिली है।

**डेली मार्केट फल बाजार में चोरी करने पहुंचे थे नाबालिग :** पुलिस को सूचना मिली थी कि डेलीमार्केट फल बाजार में कुछ अज्ञात मोबाइल चोर धूम-घूमकर मोबाइल चोरी कर रहा है। इसी सूचना पर पहुंची पुलिस को देख चार-पांच लोग भागने लगे, पुलिस खदेड़ कर एक नाबालिग चोर को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से पांच मोबाइल फोन मिले। नाबालिग चोर की निशानदेही पर पंडरा ओपी के फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित केदार साव के मकान से तीन नाबालिग चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की पूछताछ में बताया कि एक सप्ताह पहले गोविंद नोनिया, सुधीर गोस्वामी, संतोष कुमार महतो, राकेश कुमार, रितिक कुमार, सूरज कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य गिरफ्तार चोर जो नाबालिग हैं रांची पहुंचे थे। हालांकि सभी बालिग आरोपी फरार हो गए हैं। पुलिस को आरोपियों के पास से चोरी के तीन दर्जन मोबाइल मिले हैं।



**पुलिस के हत्थे पहले भी चढ़े हैं चारों नाबालिग :** मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस के हत्थे चढ़े नाबालिग पहले भी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं, सभी नाबालिग आदतन चोर हैं. उनमें से एक लड़का जो 13 साल का है वो मोबाइल चोरी के केस में 34 महीने तक सुधार गृह में रह चुका है. बिहार के बक्सर टाउन थाना पुलिस ने उसे चोरी के केस में वर्ष 2020 में सुधार गृह भेजा था।
वहीं, एक 17 वर्षीय किशोर बक्सर टाउन थाना से वर्ष 2021 में मोबाइल चोरी के केस में तीन माह तक बाल सुधार गृह में रहा था। उनमें एक लड़के की उम्र महज 11 वर्ष है उसे भागलपुर जीरो माइल थाना पुलिस ने वर्ष 2022 में मोबाइल चोरी के केस में सुधार गृह भेजा था, जहां वो 11 दिन तक रहा था।

# राजधानी रांची में आइएक्स इलेक्ट्रिक कार लांच




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टाइटेनियम ऑटो ने एक शानदार रंगारंग कार्यक्रम में अपनी इलेक्ट्रिक कार लांच की। इस कार्यक्रम में रांची के अलावा जमशेदपुर, पटना, गया, धनबाद व कोलकाता के ग्राहको ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। टाइटेनियम ऑटो के जीएम रोशन कुमार ने बताया कि बीएमडब्ल्यू आइएक्स इलेक्ट्रिक कार चार बॉडी कलर में आती है। इस कार की एक चार्ज में 425 किलोमीटर की रेंज है। इसके साथ 8 साल की बैटरी वारंटी है। यह कार कई लेटेस्ट तकनीक के साथ आती है।

जीएम रोशन कुमार ने बताया कि अभी उनके पास तीन बीएमडब्ल्यू आइएक्स कार की बुकिंग है। इसमें पहली कार की डिलीवरी अगले मंथ में करंगे। कुछ और बुकिंग्स जल्द ही मिलने वाली है। उन्होंने कार के बारे में बताया कि यह कार लेटेस्ट कनेक्ट ड्राइव व मोबाइल ड्राइव जैसी फीचर्स के साथ है। इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

# बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में खेल का महत्वपूर्ण योगदान : रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदर्श विद्या मंदिर के तत्वावधान में बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में रविववार को वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव थे। वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण लंबे अंतराल के बाद विद्यालय ने खेल समारोह का आयोजन किया था, जो रोमांच और ऊर्जा से भरपूर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री उरांव द्वारा बैलून उड़ाने के साथ हुई। प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यालय का ध्वज फहराया।

खेल प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा के अनुरूप किया गया था। नर्सरी की कक्षा के लिए चॉकलेट और बिस्कुट रेस का आयोजन हुआ। कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए फ्रॉग रेस आदि प्रतियोगिताएं थीं। बच्चों ने थ्रेड एवं नीडल रेस में भाग लिया। लंबी दौड़ का भी आयोजन हुआ। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी में सृष्टि, खुशी, हार्दिक, कृतिका, परी, शिवम आदि विजेता रहे। कक्षा 1 से कक्षा 10 तक में रोशनी, अनुप्रिया, आकांक्षा, सोनम, शालिनी, राखी, आकृति, आरती, आदित्य, अंकित, रोशन, पूजा आदि ने जीत हासिल की। वार्षिक खेल समारोह का विजेता सुभाष हाउस रहा।



कार्यक्रम के मध्य में बच्चों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामेश्वर उरांव ने कहा कि खेल मनोरंजन के लिए नहीं खेला जाता, यह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि न केवल जीतने वाले, बल्कि भाग लेने वाले सभी बच्चों को समान रूप से पुरस्कृत करना चाहिए, जिससे उनका मनोबल बढ़ा रहे। कोई भी बच्चा हारा हुआ नहीं महसूस करे, वह आने वाले समय में दोगुने उत्साह से प्रतियोगिताओं में भाग ले। मुख्य सचिव सुरेश प्रसाद ने कहा कि खेल का एकमात्र उद्देश्य बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हुए उनके मानसिक विकास पर जोर देना होना चाहिए। मनोज कुमार ने कहा कि खेल प्रत्येक छात्र के करियर और जीवन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल अनुशासन पर फोकस करते हुए समर्पण, कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता व टीमवर्क सिखाता है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन मनीष मिसाल ने किया।

## मकर संक्रांति पर अनाथ बच्चों को कराया गया भोजन

**रांची।** एनएचएचसी के सदस्यों ने मकर संक्रांति पर निवारणपुर अनाथ आश्रम के बच्चों को भोजन दिया। इस मौके पर दही, चूड़ा, तिलकुट और पतंग का भी वितरण किया गया। इस दौरान संस्थान ने अनाथ बच्चों को भोजन कराया। मौके पर संस्थान के संस्थापक सिद्धाथ ने कहा कि हर नागरिक को अनाथ बच्चों के साथ सब पर्व मनाना चाहिये। अनाथ बच्चों को भोजन कराना चाहिए। पर्व त्योहार में इन बच्चों को खुशी देना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उनहोने कहा कि निवारणपुर अनाथ आश्रम के बच्चों को संस्थान की और से हमेशा मदद दी जायेगी। मौके पर सभी सदस्यों नें बच्चों को भोजन करने के बाद उनके साथ समय बिताया। कहा कि गरीब बच्चे भी समाज के अंग है। यह जानकरी मिडिया प्रभारी नमन भारतीय ने दी है।

## खबर एक नजर में

### श्री शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष बने रमेश सिंह

**रांची।** रविवार को श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति की आवश्यक बैठक इंद्रपुरी के कृष्ण नगर कॉलोनी के तत्वधान में रमेश सिंह के आवास में संपन्न हुई। इसमे समिति के तमाम सदस्यों ने सर्वसम्मति से रमेश सिंह को श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति की अध्यक्षता चुना। साथ ही, भाजपा के राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश को समिति के वरीय मुख्य संरक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। मालूम हो कि शिवरात्रि के अवसर पर रातू रोड से मेन रोड तक शिव बारात निकाली जायेगी।

### एलसीआइएफ वीक के तहत लायंस क्लब ने किया रांची गुरुद्वारा में लंगर का आयोजन



**रांची।** लायन क्लब ऑफ रांची के द्वारा एलसीआईएफ वीक के अंतर्गत तीसरे दिन स्वर्गीय माता सीता देवी बंका की स्मृति में लायन दिलीप बंका एवं परिवार की ओर से रांची गुरूद्वारा मेन रोड में लंगर का आयोजन किया गया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 270 जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन करवाने की व्यवस्था की गई। इस पुनीत कार्य में लायन सिद्धार्थ मजुमदार,शुभ्रा मजुमदार ,दिलीप बंका,अजय सखूजा, सचिव लायन पूनम सखूजा, कोषाध्यक्ष लायन ओपी तुलसियान ,उमेशप्रसाद, अजय कुमार, विजय परशुराम पूरिया आदि मौजूद थे।

### मृत मजदूर के आश्रित को डालसा की ओर से दिया गया 25 हजार का अंतरिम मुआवजा



**रांची।** दैनिक अखबार में छपी खबर के अनुसार झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा श्री अपरेश कुमार सिंह ने संज्ञान लिया था तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को यह आदेश दिया था कि वह तत्काल पीड़ित परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें। इस आदेश के आलोक में आलोक में माननीय न्यायायुक्त ने डालसा सचिव को निर्देश दिया था कि अविलम्ब एक टीम गठित कर विधिक सहायता प्रदान की जाय। इसी आलोक में डालसा, रांची द्वारा गठित टीम पीड़ित के घर में जाकर पीड़ित के परिवार को विधिक सहायता की जानकारी पूर्व में दिये थे एवं मृतक मजदूर की तीन बेटियां है जो अपने पिता पर आश्रित थी। इनको आज 25000 का मुआवजा डालसा के द्वारा दिया गया। और साथ ही तीनो बच्चियों का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका विधालय ओरमांझी में कराने के लिए स्कूल के प्रिंसिपल से बात किया गया एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं से जोर कर लाभ दिलाने हेतु ओरमांझी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात किया गया।

### वैश्य महासम्मेलन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की महत्वपूर्ण बैठक करम टोली स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ज्ञान शंकर ने की। बैठक में संगठनात्मक दृष्टिकोण से कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि झारखंड में सभी उप जाति को संगठित कर एक सशक्त संगठन तैयार करना है। इसके निमित एक महीने के अंदर प्रदेश के सभी जिलो में बैठक आयोजित की जायेगी। जब तक अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का अपना कार्यालय का निर्माण नहीं हो जाता है तब तक करम टोली स्थित शोरूम के पहले तले पर वैश्य महासम्मेलन का कार्यालय का संचालन किया जायेगा। कहा गया कि सुमित केशरी के हत्यारों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

## 1500 से अधिक लोगों ने ग्रहण किया प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से मकर संक्रांति व सेना दिवस के अवसर पर रविवार को पुंदाग स्थित निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर में 68 वां प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें 1500 से अधिक लोगों ने प्रसाद के रुप में पोहा, हरे मटर की घुघनी, दही, तिलकुल और मिक्सचर का पैकेट पाकर संतुष्ट व आह्लादित हुए। 68 वें अन्नपूर्णा भंडारे के सफल आयोजन में संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी ,विशाल जालान एव पूरणमल सर्राफ का योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर किया गया। भजन संकीर्तन के बाद प्रसाद स्वरुप दही, पोहा, मटर की धुघनी, मिक्सचर पैकेट एवं तिलकुट का वितरण किया। उपस्थित लोगों में बिजय अग्रवाल, बिष्णु सोनी नंद किशोर चौधरी, सुरेश भगत, विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी आदि शामिल थे।

## पिताश्री ब्रह्मा बाबा की स्मृति सप्ताह में शांति दिवस मना

**रांची।** चौधरी बगान के सामने हरमू रोड, रांची में रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में शांति दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान के निदेशक अभिजीत विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके पहले प्रजापिता ब्रशा की स्मृति में शांति स्तम्भ पर दीप प्रज्जवलित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में दीप्ति सिंह ने कहा कि विश्व की इस अंधकारमय विनाशकालीन परिस्थिति में स्वयं परमात्मा ने ब्रशा बाबा को आदर्श युगपुरूष बनाया। यदि मानव उनके समान बनने का लक्ष्य जीवन में धारण करे तो सहज ही विश्व का अंधकार तथा स्वयं के जीवन का अंधकार समाप्त हो जाये। कार्यक्रम में उपस्थित आर्ट ऑफ लिविंग के सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि दिग्भ्रमित आत्माओं को सही राह दिखाने वाले पिता श्री ब्रह्मा हमारे लिए आशा के प्रकाश पुंज है।

## जेसीआइ रांची का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआइ रांची ने रविवार को होटल काव रेस्टूरेंट में 63वां शपथ ग्रहण समारोह मनाया। रांची के सांसद संजय सेठ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि जेसीआई सेनेटर जगन्नाथदास, जोनल वाइस प्रेसिडेंट, जोन 3, जेसीआइ इंडिया थे।
समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया ने अपनी नई युवा टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। मुख्य अतिथि संजय सेठ ने जेसी अरविंद राजगढ़िया एवं उनकी नई टीम को बधाई दी। जेसी अरविंद राजगढ़िया ने जेसीआई राँची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में शपथ लेते हुए आने वाले वर्षों में समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपना विजन बताया।
**नयी टीम :** सचिव- जेसी तरुण अग्रवाल, उपाध्यक्ष- जेसी देवेश जैन, जेसी निशांत मोदी, जेसी निखिल अग्रवाल, जेसी विक्रम चौधरी, जेसी पियूष केडिया, जेसी प्रतीक जैन, कोषाध्यक्ष- जेसी अभिषेक जैन, संयुक्त सचिव- जेसी रवि आनंद, प्रवक्ता-जेसी प्रवीण अग्रवाल एवं निर्देशक- जेसी आदित्य जालान, जेसी अंकित जैन, जेसी अंकित अग्रवाल, जेसी अंकित मंत्री, जेसी अंकित मोदी, जेसी अविकल मस्करा, जेसी चंद्रेश बाजाज, जेसी कौशल मुरारका, जेसी मोहित बागला, जेसी नटवर बाजोरिया, जेसी निखिल मोदी, जेसी मयंक अग्रवाल, जेसी प्रवीण अग्रवाल, जेसी राहुल टिबरेवाल, जेसी रौनक टेकरीवाल, जेसी ऋषभ जैन, जेसी ऋषभ सिंघानिया, जेसी साकेत अग्रवाल, जेसी संकेत सरावगी, जेसी सौरव जालान, जेसी शुभम बुधिया एवं जेसी सनी केडिया हैं। मौके पर जेसी ऋषभ जैन, जेसी अनंत जैन, जेसी साकेत अग्रवाल, जेसी संदीप खेमका, जेसी ऋषभ जैन आदि थे।

# बच्चों के स्किल डेवलपमेंट में सहायक है प्रदर्शनी का आयोजन : सोनी लकड़ा

## रेड क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने साइंस एंड हैंडिक्राफ्ट एक्जीबिशन में दिखाया अपना टैलेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के आजाद बस्ती (केएम रोड) स्थित रेड क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को साइंस एंड हैंडिक्राफ्ट्स (विज्ञान एवं हस्तकला ) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा साइंस के विभिन्न मॉडल तथा घर में पड़े बेकार वस्तुओं के इस्तेमाल कर वेस्ट से बेस्ट चीजें बनाकर हैंडिक्राफ्ट्स के क्षेत्र में अपने बेहतर टैलेंट का परिचय दिया। हस्तकला प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपनी अद्भुत कला प्रदर्शित कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वहीं, विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग,सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण से संबंधित दृश्य, विभिन्न प्रकार के पौधों और जलस्रोतों से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए।




स्कूल की प्राचार्या सोनी लकड़ा ने विद्यालय में आयोजित होने वाले साइंस एंड हैंडिक्राफ्ट्स एक्जीबिशन तथा अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन को बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने और मंच देने वाला तथा उनके चातुर्दिक विकास की दिशा में सहयोगी बताया। आज के कार्यक्रम में बच्चों के कौशल विकास के उद्देश्य से साइंस एवं क्राफ्ट एग्जिबिशन के अलावा फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया गया। कम उम्र के बावजूद रेड क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने फूड फेस्टिवल में हिस्सा लेकर और विभिन्न जायके के व्यंजन पेश कर लोगों को हतप्रभ किया। फूड फेस्टिवल में बच्चों ने विभिन्न प्रांतों और विदेशों में प्रचलित लोकप्रिय व्यंजन प्रदर्शित किए गए थे।

मार्स हाउस के बच्चों ने राजस्थानी कला-संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए राजस्थान का पारंपरिक व्यंजन कटोरी चाट और फुचका चाट बनाकर परोसा। वहीं, विनस हाउस द्वारा सैंडविच और विशेष रूप से कॉफी बनाकर लोगों के बीच परोसा गया। मरकरी हाउस द्वारा सऊदी अरब में प्रचलित शीर खूरमा और जुपिटर हाउस द्वारा कॉकटेल एवं फूड सलाद परोसा गया। अभिभावकों के अलावा आसपास के लगभग 500 लोगों ने बच्चों के फूड फेस्टिवल में लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया।

इस अवसर पर फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी के अध्यक्ष व अमेरिकन फेडरेशन ऑफ मुस्लिम ऑफ इंडियन ऑरिजन (एएफएमआई) के झारखंड कोऑर्डिनेटर तनवीर अहमद ने रेड क्रिसेंट स्कूल मैनेजमेंट की ओर से इस प्रकार के भव्य आयोजन के लिए छात्रों,अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी। कहा कि जिस जगह पर लगभग एक दशक पूर्व वीरानी छाई रहती थी, कूड़े-कचरे और गंदगी का अंबार लगा रहता था, उस स्थान पर कुछ बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों के सहयोग से विद्यालय की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में विकास का प्रयास काफी सराहनीय है। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभ्य, सुसंस्कृत, स्वस्थ और समृद्ध समाज के लिए शिक्षा अत्यंत जरूरी है। आयोजन को सफल बनाने में रेड क्रिसेंट स्कूल के डायरेक्टर अजीजुल हक, प्राचार्या सोनी लकड़ा, शिक्षिका तमन्ना, अर्शला, साइका, सना, फारिया, सादिया, मन्नोवर, अतिका, शगुफ्ता, सदफ, खुशनुमा, साहिमा, शाहिना परवीन व साहमा रहमानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मारवाड़ी सहायक समिति की वार्षिक आमसभा में लिये गये कई निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति रांची की वार्षिक आम सभा की बैठक मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया की अध्यक्षता में हरमू रोड स्थित कार्यालय मारवाड़ी भवन में संपन्न हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। भावी कार्यों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश करते हुए समिति द्वारा एक साल मे किए गए कार्यों के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। सबों को कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। आम बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संविधान को झारखंड में सोसाइटी एक्ट में निबंधन कराया जाएगा। अभी संविधान बिहार से रजिस्टर्ड है। बैठक मे निर्णय लिया गया कि मुक्तिधाम मे लिये जा रहे शुल्क को प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इस शुल्क को निर्धारित किया जाएगा। तथा मुक्तिधाम को और अधिक सुविधा युक्त बनाया जाएगा। सामाजिक कुरीतियों को हटाने तथा समाज सुधार पर कार्य किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष कमल जैन द्वारा वर्ष 2021- 22 के अंकेक्षित आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। तथा सर्वसम्मति से सीए रंजीत कुमार गाड़ोदिया एंड कंपनी को अंकेक्षक की नियुक्ति की गई। आम बैठक का संचालन सचिव कौशल राजगढ़िया तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने किया।

स्पीड न्यूज

### रातूः संडे मार्केट से स्कूटी की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट स्थित मानव सेवा सदन हॉस्पिटल के समीप से अपराधियों ने गली में खड़ी सफेद स्कूटी जेएच01 बीई 2350 की चोरी कर ली। घटना रविवार शाम करीब 4 बजे है। गाड़ी ब्लॉक रोड निवासी रंजीत कुमार गुप्ता की है। उनकी पत्नी पूजा गुप्ता अपनी सहेली से मिलने गयी थी। स्कूटी खड़ी कर घर के अंदर गयी। कुछ देर बाद जब बाहर निकलीए तो स्कूटी को गायब पाकर उसके होश उड़ गये। मामले को लेकर पीड़िता की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### रातूः संडे मार्केट से बाइक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट से अपराधियों ने संजय नगर कॉलोनी निवासी कृष्णा राम की मोटर साइकिल जेएच 01 बीपी 1551 की चोरी कर ली।वह शाम करीब 5 बजे सब्जी खरीदने आये थे।गाड़ी खड़ी कर बाजार के अंदर गये। लौटने पर वह गायब थी। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### रातू में रक्तदान शिविर का आयोजन

**रातू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और कनेक्टिंग हॉप्स की ओर से रविवार को आदिवासी बाल विकास विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के लोगो, विशेषकर युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। ब्लड बैंक, रिम्स को 98 युनिट रक्त सौपा गया। रक्तदान करने वाले युवा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किये गये। मौके पर समाजसेवी अखौरी नीरज, भैरव सिंह, जय साहू, मुकेश बैठा, अजय दुबे, अवनीश वर्मा, मुरारी साहू व संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

### दसकर्म के लिए विधायक ने किया आर्थिक सहयोग

**अनगड़ा।** प्रखंड के गांधी ग्राम निवासी स्वर्गीय किशून करमाली के परिजनों को दस कर्म के लिए विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से सुखा राशन उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपस्थित अनगड़ा विधायक प्रतिनिधि मंडल एतवा उरांव, समीम खान, दशरत पाहन, बादल करमाली सहित परिजन अर्जुन करमाली, गौरव करमाली, अशोक करमाली, शंकर करमाली एव स्व किशून करमाली की धर्मपत्नी मौजूद थीं।

### सिकिदिरी भाजपा ने 100 कंबल का वितरण किया

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी भाजपा मंडल ने रविवार को नगड़ाबेड़ा गांव में 100 गरीब व असहयों वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल की व्यवस्था रांची की मेयर आशा लकड़ा की ओर से किया गया था। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ने कहा की बढ़ती ठंढ को देखते हुए वृद्धों को कंबल प्रदान किया गया है। कंबल का वितरण सुनील महतो, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, मानेश्वर मुंडा, धनेश्वर बेदिया, मनमोहन गन्झू, शशांक राज, ललित ओझा, अजय मुंडा, संजय महतो, चंदन प्रजापति, अर्जुन राम, सुनील यादव आदि उपस्थित थे।

### भांटबोड़ेया मैदान में महाजुटान रैली 19 को

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया मैदान में रविवार को ग्रामीणों की बैठक समाजसेवी रामनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 19 फरवरी को भांटबोड़ेया मैदान में 1932 खतियानी महाजुटान रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो मौजूद रहेंगे।

### मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक

**बुढ़मू।** स्व पंडित रामचंद्र तिवारी की पुण्य स्मृति में निर्मित श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए रविवार को लक्ष्मी नारायण तिवारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि 23 जनवरी को कलश शोभायात्रा निकलेगी।

# फंदे पर लटका मिला छात्रा का शव, दुष्कर्म की आशंका

## मारवाड़ी कॉलेज में इंटर की थी छात्रा

खब मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** बिरसा ग्राम रूदिया में निवासी सरदीप राम की बेटी व मारवाड़ी कॉलेज की इंटर की छात्रा 19 वर्षीय अनिषा कुमारी का फांसी पर लटका हुआ शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले युवक शनी थापा पर अन्य दोस्तो के साथ सामुहिक दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने का अरोप लगाया गया है। रविवार सुबह आठ बजे की घटना के संबंध में बताया गया कि शनिवार रात को ही शनी थापा ने रात आठ बजे के करीब फोन कर बेटी को उठा लेने की धमकी दी थी। पड़ोस के युवक फोन कर बेटी को उठा लेने की धमकी दी थी। बीआईटी में फोर्थ ग्रेड कर्मी पिता सरदीप राम रात ग्यारह बजे डिव्यूटी से लौटा तो पत्नी मंजु देवी ने धमकी मिलने की जानकारी दी। लेकिन वह धमकी को नजरअंदाज कर सुबह देखा जाएगा बोल कर सो गया था। सुबह सात बजे के करीब घर से घुमने निकला था। वहीं मां मंजु देवी मजदूरी करने चली गई। एक घंटा के बाद जब पिता घर लौटा तो दरवाजा बाहर से बंद था। दरवाजा खोल कर जैसे ही अंदर गया बेटी का शव फांसी में लटकी थी। उसने तत्काल उतरा और वह बेटी का शव छोड़ मजदूरी करने गई पत्नी को लाने चल गया। थोड़ी देर में ही लौटी मां मंजु देवी जैसे ही लौटी बेटी को मृत देखी दहाड़ मार कर रोने लगी। रोने की अवाज सून पड़ोंसी पहुचें और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पूर्व आसपास के काफी संख्या में पहुंचे गए थें। लोग आरोपित युवकों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थें। घटना के बाद सदर डीएसपी, इंस्पेक्टर श्यामकिषोर महतो, थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व महिला पुलिस के साथ कई पुलिस कर्मी भी पहुंचे। घटना की जानकरी ली और लोगों को समझा बुझा कर शव को पोस्टमार्ट के लिए रिम्स भेज दिया।

> थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो ने बताया कि छात्रा के परिजनों ने दुष्कर्म कर हत्या करने का आषंका जताते हुए मामला दर्ज कराया गया है। घटना स्थल पहुंची महिला पुलिस कर्मी द्वारा की कई जांच में दुष्कर्म की पुष्टि नही हुई है। पोस्टमार्ट रिर्पोट के बार ही इसकी पुष्टि की जा सकती है। वैसे घटना की सभी एंगल से पुलिस जांच की जाएगी। पुलिस मामले की जल्द खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करेगी। -सुमित कुमार थाना प्रभारी।
> **श्याम किशोर महतो, ओरमांझी थाना प्रभारी।**

> मामले का निष्पाक्ष जांच हो, आरोपी को पुलिस जल्द गिरफ्तार करें। छात्रा व स्वजनों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन किया जाएगा।
> **प्रीतम लोहरा, प्रधान सचिव।**

# रातू में स्कूटी सवार युवती से पर्स की हुई छिनतई

## बाइक सवार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

खब मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में आपराधिक गिरोह की सक्रियता से पुलिस की बेचैनी बढ़ गयी है। वहीं नागरिकों में भय का माहौल है। यहां कोई भी दिन ऐसा नहीं जब चोरी, लूट व छिनतई की घटनाएं न होती हो। रविवार की शाम पल्सर मोटर साइकिल पर सवार काले व सफेद शर्ट पहने दो अपराधियों ने फुटकलटोली स्थित रिंग रोड में बाजपुर निवासी श्रीकांत नाथ पाठक की पुत्री शिल्पी पाठक को निशाना बनाया। चलती स्कूटी जेएच 01 ईडी 8911 से पर्स छिनकर सिमलिया हाजी चौक की ओर भाग निकले। पर्स में 3 हजार नकद समेत 3 एटीएम, 3 डेविट कार्ड, स्कूटी का ऑनर बुक, आधार और पैन कार्ड आदि जरूरी कागजात थे।

### चोटिल हुई पीड़िता

छिनतई के बाद शिल्पी असंतुलित होकर स्कूटी समेत सड़क पर गिर गयी। इससे उसके सिरए पैर व घुटने में चोंटे आयी है। एक निजी अस्पताल में उसका इलाज कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंच पीड़िता से घटना की जानकारी ली। मामले को लेकर रातू थाने में दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# रातूः एक ही रात चार मोटर और समरसेबल पंप की चोरी

## परहेपाट गांव की घटना, पुलिस कर रही जांच

खब मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के कृषक खेत के कुएं से मोटर पंप और समरसेवल की आये दिन हो रही चोरी से त्रस्त हैं। शनिवार की रात अपराधियों ने परहेपाट गांव के पीपरचौरा स्थित कुंए में लगे दो मोटर पंप और इतनी ही संख्या में समरसेवल की चोरी कर ली। इससे पीड़ित परिवारों के बीच फसल में पटवन की समस्या खड़ी हो गयी है। भुक्तभोगियों में चारो उरांव, संदीप उरांव, दीपक उरांव व जौरा उरांव शामिल हैं। इन्होंने रविवार को रातू थाने पहुंच अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की लिखित शिकायत की। इसकी जांच की जा रही है।

### खेत में चलता है जुआ अड्डा

गांव के दक्षिण में बहेरा बांध है। इसके नीचे परती खेत है। धान कटनी के बाद उसी खेत में दिन के दो से शाम सात बजे तक जुआ चलता है। परहेपाट, पुरियो, मखमंदरो, जामुनटोली व हुरहुरी आदि के दर्जनों जुआरियों का यहां अड्डा रहता है। जुए में हार के बाद वह चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। इससे कृषक समेत ग्रामीण परेशान हैं।

# संगठित अपराध को मिल रहा बढ़ावाः थानेदार

## संवेदनशील बनें नागरिक, थाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण

शेख मुजिबुल

**रातू।** थाना क्षेत्र में जमीन व्यवसाय से जुड़े अधिकांश लोगों का अपराधिक इतिहास है। वर्तमान में भी प्रतिबंधित संगठनों से उनका ताल्लुक है। सफेदपोश माफिया व राजनीतिक दलों के सहयोग से संगठित अपराध को बढ़ावा मिल रहा है। नागरिकों को संवेदनशील होने की जरूरत है। अन्यथा समाज को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। शिक्षित और न्यायप्रिय व्यक्ति ही असली समाजसेवी होते हैं, जिन्हें लोगों के भविष्य की चिंता रहती है। ऐसे लोगों की तादात भले ही कम है, लेकिन वह समाज के मेरुदंड हैं। 13 जनवरी की रात थाने में हुयी घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त बातें थानेदार सपन कुमार महथा ने कही। वह रविवार को खबर मंत्र से बातचीत कर रहे थे।

### आरोपी बख्से नहीं जायेंगे



घटना को लेकर दर्ज कांड की चर्चा करते हुये थानेदार ने कहा कि आरोपी बख्से नहीं जायेंगे। चाहे उनकी पहुंच कितनी ही ऊंची क्यों न हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि कानून के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं की जायेगी। संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधियों के बारे में श्री महथा ने कहा कि उन्हें पद की गरिमा का ख्याल रखना होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि शांति समिति के सदस्यों को घटना की निंदा करनी चाहिये थी।

### पीड़िता से मांगे रुपये

श्री महथा ने कहा कि व्यक्ति में संवादहीनता नहीं होने चाहिये। इससे समाधान के रास्ते बंद हो जाते हैं। संडे मार्केट में बंधन बैंक की महिला कर्मी से हुई लूट पर उन्होंने कहा कि अपराधियों ने टैब को रास्ते में फेंक दिया। इसे झखराटांड़ के शिवचरण साहू ने उठाया। अल्वत्ताए उन्हें इसकी सूचना पुलिस को देनी थी, किंतु ऐसा न कर रुपये कमाने की लालच में सीधे पीड़िता से संपर्क किया।

# अलग-अलग सड़क हादसे में एक की मौत, कई घायल

### बुढ़मू में सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**बुढ़मू।** बुढ़मू राय रोड में मक्का पुल के पास ओवरटेक कर रहे अज्ञात स्कार्पियों की चपेट में आने से मांडर थाना क्षेत्र के जाहेर निवासी बलदेव महली की बेटी मनीषा कुमारी (15 वर्ष) की मौत हो गयी। वहीं जाहेर निवासी किरण कुमारी (16 वर्ष) घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार ये दोनों अपने दोस्तों के संग तिरू फॉल घुमने आयी और तिरू फॉल से वापस लौटने के दौरान मक्का पुल के पास दोनों फोटो खिचवा रहीं थी इसी दौरान बुढ़मू की ओर से जा रही अज्ञात स्कार्पियों ने बस को ओवरटेक करने के प्रयास में दोनों को अपने चपेट में ले लिया।

### इटकीः सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**इटकी।** इटकी-मोरो सड़क पर सुलतान नगर के समीप रविवार की शाम करीब सात बजे सड़क दुर्घटना में एक बाइक चालक सहित पांच लोग घायल हो गये। घायलों में बानपूर सिसई के सुमेश्वर गोप, मोरो की गीता देवी एवं मुकंदा के शनिचरवा कुजूर व पुनी कुजूर के अलावा एक बच्ची शामिल है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय क्लिनीक ले जाया गया है। बाइक सवार ने तीन राहगीरों को पीछे से धक्का मार दिया जिससे सभी घायल हो गए।

### डिवाइडर से टकरा कर बाइक चालक घायल

**इटकी।** एनएच- 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के पलमा पेट्रोल पंप के समीप रविवार को डिवाईडर से टकरा कर एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान नगड़ी थाना क्षेत्र के नारो गांव के संतोष भगत के रूप में की गयी है। ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये उसे बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

### बेड़ोः सड़क हादसे में एक घायल

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी मोड़ से लापुंग जानेवाली सड़क पर भसनंदा मोड़ के समीप रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार सीएचसी बेड़ो में कराया गया, जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हुई। उसकी उम्र लगभग 50 वर्ष की है, जो काले रैंग का जैकेट और लाल रंग का पैंट पहुने हुए है।

### इटकीः कादिर हाता के निकट मिला घायल व्यक्ति

**इटकी।** थाना क्षेत्र के कादिर हाता के निकट मेला देख कर लौट रहे इटकी मौसीबाड़ी निवासी मो जहीर नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसे पुलिस ने इलाज के लिये रिम्स भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जहीर 14 जनवरी को अपने हीरो मैजेस्टिक बाइक से नगड़ी मेला देखने गया हुआ था। घर नही पहुंचने पर उसकी तालाश में निकले परिजनो को मो जहीर एक पेड़ के पीछे गिरा पाया गया। बाइक भी पेड़ के समीप क्षतिग्रस्त अवस्था में बरामद की गई। इटकी पुलिस ने उसे परिजनो के साथ इलाज के लिये रिम्स भेज दिया। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### बाइक सवार युवक पुलिया में गिरा, घायल

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के एलीस मोड़ के समीप एक निमार्णाधीन पुलिया में तेज रफ्तार की एक बाइक के गिरने से उसमें सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान अनगड़ा थाना क्षेत्र के बेंती निवासी आकाश करमाली (21 वर्ष) के रूप में की गई है। आकाश अपने दो दोस्तों के साथ हुंडरू मेला से अपने घर लौट रहा था। शाम करीब सात बजे अंधेरा होने के कारण तेज रफ्तार की बाइक असंतुलित होकर पुलिया में गिर गई। सिकिदिरी पुलिस ने स्थानीय ग्रामीण की मदद से घायल को ईलाज के लिए रिम्स भेज दिया है।

### बेड़ोः अलग-अलग सड़क हादसे में चार युवक घायल

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर रविवार की रात लगभग साढ़े सात बजे दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो बाइक पर सवार चार युवक असंतुलित होकर गिरने से चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें पहली घटना पावर ग्रिड के समीप हुई जिसमें 19 वर्षीय मुकेश उरांव पिता ठाकुर उरांव और 20 वर्षीय विश्वनाथ उरांव पिता शनि उरांव दोनों पंडरिया भंडरा लोहरदगा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दूसरी घटना पलमा पेट्रोल पंप के समीप हुई जिसमें नारो नगड़ी रांची निवासी 26 वर्षीय संतोष भगत पिता पन्ना भगत भगत पुरियो रातू रांची निवासी 30 वर्षीय बंटी उरांव पिता सुखु उरांव है। चारों घायलों को ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल को रिम्स रेफर कर दिया गया।

# नामकुमः पत्नी को भगा कर ले जाने की दर्ज करायी प्राथमिकी

**नामकुम।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के सताकी के रहनेवाले फगुवा उरांव ने नामकुम थाने में अपनी पत्नी पिंकी देवी के अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

थाने में दर्ज प्राथमिकी में फगुवा ने बताया है कि वह बुधवार को अपनी नानी सास की मृत्यु के भोज में अपनी पत्नी के पिंकी देवी के साथ नामकुम के लाली गांव स्थित अपने ससुराल गया हुआ था। उसी दौरान उसने देखा कि ससुराल के पास एक अपाची बाइक संख्या जेएच02 एचएक्स 2371 लगा हुआ था। थोड़ी देर बाद फगुवा पिंकी को पैसे लेने के लिए ढुंढने लगा। काफी खोजबीन करने पर वह नहीं मिली। इधर वहां लगी अपाची बाइक भी गायब थी। दूसरे दिन गांव वालों को उसने बाइक दुघर्टना में युवती के मारे जाने की बात करते सुना तो वह नामकुम थाना पहुंचा और शव देख पिंकीं की शिनाख्त की। उसने अपाची बाइक चालक और मालिक पर उसकी पत्नी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। इधर मामले में पुलिस ने बाइक के नंबर से बाइक मालिक का पता लगा कर पकड़ा।

# हुंडरू फॉल टुसू मेला में पहुंचे 60 हजार से अधिक लोग

खब मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** दो साल के बाद एतिहासिक हुण्डरु फॉल टुसू मेला में रेकॉर्ड 60 हजार से अधिक लोग मेला देखने पहुंचे थे। मेला में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने कहा की मेला हमारे झारखंड की संस्कृति को बचाए रखने का एक सशक्त माध्यम है। रंग.बिरंगी टूसू विविधता में एकता का प्रतिक है। संचालन ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया ने किया। मेला में आसपास पांच जिला रांची, रामगढ़, बोकारो, जमशेदपुर एवं पुरूलिया से काफी संख्या में श्रद्धालु मेला देखने पहुंचे थे। आसपास बदरी, कुच्चू, हुण्डरु, नवागढ़, सिंगारी, टाटी, सिकिदीरी ओरमांझी, गोला आदि गांव से श्रद्धालु टुसू लेकर थिरकते हुए मेला स्थल पहुंचे थे। स्थानीय पहान गुहिराम बेदिया व कालिया बेदिया ने 51 बकरे की बलि देकर हुंडरू बाबा की पूजा अर्चना की। मेला में ईख मिठाईए खिलौने एवं लकड़ी के सामान खूब बिके। मेला में विधि व्यवस्था में सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रविए एसआई अरूण कुमार सिंह समेत कुल सात सिपाही के भरोसे मेला की सुरक्षा व्यवस्था थी। हालांकि ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया के नेतृत्व में पचास सुरक्षा समिति पुलिस मित्र की भी तैनाती की गई थी।

# बच्चों को बतायें सनातन संस्कृति का महत्व

## यज्ञ वार्षिक महोत्सव को लेकर नगर परिभ्रमण

खब मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर यज्ञ वार्षिक महोत्सव को लेकर पूजा समिति ओरमांझी द्वारा शनिवार को ओरमांझी में नगर परिभ्रमण का आयोजन किया गया। 29 जनवरी से प्रारंभ होने वाले पांच दिवसीय यज्ञ महोत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है। ओरमांझी काली मंदिर से निकले नगर परिभ्रमण में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। सभी महाबीरी झंडा लिए श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ देवी-देवताओं की जयकारा लगा रहे थें। ग्रामीणों के साथ नगर परिभ्रमण में शामिल पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा ओरमांझी क्षेत्र में आयोजित धार्मिक महोत्सव में लोगों का काफी उत्साह देखा जाता है। बच्चों को भी अपने भारतवर्ष के सनातन धर्म संस्कृति का महत्व बताना जरूरी है।

### नगर परिभ्रमण में थे शामिल

नगर परिभ्रमण में मुख्य संरक्षक नंदगोपाल साहू, पूर्व प्रमुख सह समिति के संरक्षक जयगोविंद उर्फ लालू साहू, अजय सिंह, नरेश महतो, हरिश्चंद्र महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी सचिव श्याम किशोर महतो कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, दिलीप मेहता, डॉ प्रदीप कुमार, रामकुमार महतो, संतोष कुशवाहा, भीम मुंडा शंकर गुप्ता, सुरेश मेहता, नीरज पांडे, सत्यमराज कुषवाहा, शषि मेहता, विक्रांत तिवारी, विजय पांडे, विनय दुबे, कीर्तिकांत साहू, पंकज महतो, सतीश बड़ाईक, दीपक बड़ाईक, बबीता देवी, उर्मिला देवी, रीना देवी, किरण देवी, मुन्नी देवी, बसंती देवी, पंचमी देवी, ममता देवी, सोनी देवी, सुमित्रा देवी सहित ग्रामीण शामिल थे।

## एक नजर में

### कांकेः मनातू में लगा टुसू मेला



**कांके।** प्रखंड के मनातू गाँव में कोदा महादेव स्थल में पवित्र कुंवारी टुसूमनी की याद में भव्य व आकर्षक टुसुमेला का आयोजन किया गया इस अवसर पर मनातू के आसपास के सैकड़ों लोग उपस्थित थे समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने बताया कि टुसू मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर व पूर्वजों की विरासत है और इसको बचाना हम सभी झारखंडियों का कर्तव्य है स मेला में चेड़ी मनातू गारू गांव से टुसू लाया गया। मौके पर कुर्मी विकास मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ढानो मुंडा रामनाथ महतो अर्जुन राम दीपक महतो मौजूद थे।

### मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**नामकुम।** रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर नामकुम के जोरार में आरबी पाण्डेय मेमोरियल फाउण्डेशन की ओर से बडी संख्या में गरीब और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सह पूर्व मंत्री ददई दूबे ने कहा कि सबसे बडा धर्म गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना है और पिछले कई वर्षों से आरबी पांडेय मेमोरियल फाउण्डेशन लोगों की सेवा कर रहा है। मौके पर मुख्य रूप से मनीस राय,रामकुमार यादव,आत्मानंद पाण्डेय, विनयशील सिंह, रामाशंकर तिवारी, शेखर सिंह, सिकंदर ठाकुर, अखिलेस सिंह, जीना मुंडा, बबलु मुंडा आदि लोग मौजूद थे।

### ग्रामसभा में मुखिया संघ अध्यक्ष का स्वागत



**कांके।** बोड़ेया पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया सोमा उराँव के द्वारा विशेष ग्राम सभा आहूत की गई थी। जिसमें तीनकोनिया बाजार के पास हमारे समाज के पूर्वज समाज को एक सूत्र में बांधने वाले सामाजिक व्यक्तित्व के धनी एक्स आर्मी सुकरा उरांव का प्रतिमा लगाने का निर्णय व बिरसा मध्य विद्यालय के प्रांगण में स्व सुखराम पहान का प्रतिमा लगाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में दोनों पूर्वजों के वंशज उपस्थित हुए। ग्राम सभा में बोडेय़ा पंचायत के मुखिया सोमा उरांव को रांची जिला मुखिया संघ का अध्यक्ष बनाए जाने पर ग्रामीणों एवं प्रबुद्ध जनों के द्वारा भव्य रूप से बुके व शॉल व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### स्वर्णरेखा नदी में लोगों ने लगाई भक्ति की डुबकी

**सोनाहातू।** मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को सोनाहातू के सतीघाट स्थलए दुलमी घाटए जिन्तुडीह घाटए गाड़ाडीह घाट पर स्वर्णरेखा नदी में सुबह से ही लोगों ने श्रद्धा ओर भक्ति की डुबकी लगाई। लोगों ने सुबह से शुरूआत की और इसका सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। सतीघाट स्थल पर हजारों लोगों ने डुबकी लगाई और निमार्णाधीन मां गंगा मंदिर के पूजन किए। जहां पुरोहित अजय शुक्ला के द्वारा पूजन कराया गया। इसके पश्चात लोगों ने सतीघाट मेला परिसर स्थित शिव मंदिरए बजरंगबली मंदिरए तुलसी मंच आदि धार्मिक स्थलों पर पूजन किए। इसके उपरांत ही गुड़, चूड़ा, तिलकुट, गुड़, पीठा आदि विभिन्न तरह के व्यंजनों को खाया।

### चान्होः गुटवा बागीचा में वनभोज का आयोजन



**चान्हो।** प्रखंड के गुटवा बागीचा में रविवार को जिला परिषद सह जनसेवी आशुतोष तिवारी की अगुवाई में मकर सक्रांति के उपलक्ष में वन भोज का आयोजन किया गया। वन भोज में लग भग पचास गांव से डेढ़ सौ की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के तौर पर मांडर विधानसभा के युवा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित हुए। भोज के दौरान सभी ने एक दूसरे को मकर सक्रांति की बधाइयां दी। मौके पर पप्पू तिवारी, नंद किशोर साहू, उदय नारायण सिंह, नीरज सिंह, ब्रजमोहन तिवारी, अशोक उरांव, रमेश सिंह, सूरेस साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# जातिवाद पर जोर

हम म 21वीं सदी में भी जातिवाद में उलझे हुए हैं। एक तरफ समाज के सभी वर्गों में समानता लाने के लिए तमाम समाजसेवी संगठन मुहिम चला रहे हैं तो वहीं कई राजनैतिक दल वोट बैंक की सियासत के सहारे सत्ता सुख भोगने के लिए जातिगत जनगणना कराये जाने के लिए उतावले नजर आ रहे हैं। उनको इस बात की चिंता नहीं है कि जातीय गणना कराया जाना किसी ह्यविस्फोटह्न से कम नहीं है। यह वह ह्यआगह्न है जिसमें उन लोगों के तो हाथ जलना तय ही है जो इसे लगा रहे हैं, वहीं वह भी इस ह्यआगह्न से नहीं बचेंगे जो तटस्थ रहेंगे। इससे समाज में भेदभाव को बढ़ावा मिलना तय है, भले ही जातीय गणना का समर्थन करने वाले इसके तमाम फायदे गिनाते रहें, लेकिन इसके पीछे सत्ता हथियाने का खेल ही है। इस ह्यखेलह्न की बुनियाद तो काफी पहले पड़ गई थी, लेकिन जबसे भारतीय जनता पार्टी और खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यसबका साथ, सबका विकास का नारा देते हुए जातियों में बंटे हिन्दुओं को एकजुट करने की सफल मुहिम चलाई तो जातिवाद की राजनीति करने वाले दलों के नीचे से सत्ता खिसक गई। इसी के बाद हिन्दुओं को आपस में बांटने और लड़ाने का खेल फिर से शुरू हो गया। इसीलिए साजिश के तहत जातीय गणना कराई जा रही है।भारत में आखिरी बार ब्रिटिश शासन के दौरान जाति के आधार पर 1931 में जनगणना हुई थी। इसके बाद 1941 में भी जनगणना हुई लेकिन आंकड़े पेश नहीं किए गए। इसके बाद अगली जनगणना से पहले देश आजाद हो चुका था। अनुमान है कि देश में पिछड़ा वर्ग समाज की आबादी करीब 50 फीसदी के करीब है। राजनीतिक पार्टियां अपने पक्ष में वोटों की गोलबंदी करने के लिए जातिगत पहचान का सहारा सबसे अधिक लेती हैं। आज पद और पार्टी देशहितों के उपर हो गयी है जिसे भारतीय जनमानस शायद ही स्वीकार करेगा।

# समस्या बना जोशीमठ

आज देश ही नहीं, दुनिया में जोशीमठ में खड़े हो रहे व्यापक प्राकृतिक आपदा के संकट से जुड़े सवाल चर्चा का कारण बने हुए हैं। इस संकट के मद्देनजर वहां के लोगों की मुश्किलों को समझा जा सकता है। लेकिन संकट प्राथमिक स्तर पर वहां की सरकार और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी बनती है कि वे इसका तात्कालिक और दीर्घकालिक समाधान निकालें। सबसे बड़ी जरूरत है कि जोशीमठ की स्थितियों से सबक लेते हुए सरकार विकास के स्वरूप पर चिन्तन करें। वर्त्तमान में मानव की गतिविधियों से जितनी मिट्टी, पत्थर और रेत अपनी जगह से हटाई जाती है, वह सभी प्राकृतिक कारणों से हटने वाली कुल मात्रा से बहुत अधिक है। हरेक वर्ष जितने कंक्रीट का उत्पादन किया जाता है उससे पूरी पृथ्वी पर 2 मिलीमीटर मोटी परत चढ़ाई जा सकती है। प्लास्टिक का उत्पादन कुछ वर्षों के भीतर ही इतना किया जा चुका है कि इसके अवशेष माउंट एवरेस्ट से लेकर मरिआना ट्रेंच-महासागरों में सबसे गहराई वाला क्षेत्र तक मिलने लगा है। विश्व के आधे पेड़ काटे जा चुके हैं और बहुत बड़ी संख्या में प्रजातियां मानव की गतिविधियों के कारण विलुप्त हो रही हैं। वायुमंडल से प्राकृतिक कारणों से जितनी नाइट्रोजन हटती है, उससे अधिक औद्योगिक उत्पादन, विकास कार्यों और कृषि से हट जाती हैं।विज्ञानिकों ने हर बार आगाह किया, लेकिन इसके बाद भौगोलिक-तकनीकी अध्ययन कराने की ओर से आंखें फेर ली गई.। असल में सरकारें न केवल जोशीमठ बल्कि सर्वत्र प्राकृतिक संकटों के समाधान की दिशा में कोई कदम उठाने की बजाय ऐसी ही उपेक्षा एवं उदासीनता बरती है। यह मसला छोटा नहीं है। ये ऐसे मसले हैं जो आने वाले वक्त में पर्यावरण एवं प्रकृति के साथ-साथ जन-विनाश के साथ सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों को काफी हद तक प्रभावित करेंगे।

# गुजरात- हिमाचल की हार-जीत और 2024 का चुनाव

**हाल** में संपन्न गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे न केवल राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इससे यह संदेश गया है कि नरेंद्र मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाएंगे। विपक्षी दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि गुजरात के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य में रिकॉर्ड संख्या में सीट के साथ गुजरात में सत्ता में बनाए रखने में मदद करके उन लोगों को जवाब दिया जिन्होंने राज्य और प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने की कोशिश की। गुजरात के लोगों ने जातिवाद के जहर को खत्म करने के लिए काम किया है और खोखले, झूठे और आकर्षक वादे करने वालों के मुंह पर तमाचा जड़ा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जो भाजपा के चाणक्य कहें जाते है और उनकी सफलता भी यह कहानी कहती है।

निश्चित तौर पर गुजरात के लोगों ने गुजरात और नरेंद्र मोदी को बदनाम करने की कोशिश करने वालों को जवाब दिया है। उन्होंने कहा, यह परिणाम अकेले गुजरात के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। 2024 में (लोकसभा) चुनाव होगा और पूरा देश एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। गुजरात का यह संदेश कश्मीर से कन्याकुमारी (देश में उत्तर से दक्षिण) और द्वारका से कामाख्या (पश्चिम से पूर्व) तक पहुंच गया है कि मोदी साहब 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। राज्य के विकास के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताने की जरूरत नहीं है, क्योंकि लोगों ने चुनाव में इसका जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा, ऐसा एक भी राज्य नहीं है जहां किसी पार्टी ने 27 साल तक लगातार शासन किया हो। गुजरात एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा ने (27 साल और उससे अधिक समय तक) शासन किया है।

जब गुजरात चुनाव की घोषणा हुई तो कांग्रेस ने दावा किया कि इस बार यह उसका मौका है। दिल्ली से भी लोग यहां मुफ्त में ये और वो देने के वादे के साथ पहुंचे। इन सब के बावजूद जब परिणाम घोषित हुआ तो भाजपा रिकॉर्ड 156 सीट (गुजरात में कुल 182 में से) के साथ विजेता बनकर उभरी। राज्य में भाजपा का हर एक कार्यकर्ता लोगों के समर्थन के लिए उनका ऋणी है और इस तथ्य पर गर्व महसूस करता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित 40 सीट में से पार्टी ने 34 सीट पर जीत हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल ग्रामीण स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया, बल्कि दुनिया के सबसे ऊंचे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (नर्मदा जिले में), नरेंद्र मोदी (अहमदाबाद में) के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम और गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गांधीनगर) बनाकर गुजरात को दुनिया में नंबर एक बनाने की दिशा में कई काम किए। स्वच्छता के बारे में बात करते हुए शाह ने कहा कि जब तक लोग मिलकर काम नहीं करेंगे, कोई भी सरकार गांव या शहर को स्वच्छ नहीं बना सकती है। स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य के लिए पहली शर्त है। प्रधानमंत्री मोदी एक बड़ा स्वास्थ्य केंद्र बनाने जा रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र बनाना आसान है, लेकिन बेहतर यह है कि बीमार पड़ने की नौबत न आए और स्वास्थ्य केंद्र जाने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए हमें अपने गांवों को साफ रखना होगा। यह तो गुजरात की चर्चा है जो 2014 में गुजरात मॉडल के रुप में देश में स्थापित किया गया और यह प्रयोग सफल भी हुआ। लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि गुजरात मॉडल पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में क्यों नहीं चला?





- एनके मुरलीधर

> सरकारी नौकरी, महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थ की कीमत पर विपक्ष का हमला जारी है। यह असर पैदा करेगा। अगर भाजपा गुजरात के चश्मे से 2024 का दृश्य देखना चाहती है तो कठिनाई होगी। लेकिन हिमाचल के चश्मे से चुनाव को देखेगी और समझेगी तब निश्चित तौर पर बेहतर करेगी। प्रतिपक्ष की कमजोरी का लाभ उठाने से अधिक अपनी मजबूती पर भरोसा करे जो अभी दिख नहीं रहा है।

अन्य राज्यों से अलग गुजरात की जीत की मिठास से हटकर हिमाचल में जिस प्रकार भाजपा ने परम्परा तोड़ने का प्रयास किया वह चल नहीं पाया। फिर गुजरात की बात की जाए या हिमाचल मॉडल की। 2024 में हिमाचल मॉडल नहीं चलेगा इस बात की गांरटी कौन देगा? एक संपन्न और मोदी के असर वाले राज्य दूसरा पहाड़ी पर कठिन स्थितियों वाला राज्य। 2024 का चुनाव कठिन स्थितियों वाले राज्य तय करेंगे न कि गुजरात-महाराष्ट्र और कर्नाटक। बिहार,बंगाल और ओड़िसा के अतिरिक्त वैसे राज्य जहां भारतीय जनता पार्टी अधिकतम सीट जीत चुकी है।

भाजपा ने अपने शीर्ष अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारी आंरभ कर दी है। लेकिन कुछ चुके घोड़ों पर दांव लगाकर अमित शाह भी हारते दिख रहे हैं। मोदी की लोकप्रियता आज भी है लेकिन सरकारी नौकरी, महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थ की कीमत पर विपक्ष का हमला जारी है। यह असर पैदा करेगा। अगर भाजपा गुजरात के चश्मे से 2024 का दृश्य देखना चाहती है तो कठिनाई होगी। लेकिन हिमाचल के चश्मे से चुनाव को देखेगी और समझेगी तब निश्चित तौर पर बेहतर करेगी। प्रतिपक्ष की कमजोरी का लाभ उठाने से अधिक अपनी मजबूती पर भरोसा करना भाजपा के लिये जीत का अवसर पैदा करेगा।

जी-20 सहित अतंरराष्ट्रीय मुददों पर देश की सफलता का असर चुनाव पर कम पड़ता है। सभी को मुफ्त अनाज और किसानों को सहायता राशि देने पर खर्च किये जा रहे योजना से बेहतर पेट्रोलियम पदार्थो के मूल्यों में कमी कर महंगाई पर नियंत्रण किया जा सकता है। चूंकि मोदी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रुप में अच्छा अनुभव प्राप्त कर चुके है इस कारण उन्हें जमीनी सच्चाई का पता होना चाहिए। कर अधिक लेने से जो स्थिति पैदा हो रही है वह आज देश के हर शिक्षित और अशिक्षित, हर शहरी और ग्रामीण को यह लग रहा है कि सरकार अधिक टैक्स ले रही है। छोटे व्यापारी भी परेशान हैं। 2024 के चुनाव में कोरोना, महंगाई और बेरोजगारी से परेशान लोग की संख्या भी कम नहीं होगी।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल के हैं लेकिन वहां पार्टी जबरदस्त प्रयास और प्रचार के बाद भी हार गयी। यह संकेत साफ है कि गुजरात की जीत से महत्वपूर्ण हिमाचल की हार है। सवाल है कि अटल जी के तीन बार पीएम बनने के रिकार्ड की बराबरी कर पायेंगे मोदी। वैसे मोदी आज सशक्त प्रधानमंत्री और लोकप्रिय वैश्विक नेता हैं।

## खास बात

# खस्ताहाल पाक

**वेदप्रताप वैदिक**

**वह** न तो अंग्रेजी है, न रूसी है, न यूक्रेनी। वह तो हिंदुस्तानी ही है। उनकी हर बात समझ में आती है। उनकी बातें, उनकी तकलीफें, उनकी चीख-चिल्लाहटें, उनकी भगदड़ और उनकी मारपीट दिल दहला देनेवाली होती है।

गेहूं का आटा वहां 250-300 रुपये किलो बिक रहा है। वह भी आसानी से नहीं मिल रहा है। बूढ़े, मर्द, औरतें और बच्चे पूरी-पूरी रात लाइनों में लगे रहते हैं और ये लाइनें काफी लंबी होती हैं। वहां ठंड का पारा शून्य से भी काफी नीचे होती है। आटे की कमी इतनी है कि जिसे उसकी थैली मिल जाती है, उससे भी छीनने के लिए कई लोग बेताब होते हैं। मारपीट में कई लोग अपनी जान से भी हाथ धो बैठते हैं।

पाकिस्तान के पंजाब को गेहूं का भंडार कहा जाता है लेकिन सवाल यह है कि बलूचिस्तान और पख्तूनख्वाह के लोग आटे के लिए क्यों तरस रहे हैं? यहां सवाल सिर्फ आटे और बलूच या पख्तून लोगों का ही नहीं है, पूरे पाकिस्तान का है। पूरे पाकिस्तान की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, क्योंकि खाने-पीने की हर चीज के दाम आसमान छू रहे हैं। गरीब लोगों के तो क्या, मध्यम वर्ग के भी पसीने छूट रहे हैं।

बेचारे शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री क्या बने हैं, उनकी शामत आ गई है। वे सारी दुनिया में झोली फैलाए घूम रहे हैं। विदेशी मुद्रा का भंडार सिर्फ कुछ हफ्तों का ही बचा है। यदि विदेशी मदद नहीं मिली तो पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद हो जाएगा।

अमेरिका, यूरोपीय राष्ट्र और सउदी अरब ने मदद जरूर की है लेकिन पाकिस्तान को कर्जे से लाद दिया है। ऐसे में कई पाकिस्तान के मित्रों ने मुझसे पूछा कि भारत चुप क्यों बैठा है? भारत यदि अफगानिस्तान और यूक्रेन को हजारों टन अनाज और दवाइयां भेज सकता है तो पाकिस्तान तो उसका एकदम पड़ोसी है। मैंने उनसे जवाब में पूछ लिया कि क्या पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी का धर्म निभाया है? फिर भी, मैं मानता हूं कि नरेन्द्र मोदी इस वक्त पाकिस्तान की जनता (उसकी फौज और शासकों के लिए नहीं) की मदद के लिए हाथ बढ़ा दें तो यह उनकी एतिहासिक और अपूर्व पहल मानी जाएगी।

# सत्कर्म-दुष्कर्म

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी विवेकानंद**


**हमारा** यह वायुमण्डल अच्छी और बुरी दोनों प्रकार की विचार तरंगों से व्याप्त है। प्रत्येक मस्तिष्क से निकला हुआ प्रत्येक विचार मानो इसी प्रकार भ्रमण करता रहता है, जब तक कि उसे एक योग्य आधार प्राप्त नहीं हो जाता। और जो मन इस प्रकार के विचार ग्रहण करने के लिए अपने को उत्सुक्त किये हुए है, वह तुरन्त ही उन्हें अपना लेगा। अतएव जब कोई मनुष्य कोई दुष्कर्म करता है, तो वह अपने मन को किसी एक विशिष्ट सुर में ले आता है; और उसी सुर की जितनी भी तरंगें पहले से ही आकाश में अवस्थित हैं, वे सब उसके मन में घुस जाने की चेष्टा करती हैं। यही कारण है कि एक दुष्कर्मी साधारणतः अधिकाधिक दुष्कर्म करता जाता है। उसके कर्म क्रमशः प्रबलतर होते जाते हैं। यही बात सत्कर्म करनेवाले के लिए भी घटती है; वह अपने को वातावरण की समस्त शुभ तरंगों को ग्रहण करने के लिए मानो खोल देता है और इस प्रकार उसके सत्कर्म अधिकाधिक शक्तिसम्पन्न होते जाते हैं। अतएव हम देखते हैं कि दुष्कर्म करने में हमें दो प्रकार का भय है।

पहला तो यह कि हम अपने को चारों ओर की अशुभ तरंगों के लिए खोल देते हैं; और दूसरा यह कि हम स्वयं ऐसी अशुभ तरंग का निर्माण कर देते हैं; जिसका प्रभाव दूसरों पर पड़ता है, फिर चाहे वह सैकड़ों वर्ष बाद ही क्यों न हो। दुष्कर्म द्वारा हम केवल अपना ही नहीं वरन् दूसरों का भी अहित करते हैं, और सत्कर्म द्वारा हम अपना तथा दूसरों का भी भला करते हैं।

बड़ा खूबसूरत रिश्ता है हमारे और उपर वाले के बीच,
ज्यादा मैं मांगता नहीं
कम वो देता नहीं।
-अनुपम खेर, अभिनेता

## आपके ट्वीट

नव ऊर्जा नव उल्लास के रूप में सक्रिय होने लगती हैं जिससे कार्य शक्ति में वृद्धि होती है। संक्रान्ति सूर्य की शुभ्र रश्मियां सभी का जीवन पथ आलोकित करती रहें।#मकरसंक्रान्ति #उत्तरायण सर्वथा शुभ हो !
- स्वामी अवधेशानंद गिरी





तेज विकास तेज गति से ही संभव है। आज वंदे भारत ट्रेन गति और शक्ति का ही एक रुप है जो पूरी तरह भारतीय है। पर्यटन, व्यापार, शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में यह मील का पत्थर साबित होगा। - नरेन्द्र मोदी

# रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी भारतीय संस्कृति पर हमला

## सामयिक

**नीरज कुमार दुबे**

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैसे तो सुशासन बाबू के नाम से जाने जाते हैं लेकिन आजकल उन्हें पता नहीं क्या हो गया है। बिहार में क्या हो रहा है? कौन मंत्री क्या बयान दे रहा है इस पर उनसे सवाल पूछो तो उन्हें कुछ पता ही नहीं होता।

बिहार में चल क्या रहा है? पहले सत्तारुढ़ गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि राम मंदिर नफरत की जमीन पर बनाया जा रहा है। अब बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बता दिया है। क्या इस देश में हिंदुओं की भावनाओं पर प्रहार पर प्रहार किये जाते रहेंगे? कभी कोई सर तन से जुदा की धमकी देता है तो कभी कोई राम का, शिव का या देवी दुर्गा का अपमान कर देता है। लेकिन हिंदू से अपेक्षा की जाती है कि वह सहिष्णु रहे, कानून को उसका काम करने दे। हिंदू सहिष्णु बना रहता है, कानून को उसका काम करने देता है और एक दिन न्याय मिलने की आस में अपने आराध्यों पर हमला होते देखता रहता है।सवाल उठता है कि क्या कर रही हैं हमारी सरकारें? क्यों वह मंत्रियों या नेताओं के विवादित बयानों पर चुप्पी साधे रहती हैं? सवाल उठता है कि अदालतों की ओर से ऐसे मामलों पर क्यों स्वतः संज्ञान नहीं लिया जाता? मंत्री पद की शपथ के दौरान कहा जाता है कि मैं बिना किसी भेदभाव के काम करूंगा। लेकिन क्या हिंदू समाज के आराध्य के बारे में ऐसी बयानबाजी भेदभाव नहीं है? सवाल तो कई हैं लेकिन जवाब नेता देंगे नहीं इसलिए जवाब देने की जिम्मेदारी भी जनता को ही निभानी होगी। लोकतांत्रिक तरीके से हर उस नेता को जवाब देना चाहिए जो नफरत के बीज बोकर अपने चुनावी हित साधना चाहता है या तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देता है। वैसे जगदानंद सिंह के बाद चंद्रशेखर का बयान यही दशार्ता है कि यह कोई संयोग नहीं बल्कि वोटबैंक की राजनीति का प्रयोग है।

दूसरी ओर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैसे तो सुशासन बाबू के नाम से जाने जाते हैं लेकिन आजकल उन्हें पता नहीं क्या हो गया है। बिहार में क्या हो रहा है? कौन मंत्री क्या बयान दे रहा है इस पर उनसे सवाल पूछो तो उन्हें कुछ पता ही नहीं होता। राजधानी पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज होने पर जब उनसे सवाल पूछा जाता है तो वह कहते हैं कि मुझे पता नहीं कहां लाठीचार्ज हुआ। मंत्री के विवादित बयान पर उनसे सवाल पूछा जाता है तो वह कह देते हैं कि मैंने बयान देखा नहीं है। क्या ऐसे ही चलती हैं सरकारें? हमारे मंत्री, मुख्यमंत्री कब यह बात समझेंगे कि जनता नासमझ नहीं है?

बिहार में स्कूलों और शिक्षा की क्या स्थिति है यह किसी से छिपा नहीं है। उस पर से शिक्षा मंत्री जो ज्ञान बिखेर रहे हैं उससे नफरत बढ़ रही है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरितमानस की चौपाइयों की जो व्याख्या अपने शब्दों में की है उसने नाहक का विवाद खड़ा कर दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने यदि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो ऐसे बयान देने वालों का हौसला बढ़ेगा। नेताओं को समझना होगा कि वही समाज या देश तरक्की कर सकता है जहां शांति हो और शांति तथा समृद्धि विवादित बयान देकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने से नहीं आती।

## कॉर्टून वर्ल्ड

महंगाई मार गयी...




साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। - निशीकांत, रांची

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए। -हेमा हरि, मेदिनीनगर

# जोशी मठ की आपदा एक बड़ी चेतावनी है

## पर्यावरण

**ललित गर्ग**

**सुप्रीम** कोर्ट ने चंडीगढ़ शहर के फेज एक में एकल आवासीय इकाइयों को मंजिल आधारित अपार्टमेंट में बदलने पर रोक लगा दी है। अब इस इलाके में एक समान अधिकतम ऊंचाई के साथ मंजिलों की संख्या तीन तक सीमित रहेगी। चंडीगढ़ में जिस स्वरूप में इमारतों का निर्माण कराया, वे आमतौर पर एक अलग संदेश देती हैं। मगर अफसोस की बात यह है कि वक्त के साथ इन इमारतों में भी सुविधा के मुताबिक कई तरह के बदलाव किए गए। जाहिर है, इस तरह के बदलाव केवल सीमित असर नहीं डाल रहे थे, बल्कि विस्तृत होकर शहर के ढांचे एवं पर्यावरण पर भी प्रभाव डालने वाले थे। इसी क्रम में सन 2001 में एक नियम के तहत चंडीगढ़ में आवासीय भूखंडों को अपार्टमेंट के रूप में निर्माण या उपयोग करने की इजाजत दे दी गई थी।

अन्य महानगरों में भी पिछले कुछ दशकों से शहरों में विकास के नाम पर जिस तरह की बेलगाम गतिविधियां चल रही हैं, उसके मद्देनजर इस फैसले को दरअसल देश के पहले नियोजित शहर चंडीगढ़ की विरासत को बचाने के साथ अन्य महानगरों के लिये जागरूक हो जाने की दिशा में एक बड़ा कदम कहा जा सकता है। अदालत ने भी इसकी अहमियत का जिक्र करते हुए कहा कि यह रोक चंडीगढ़ की विरासत की स्थिति के साथ-साथ स्थिरता के मद्देनजर जरूरी है; सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच एक ह्यउचित संतुलनह्न बनाने की भी आवश्यकता है।

सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच उचित संतुलन बनाने के प्रयास किये होते तो जोशीमठ का संकट खड़ा नहीं होता। उपचारात्मक कार्य नहीं हो पाए और आज स्थिति सबके सामने है। पुराने भूस्खलन क्षेत्र में बसे जोशीमठ में पूर्व में अलकनंदा नदी की बाढ़ से भू-कटाव हुआ था। साथ ही घरों में दरारें भी पड़ी थीं। वर्ष 1976 से लेकर 2022 तक की अनेक अध्ययनों की संस्तुतियों में जोशीमठ क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वेक्षण, भूमि की पकड़, धारण क्षमता, पानी के रिसाव के कारण समेत कई अध्ययन कराने की जरूरत बताई गई। वैज्ञानिकों के अनुसार जोशीमठ सिस्मिक जोन पांच में आता है और भूकंप व भूस्खलन की दृष्टि से काफी संवेदनशील स्थान है।

इन तथ्यों को लेकर राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की तपोवन विष्णुगढ़ जल विद्युत परियोजना और हेलंग बाईपास का निर्माण कार्य को लेकर सवाल उठते रहे। अब जबकि जोशीमठ में पानी सिर से ऊपर बहने लगा है और हाल में वैज्ञानिकों के दल ने दोबारा सर्वेक्षण कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी है, तब जाकर सरकार की नींद टूटी है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में इस संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग करते हुए कहा गया है कि ह्यमानव जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र की कीमत पर कोई भी विकास नहीं होना चाहिए। भारतीय संविधान विश्व का पहला संविधान है जिसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए विशिष्ट प्रावधान है। पर्यावरण से संबंधित समस्याओं और मसलों पर भारत सरकार ने अनेक प्रयत्न एवं नीतियां लागू करते हुए जोखिमों को कम करने एवं सामने आने वाले संकटों के समाधान के लिये तैयारी की है, लेकिन इन तैयारियों की नाव में छिद्र होना, संकट को कम करने की बजाय बड़ा कर रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सेवानिवृत्त जनसेवक का निधन, शोक की लहर

**इचाक।** प्रखंड के चंदा गांव निवासी सेवानिवृत जनसेवक, समाजसेवी और सामूदायिक सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार मेहता के सगे चाचा परमेश्वर प्रसाद मेहता (76) का निधन चंदा स्थित उनके पैतृक आवास पर शनिवार को अहले सुबह हो गई। वे इचाक प्रखंड कार्यालय में कई वर्षो तक जनसेवक और प्रखंड कृषि पदाधिकारी के प्रभार में रहे। स्व मेहता अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री समेत भरा पुरा परिवार छोड़ गए। बड़े पुत्र अवधेश मेहता इचाक प्रखंड में बीएफटी और छोटे पुत्र झारखंड पुलिस में अपनी सेवा दे रहे हैं। स्व मेहता सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। उनका अंतिम संस्कार चंदा स्थित मुक्तिधाम में शनिवार को की गई। मुखाग्नि बड़े पुत्र अवधेश मेहता ने दिया। शवयात्रा में भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, पूर्व मुखिया सुनिल कुमार मेहता, सीताराम मेहता, रामप्रकाश मेहता, संजय मेहता, नागेश्वर मेहता, बीरबल मेहता, गोविंद मेहता, नितेश कुमार समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## धर्मपुर में साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर हुई बैठक

**टाटीझरिया।** प्रखंड के धरमपुर शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को रवि सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में धरमपुर शिव मंदिर चौक में शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने विचार दिया जिसमें बताया गया कि बाजार में दैनिक उपयोग की हर वस्तुओं को लाया जाएगा। सब्जी,राशन समान,बकरी,मुर्गा,लोहे की सामग्री,कपड़े,झाड़ू,टोकरी समेत अन्य सामग्रियों को बिक्री हेतु रखा जाएगा। बुद्धिजीवियों ने कहा कि बाजार में विशेष रूप से गांव की भूमिका महत्वपूर्ण रह जाती है। बाजार में आए विक्रेता और क्रेता के साथ व्यवहार अच्छा होना चाहिए,व्यापारियों को भी बाजार में बुलाने की आवश्यकता है। बैठक में धरमपुर, डूमर, जेरूवाडीह, मुक्ति दुधमनिया, डूंगो, खरिका, खंभवा, बांडीह, दुधमनिया, मंडपा, हरदिया, पाणिमाको के ग्रामीणों ने अपने - अपने विचार रखा। बाजार समिति का पुनर्गठन भी किया गया।जिसमें अध्यक्ष योधी प्रसाद यादव, सचिव कन्हाय यादव, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साव, कोषाध्यक्ष छोटन राम, सुरेंद्र प्रसाद यादव, रामदीश राम, छोटन साव, नंदलाल यादव समेत अन्य को शामिल किया गया।

## संजीव कुमार बेदिया ने राम प्रकाश भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की

**बड़कागांव।** झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह मांडू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राम प्रकाश भाई पटेल के ब्रह्मभोज में शामिल हुए और फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी,संजीव बेदिया ने कहा ने कहा कि भगवान से प्रार्थना करता हूं इनकी आत्मा को शांति दे और परिवार वालों को इस दुख के समय में लड़ने भगवान इन पर कृपा बनाए रखें मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ,झामुमो वरिष्ठ नेता सह झारखंड मजदूर कोलियरी यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष सफीउल्लाह झामुमो नेता राकेश मिश्रा अंसारी ,प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, सतीश मिश्रा अशोक गुप्ता उमेश कुमार पवन उदय मालाकर मुकेश रावत वासुदेव कुमार थे।

## पंचायत स्तरीय अखिल भारतीय नाई समाज की बैठक

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो गांव निवासी छोटी ठाकुर घर के प्रांगण में किशोरी ठाकुर कि अध्यक्षता में अखिल भारतीय नाई समाज का पंचायत स्तरीय शिक्षा, समाजिक विकास समेत अन्य कई मुख्य बिंदुओ पर चर्चा करते हुए प्रखंड स्तरीय 24 जनवरी 2023 को कपूर्री जयन्ती मनाने को लेकर विशेष सामूहिक बैठक किया गया। मौके पर रामबिलास शर्मा किशोरी ठाकुर राजेश ठाकुर, छोटी ठाकुर किसुन ठाकुर मनोज ठाकुर भीम ठाकुर सुदीप ठाकुर जोगी ठाकुर मदन ठाकुर, भतु ठाकुर, सुरेश शर्मा आदि शामिल थे।

# ततवन संस्था के माध्यम से वेलकम ई क्लिनिक का किया गया उद्घाटन

### सदर विधायक मनीष जायसवाल ने फीता काट कर किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** हजारीबाग के नूतननगर में संचालित प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के साथ साथ ई क्लीनिक का लाभ अब हजारीबाग के आमजनों को मिल पायेगा। ततवन संस्था के माध्यम से वेलकम ई क्लिनिक का विधिवत उद्धघाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने दीपप्रवजल्लित और फीता काट कर किया। विधायक मनीष जायसवाल और जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता को वेलकम ई क्लिनिक के संचालक सोनी बाला और उज्ज्वल सिन्हा ने पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया। ततवन ई क्लिनिक के प्रतिनिधि रामकुमार वर्मा ने बताया कि ततवन ने झारखंड के लोगो तक मेडिकल सुविधाओं का लाभ पहुँचाने की कोशिश की है। राज्य में ई क्लिनिक के माध्यम से दूर दराज बैठे मरीजो को डॉक्टर की सुविधा मिल पायेगा। टेलीमेडिसिन प्लेटफार्म से स्थानीय लोगो के पास भारत के बेहतर अस्पतालों के डॉक्टर की सलाह लेकर अपना उपचार करा सकते है। इस क्लीनिक के माध्यम से दिल्ली एमस, गुड़गांव मेदांता, हैदराबाद, बेंगलुरू, पटना पारस हॉस्पिटल, रांची मेडिका जैसे बड़े बड़े हॉस्पिटल के लगभग 200 से अधिक डॉक्टरों की सलाह मरीज ले सकते है। विधायक मनीष



उद्घाटन करते मनीष जायसवाल व अन्य।

जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग शहर में पहली ई क्लीनिक के खुलने से शहर तथा दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगो को अपनी इलाज कराने में सुविधाएं प्राप्त होगी। उन्होंने वेलकम ई क्लिनिक के संचालक सोनी बाला सिन्हा और उज्ज्वल सिन्हा को बधाई देते हुए कहा कि आपने जिस सोच के साथ इस कार्य को करने की सोची है आप निस्वार्थ भाव के साथ लोगो को सही सलाहकार डॉक्टर से मरीजो को इलाज करे। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि ऐसे ई क्लिनिक खुलने के सबसे ज्यादा फायदा गरीब परिवार के लोग ले सकते है वैसे परिवार जो आर्थिक कमी के कारण अपना इलाज बड़े और अच्छे डॉक्टर से नही करा सकते है ।इस मौके पर दारू प्रखंड जिला परिषद सदस्य गीता देवी, सदर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, दारू विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, अजय साहू, अविनाश सिन्हा, त्रिपुरारी बरियार, संतोष सिन्हा, किशोर सिन्हा, विक्की महतो, शशि प्रजापति, सहित कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## शिक्षक ललित नारायण बने डिप्टी कलेक्टर, मेधा सूची में 18वां स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता



शिक्षक ललित नारायण।

**हजारीबाग।** कर्म भूमि पर फल के लिए सबको श्रम करना पड़ता है, रब सिर्फ लकीरें देता है, रंग हमको भरना पड़ता है। इस कथन को सच साबित करने वाले शिक्षक ललित नारायण तिवारी ने परिश्रम के बल पर जेपीएससी की प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में बाजी मारकर उप समाहर्त्ता का पद हासिल किया है। मेधा सूची में ललित नारायण ने 18वां स्थान पाया है। उनकी सफलता पर शिक्षक समाज में खुशी का माहौल है। ललित नारायण ने उनके लिए भी एक नजीर पेश की है जो शिक्षक पद पर रहते हुए अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। बहरहाल वर्ष 2005 में आई जेपीएससी की विज्ञप्ति के बाद तमाम पेंचीदगियों को पार कर सफलता पाने वाले ललित नारायण तिवारी को शिक्षकों ने बधाई प्रेषित की है। बता दें कि नियुक्ति का यह मामला उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आया है। इससे पूर्व वे जेपीएससी की द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में मात्र दो नंबरों से सफलता पाने से चूक गए थे। वहीं ललित नारायण कई बार जेपीएससी की स्नातक स्तरीय संयुक्त असैनिक परीक्षा में बैठे। एक बार साक्षात्कार तक का सफर भी तय किया। हालांकि अंतिम रूप से उन्हें सफलता नहीं मिली। मूल रूप से छतरमांडू रामगढ़ के निवासी ललित नारायण तिवारी फिलवक्त सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भेलवारा में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वर्ष 2000 में इन्होंने शिक्षक पद पर योगदान दिया था।

## मकर संक्रांति धूमधाम से संपन्न

**चरही।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में रविवार को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर लोगों ने सुबह स्नान कर भगवान सूर्य देव की पूजा-अर्चना किया।इसके उपरांत दही, छुड़ा, गुड़ और तिलकुट का आनंद लिये।इस अवसर पर इंद्रा के बुध बजार में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है।मेले का शुरूआत 14 जनवरी से किया गया है। यहां पर मकर संक्रांति के अवसर पर कई दशकों से मेला लगता आ रहा है। इस मेले में दूर दराज के ग्रामीण सहित हजारीबाग,बरही,रामगढ़,मांडू,कुजू इत्यादि से आये दुकानदारों ने मेले में दुकान लगाकर अपनी समानों को बिक्री करते हैं। इस मेले में सबसे ज्यादातर लोहे से बनी सामग्रियां और बर्तनों की बिक्री होती है। इसे खरीदने के लिए दूर दराज के लोग इस मेले में पहुंच रहे हैं।साथ ही मेले में लगाए गए झूले का आनंद भी ले रहे हैं।

# कोल्हुआकला में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन



अखंड कीर्तन में शामिल ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुवाकला स्थित शिव मंदिर के प्रंगाण में यज्ञ स्थापना दिवस के अवसर पर यज्ञ उद्यापन एवं अखंड हरि कीर्तन और बजरंग बली मंदिर नवनिर्माण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुखिया समेत सम्पूर्ण ग्रामीणों ने बजरंग बली मंदिर के निर्माण एवं अखंड हरिकीर्तन आयोजन करने को लेकर सहमति बनाया। मौके पर मुखिया मंगलदेव यादव, सतीश यादव, रमेश यादव, विरेंद्र ठाकुर, मिथलेश ठाकुर, राजेश यादव, श्यामदेव ठाकुर, महेश यादव, विनोद यादव, केदार यादव, रमेश यादव, रामु सिंह, संजय यादव, प्रभु दास, जगदीश दास, अर्जुन दास, किशोरी राणा, काशी राणा, शंकर यादव, नुनु महतो, बोधी महतो, सरयू, भुनेशवर, जितेंद्र ठाकुर, सकलदेव पासवान, मुंन्शी पासवान, चंद्र पंडित, ढालो पंडित, लक्ष्मण यादव, महेश, नथन, मुनि लाल राणा, उमेश साव, रामु दास, दासो यादव, शंकर राणा, संतोष, कैलाश, रामेश्वर, अर्जुन, बालेश्वर, दुलार चंद, प्रभु, दिनेश, अरविंद, राजगीर, कुंती देवी, प्रमिल, मुन्ना देवी, सुनिता, पार्वती, उर्मिला, संगीत, लक्ष्मी, पिंटू राणा,विजय, सहोदरि, सोनू, बढण दास, प्रसादी ठाकुर, मेघु पासवान सीताराम यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### सामाजिक एकजुटता को लेकर बैठक आयोजित

# मुस्लिम समाज ने बच्चों को शिक्षित करने पर दिया बल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति प्रखण्ड कमिटी की एक बैठक रियाडा स्थित टाटा मोटर्स के बगल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा व संचालन फाउंडर मेम्बर सह मीडिया प्रभारी मो तौकीर रजा ने किया। बतौर मुख्य अतिथि रांची निवासी डॉ ओवैस खान और अल्पसंख्यक महासमिति अध्यक्ष मो क्यूम शामिल हुए। बैठक के दौरान बरही में प्रखण्ड कमिटी बरही के विस्तार एवं सभी घर के मुखिया अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति को सदस्य बनाया गया। साथ ही सभी ने एक स्वर में कहा कि आपसी एकजुटता से समाज मजबूत बनेगा। डॉ ओवैस खान ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय की जब भी मुल्क को जरूरत पड़ी है तो मुसलमानों ने मुल्क का साथ दिया है। हमने सरकार के कानून का पालन किया है। कहा कि मुसलमान समाज अपने बच्चों को बेहतर तालीम के साथ उनके



अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति की बैठक में शामिल लोग।

स्वास्थ्य और रोजगार पर भी ध्यान दें। अल्पसंख्यक महासमिति अध्यक्ष मो क्यूम ने कहा कि इस्लाम अमन का मजहब है। इस्लाम का मतलब सलामती और ईमान का मतलब ईमानदारी। कहा कि मुस्लिम तबके को चाहिए कि वे बच्चों की तालीम पर ध्यान दें। वे जितना शिक्षित होंगे, उनका विकास होगा। 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने मुस्लिम समाज को पैगाम दिया कि बच्चों को जरूर पढ़ाएं।उन्हें मोटर, बंगला, कार, महंगे मोबाइल की लग्जरी सहूलियत देने के बजाय बच्चों की तालीम का बेहतर इंतजाम ही बच्चों की बेहतर परवरिश है।मौके पर विधायक प्रतिनिधि कल्याण विभाग सह उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक कल्याण समिति हाजी नकीब खान, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग रुस्तम अली, मो नसीम, मो असगर अली, मौलाना हेलाल अख्तर, मेंबर हाजी सेराज, मो नईम जावेद, मीडिया प्रभारी मो तौकीर रजा, मो कलाम, मो जमाल, पप्पू खान, मो अनवर, अब्दुल अंसारी, मो इम्तियाज, अब्दुल इम्तियाज, 20 सूत्री सदस्य हाजी मो सेराज, हाजी मो मकसूद, सराफत अली, हाफिज तैयब सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन



चैंपियन टीम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमदाग।** प्रखंड के ग्राम पसई में आनंद क्रिकेट टूनामेंट का भव्य समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संजय राणा एवम् अजय राणा के हाथो से फीता काटकर एवं राष्ट्रीय गान के बाद प्रारंभ हुआ. लीग स्टेज के समापन के बाद महुडर बनाम सुल्ताना के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें महुडर क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर सुलताना टीम को बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। सुल्ताना की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर 109 रन बनाये। उसके बाद महुडर की टीम ११ वे ओवर में 109 रन बना कर अपनी टीम को जीत दिला दी । रोहित राम को मैच ऑफ द सीरीज के इनाम से नवाजा गया। आनंद क्रिकेट टूनामेंट के अध्यक्ष आनंद राणा ने विजेता टीम को 6000 नगद एवं उपविजेता टीम को 4000 नगद देकर पुरस्कृत किया गया। अध्यक्ष ने कहा की पंचायत में अपने प्रयास से यह मेरा चौथा सीजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है।

खेल करवाने मे इसी तरह का सहयोग मिलता रहे तो हर साल मैच कराने का प्रयास करेंगे। हमें बहुत खुशी होती है। मौके पर कटकमदाग जिला परिषद सदस्य जीतन राम, प्रखंड प्रमुख कुमारी विनीता, पंचायत समिति सदस्य राम दुलारी याद, मंजू देवी, पसई पंचायत के प्रभारी मुखिया दिनेश साव, वृंदावन शर्मा, अखिलेश भगत ,पसई के पूर्व पंचायत समिति सदस्य असगर अली जमाल अहमद, सांसद प्रतिनिधि अजय राणा, शेखर कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार, धीरज कुमार राणा, दीपक रोहित, सागर कुमार, शारदा रंजन दुबे के अलावे सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मेला हमें एक साथ मिलकर आगे बढ़ने को प्रेरित करता है : चंद्रप्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** कुंदरूकला पंचायत अंतर्गत दामोदर नदी किनारे बगलामुखी धाम परिसर में मकर सक्रांति के मौके पर टुसू मेला महोत्सव सह सांस्कृतिक का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य डीएम महतो, नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, सरस्वती देवी, मुखिया किसुन राम मुंडा, आजसू नेता अमृतलाल मुंडा ने



कार्यक्रम का फीता काटकर उदघाटन करते मुख्य अथिति व अन्य

संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि मेला हमें एक साथ मिलकर आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। इसके साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोग मनोरंजन का भी लुत्फ उठाते है। ऐसे कार्यक्रमों से स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। साथ ही विलुप्त हो रहे स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने तथा अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए सहयोग करने की बात कही। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि अगले वर्ष तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नागपुरी हास्य कलाकार मजबूल खान, संगीता, गायक मनोज झारखड़ी, प्रीतम, सुमन गुप्ता द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत व अन्य कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति के लोगों द्वारा 51 किलो माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष मोहराई महतो, सचिव बालेश्वर महतो उर्फ मिट्ठू, संरक्षक रामसेवक महतो (मुखिया डुंडी), मुख्य संरक्षक सह मुखिया किशुन राम मुंडा, भुनेश्वर महतो, मिशिर लाल महतो, सुनील मेहता, शम्भु बेदिया, बिनोद करमाली, विजय केशरी, शैलेन्द्र महतो, जगदेव कुमार, बिनु महतो, सतीश आर्यन, संजय सिंघानिया सहित कई लोग मौजूद थे।

# 201 कंबल का वितरण



कंबल लेते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** एमआर कॉम्प्लेक्स के सौजन्य से मकर सक्रांति के अवसर पर रविवार को गरीब असहाय के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंबल वितरण समारोह में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, भाजपा जिला मंत्री प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, कांग्रेस नेता अमर सिंह शामिल हुए। इस दौरान आस-पास के करीब 201 गरीब, असहाय, विधवा, वृद्ध व दिव्यांग के बीच कंबल, चुड़ा, तिलकुट, गुड़ व खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि एमआर कॉम्प्लेक्स के द्वारा गरीबों के प्रति किया गया कार्य काफी सराहनीय है। इस तरह के कार्य होने से समाज के लोगों के अंदर गरीबों के प्रति बेहतर कार्य करने की आकांक्षा जागती है। मौके पर प्रेम प्रसाद, अशोक कुमार, बालेश्वर शर्मा, राजू कुशवाहा, जगदीश महतो, गणेश तिवारी, महेश गुप्ता, शिबू प्रसाद, प्रकाश केशरी, राम कुमार साहू, रतन प्रसाद, एमआर कॉम्प्लेक्स प्रबंधक मुकेश प्रसाद, जयपाल नायक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 16 को : प्रवीण



रोटेरियन प्रवीण शर्मा।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वाधान में 16 जनवरी सोमवार की सुबह 11 बजे भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हाल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस शिविर में सामान्य बीमारी, चर्म रोग से संबंधित जांच की जाएगी। जिसमें रांची के डॉ अजीत कुमार सिंह द्वारा जांच के बाद मरीजों को उचित परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त शिविर क्षेत्रवासियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी। श्री शर्मा ने उक्त शिविर का अधिक से अधिक लोगों को लाभ उठाने की अपील की है।

# मकर संक्रांति पर दामोदर और भैरवी नदी के संगम पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी

### मां भगवती का दर्शन कर आशीर्वाद लिया



रजरप्पा मंदिर फाइल फोटो।



पूजा-अर्चना के पश्चात फोटो खींचवाते श्रद्धालु।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** मकर संक्रांति के मौके पर रजरप्पा में दामोदर और भैरवी नदी के संगम स्थल पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई. मां भगवती के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मकर संक्रांति को लेकर रविवार की अहले सुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर आना शुरू हो गया था। रजरप्पा आसपास के गांवों से हजारों लोग रजरप्पा पहुंचे और मेले का आनंद उठाया। मेला परिसर लोगों की भीड़ से खचाखच पटा हुआ था। मेला परिसर में झूला, वूगी वूगी डांस, खिलौने की दुकानें सजी हुई थी। इसके अलावा मेला परिसर में लोगों के मनोरंजन और जरूरत की समान की दुकानें लगी थी। इन दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। भीड़भाड़ को लेकर रजरप्पा पुलिस ने खास इंतजाम किया था। बड़े लगभग एक किमी पूर्व ही बैरियर लगाकर रोक दिया गया। चार पहिया वाहन के लिए अलग पड़ाव बनाया गया था। मंदिर के पुजारी लोकेश पंडा का कहना है कि मकर संक्रांति के मौके पर यहां हर साल इसी तरह की भीड़ जुटती है. झारखंड के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोग भी यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। पुजारी छोटू पंडा कहते हैं कि दामोदर और भैरवी नदी के संगम में नहाने और रजरप्पा मंदिर में पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती है।

## स्पीड न्यूज

### सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर दौड़



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत रविवार को को रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहर के बरवाटोली चौक लोहरदगा से किया गया जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित नारा लगाते हुए पावरगंज चौक लोहरदगा तक दौड़ लगाई गई। कार्यक्रम में रोड सेफ्टी इंजीनियर अमरेश कुमार, दुलार कुजूर, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्म्मन, परिवहन विभाग के कर्मीगण सामिल हुए।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत 16 जनवरी को क्विज का कार्यक्रम होगा जिसमें विजेता को पुरस्कृत किया जायेगा। 17 जनवरी को सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

### अनाथ बच्चों को मिला कंबल व मिठाई



**लोहरदगा।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के पहल पर कोरोना या अन्य कारणो से अनाथ हुए 1446 बच्चों के बीच जिला विधिक सेवाप्राधिकार जाकर उनकी सुध ले रही है। इसी क्रम में रविवार को सेनहा प्रखंड के अनाथ बच्चों के बीच लोहरदगा डालसा की ओर से अभियान चलाकर 'शिशु प्रोजेक्ट' के तहत अनाथ बच्चों के बीच ठंड से बचाव को लेकर कंबल व मकर संक्रांति के अवसर पर फल एवं मिठाईयां बांटी गई। जिले में कोविड की चपेट में आने से 40 बच्चों को फोस्टर केयर एवं स्पानशरशिप का लाभ दिया जा रहा है। शिशु प्रोजेक्ट के तहत चयनित इन बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल, अन्य न्यायाधीशगण, डालसा सचिव राजेश कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार एवं प्रतिनियुक्ति पीएलवी के सहयोग से कंबल का वितरण किया जा रहा है। डालसा के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शिशु प्रोजेक्ट के तहत जिले के अनाथ बच्चों के बीच कंबल वितरण के लिए भेजा गया था। झालसा के गाइड लाइन के तहत सभी बच्चों को घर-घर जाकर राहत सामग्री दिया जा रहा है।

### युवाओं को बूथ स्तर तक जोड़ें : डुंगडुंग



**किस्को।** किस्को प्रखंड युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किस्को बाजार टाड स्थित खेल मैदान में प्रखंड अध्यक्ष फैयाज अंसारी के नेतृत्व में की गई। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग एवं उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विशाल डुंगडुंग ने कहा कि सभी युवाओं को बूथ स्तर तक जोड़ने की जरूरत है। जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और कांग्रेस पार्टी ही युवाओं के भविष्य को बेहतर बना सकती है। इसके साथ साथ प्रखंड अध्यक्ष को प्रखंड कमेटी एवं पंचायत कमेटी के विस्तार करने के निर्देश दिया गया,और झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक ग्रामीणों तक पहुंचाने की बात कही गई।मौके पर कैश आलम, असलम अंसारी,अनूप बखला,किरण कुमारी, नंदलाल कुमार, इस्तियाक अंसारी,असफाक आलम,रिजवान अंसारी,कैफ खान,इरशाद कुरैशी,इमरान अंसारी, जसिम अंसारी, अफजल अंसारी आदि उपस्थित थे।

### लावागाई में जागरूकता शिविर

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में दिशा परियोजना के तहत किस्को प्रखंड के बेटहट पंचायत के लावागाई गांव में रविवार को जागरूकता शिविर आयोजित की गई।मौके पर अधिवक्ता तरुण कुमार देवरिया के द्वारा सरकारी योजना से संबंधित वृद्धावस्था पेंशन ,विधवा पेंशन ,विकलांग पेंशन एवं अन्य विषय पर जानकारी दी गई। साथ ही कानूनी जानकारी जिसमे बाल श्रम, डायन बिसाही प्रथा, महिलाओं के अधिकार, बच्चों का अधिकार, सड़क दुर्घटना, जिला विधिक सेवा प्राधिकार से निशुल्क मिलने वाले लाभ एवं अन्य विषय पर विस्तृत जानकारी दिया गया। जिसमें शाहिद हुसैन एवं पीएलबी जयपाल उरांव के द्वारा कानूनी विषय पर लोगों को जागरूक किया गया जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य लाल दीपक कुमार एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### कुंआ में डूबने से युवक की मौत

**कैरो।** उतका गांव के कुंआ में डूबने से गांव के ही सुखदेव उरांव की मौत हो गई। मामले में जानकारी अनुसार उतका गांव निवासी रामसहाय उरांव का पुत्र सुखदेव उरांव 20 वर्ष विगत शनिवार को मेला देखकर शाम में लौटा था। वह अपने घर के समीप स्थित कुंआ के बगल में बैठा हुआ था। तभी वह अचानक बैलेंस खोकर कुंआ में गिर गया। सभी लोगों के सहयोग से बाहर निकाला गया। तबतक सुखदेव की मौत हो गई थी। कैरो थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया गया।

### मंदिर निर्माण समिति ने जताया आभार

**कैरो।** प्रखंड के खरता कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम व भव्य भंडारा का सफलपूर्वक संपन्न होने पर आभार जताया गया है। संचालन करने में सहयोग करने वाले सभी अतिथियों का मंदिर निर्माण सह मेला समिति के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने बधाई व धन्यवाद देते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजक समिति के सदस्यों के अलावे आजसू प्रतिनिधि बिपिन कुमार सिंह सहित पूरे टीम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, 20 शुत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेसी नेता बुधवा उरांव, जीप सदस्य सह जेएमएम नेता सुखदेव उरांव, चान्हो पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, उप प्रमुख प्रतिनिधि सह समाजसेवी शरत कुमार विद्यार्थी, कैरो उप स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक डॉ राकेश प्रसाद, गुमला न्यायालय के अधिवक्ता बिनोद शुक्ला, भंडारा के आयोजक शिशिर कुमार विद्यार्थी व नवीन कुमार टिंकू,पंचायत समिति सदस्य सीमा भगतथाना प्रभारी शंखनाद उरांव सहित प्रसासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार साथी, आयोजक समिति के सभी सदस्यों भक्त व मेला में आये दर्शकों के प्रति आभार जताया है।

# भाजपा नेता केसरी की अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

**पुत्र ने दी मुखाग्नि, नम आंखों से दी गयी अंतिम विदाई**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पालकोट भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुमित केसरी को रविवार को नम आंखों से लोगों ने अंतिम विदाई दी। उनके शव यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। पालकोट के बिलिंगबीरा रोड स्थित मुक्तिधाम में सुमित केसरी के पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलिन किया गया। मृतक सुमित केसरी को मुखाग्नि उनके पुत्र सुशांत केशरी ने दिया।

इधर शनिवार की देर शाम पालकोट स्थित आवास पर सुमित केसरी का पार्थिव शरीर पहुंचते ही माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। वहां उपस्थित हर आंख नम हो गई। उनके अंतिम दर्शन के लिए घर में सैकड़ों की संख्या में लोग जुट थे। देर रात तक सुमित केसरी के आवास पर लोगों का हुजूम लगा रहा। यहां बताते चले कि 9 जनवरी की देर रात अपराधियों ने गोली मारकर और पत्थर से कुचकर भाजपा नेता को बुरी तरह जख्मी कर दिया था। जिसका इलाज के दौरान शनिवार को मेडिका रांची में मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा शनिवार को देर शाम तक पालकोट जाम रखा गय। घटना को लेकर चारों ओर शोक की लहर है।



सुमित केसरी की अंतिम यात्रा में शामिल लोग।

### मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को ले कलश यात्रा आज

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के गुटवा गांव में नवनिर्मित श्री राम दरबार और बजरंगबली, शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 16 जनवरी को गांव में कलश यात्रा दिन के 8:00 बजे निकाली जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए पूजा समिति के सहदेव सिंह ने बताया कि गुट्वा गांव में श्री राम परिवार, बजरंगबली व शिव भगवान के प्राण प्रतिष्ठा का 3 दिनों का कार्यक्रम होगा। जिस निमित आगामी 16 जनवरी को कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, महा ध्वज पूजन के साथ-साथ कई पूजन की जाएगी। मंगलवार को नगर भ्रमण सहित कई कार्यक्रम होगा। इसके अलावा बुधवार को देवी देवताओं का विधिवत पूजन व प्राण प्रतिष्ठा, सिंगार रुद्राभिषेक, हवन, महा आरती व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का भी आयोजन की जाएगी। श्री सिंह ने 3 दिनों के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आग्रह भी किया।

# सांसद व विधायक की तर्ज पर मुखिया को भी राज्य सरकार दे सुविधा : रामप्रसाद

**जिला मुखिया संघ की बैठक सह वनभोज में की गयी मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** जिला मुखिया संघ की बैठक सह वनभोज कार्यक्रम रविवार को नागफेनी नदी तट पर जिलाध्यक्ष रामप्रसाद बड़ाईक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया के मानदेय वृद्धि पर चर्चा की गई और सरकार से अविलंब मुखियाओं को विधायक व सांसद के तर्ज पर सुविधाएं देने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष राम प्रसाद बड़ाईक ने कहा कि मुखिया चयन की प्रक्रिया सांसद व विधायकों की तरह होती है। विधायक व सांसद को हर सुविधा सरकार मुहैया कराती है लेकिन मुखियाओं को कोई भी सुविधा नहीं मिलती है। मुखिया को मात्र एक हजार रूपया मानदेय दिया जाता है। जिसे वे क्षेत्र भ्रमण भी नहीं कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में जनसेवा तो दूर परिवार का पालन-पोषण भी नहीं हो सकता है। श्री प्रसाद ने सरकार से मांग की कि मुखियाओं को उचित मानदेय दें ताकि वे क्षेत्र के लोगों का उत्थान खुले मन से कर सकें। सिसई मुखिया संघ के अध्यक्ष बंदी राम उरांव ने कहा कि सरकार की नीति के कारण समय पर मुखिया गरीबों की मदद नहीं कर पाते हैं। एक आवास भी उनकी स्वीकृति से तत्काल नहीं मिलता है।गरीबों का मदद करना मुखियाओं के लिए तत्काल संभव नहीं है। क्योंकि उनको उतनी शक्ति प्रदान नहीं की गई है। इसलिए सरकार पंचायती राज्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मुखियाओं को विशेष अधिकार प्रदान करें। ईसमाईल कुजूर ने कहा कि बैठक का उद्देश्य मुखिया संघ को मजबूत प्रदान करना है ताकि वे अपने हक की लड़ाई एकजुट होकर लड़ सकें। कार्यक्रम में गौरी देवी, जितनी देवी, सुमन मंडा, करमी उरांव, नरेश उरांव, बीणा देवी, हीरा देवी, फिरोजनी टोप्पो, राजेश खड़िया, सुदामा उरांव, फुलमनी कुल्लू, सीता देवी, विनीता एक्का, रश्मि लकड़ा, मंजू देवी, मीरा उरांव, जयराम उरांव, सुकेश उरांव, फलोरेंस देवी, शोभा देवी, रेखा देवी आदि उपस्थित थे।

### बिशुनपुर में वृद्ध की हत्या का आरोपी पारा शिक्षक गिरफ्तार



**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के जालिम गांव में शनिवार की देर शाम जमीन विवाद में 60 वर्षीय वृद्ध पाही उरांव की गांव के ही पारा शिक्षक शिवलाल उरांव ने कुदाल से काटकर हत्या कर दिया। थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया पाही उरांव घर के समीप अपने बारी में सरसों पटावन कर रहा था। इसी बीच शिवलाल उरांव पहुंचा और कुदाल छिनकर उसके सर में वार करने लगा। जिससे पाही उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हत्या के आरोपी शिवलाल उरांव को पुलिस गिरफ्तार कर बिशुनपुर थाने ले आई है। जहां पर हत्या के आरोपी शिवलाल ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस कागजी कार्रवाई करने के बाद आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में आज जेल भेज दिया है। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक का पुत्र सुधीर भगत ने बताया कि शिवलाल पूर्व में भी जमीन विवाद को लेकर मेरे पिताजी और मां से लड़ाई किया था। जिसको लेकर गांव में बैठक हुई थी। पंचायत ने दोनों को समझा-बुझाकर पूरे मामले को शांत कराया था। सुधीर भगत ने रविवार को बिशुनपुर थाना में पिता के हत्या के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## लोहरदगा : कोयल नदी में युवक डूबा

**लोहरदगा।** डांडू पंचायत के चितरी कोयल नदी में नहाने के दौरान डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित मेला में मिठाई दुकान लगाए युवक की मौत नहाने के दौरान हो गई है। युवक को पानी की गहराई का अनुमान नही होने के कारण हादसा हुआ है। चितरी ऐतिहासिक घाघ मेला का लुप्त उठाने दूर दूर से आए दर्शकों ने अपने सुविधा के अनुसार कोयल नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे थे। इसी दरमियान युवक कोयल नदी में नहाने के लिए पानी मे घुसा की गहरे पानी में चला गया। जिसे आनन फानन में ग्रामीणों ने निकाल इलाज के लिए पुलिस के सहयोग से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों निवासी निरंजन साहू के 25 वर्षीय पुत्र आनन्द साहु के रूप में किया गया। घटना की सूचना पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद,इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद,थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान एस आई सचिन सौरभ पहुंच घटना का तहिकात में जुट गए। जानकारी के अनुसार अप्रिय घटना होने के पश्चात प्रशासन जाम हटाने के दिशा में कार्य कर रही है।

# भक्सो नदी तट पर मेला में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड स्थित भक्सो नदी तट पर मकर सक्रांति के अवसर पर सैकड़ों लोगों ने नदी में डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की। काफी सख्या में लोग मंदिर में पूजा अर्चना कर हरिकीर्तन में शामिल हुए साथ ही कीर्तन के पश्चात चूड़ा तिलकुट खाकर मकर सक्रांति मनाई गई। ज्ञात हो कि हर साल मकर सक्रांति के अवसर पर हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं। पूरे आयोजन में प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था का पूरा इंतजाम किया गया था। इस अवसर पर जय श्री राम समिति कार्यकताओं के द्वारा हरि कीर्तन किया गया ' इस कार्यक्रम में शामिल कई अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। इस आयोजन में जय श्री राम महिला समिति अध्यक्ष इंदिरा प्रधान की अगुवाई में गौरी देवी, पूर्णिमा वर्मा, ज्योत्सना देवी,पूजा कुमारी, संगीता देवी,पार्वती देवी समेत काफी संख्या में महिलाएं कीर्तन में शामिल हुए। मौके पर अमित लोहरा,फुलकेश्वर उरांव,रमेश राम,राजकुमार महली,बासुदेव महतो,राजेश्वर महतो, बदरी सिह, तपलू वर्मा, विवेक सिंह,प्रेम सिंह,उदय साहू, दीपक साहू, देवसागर सिंह, दीपनारायण सिंह, हरीश प्रजापति, अबोध यादव, अंगद महतो, जीतवाहन यादव,नकलेश कुमार, गजाधर महतो , सलेंदर प्रजापति, नितेश प्रजापति, अनिल प्रजापति, सहदानंद साहू, नितेश सिंह, आनंद सिंह, नितेश महतो, सैलेश महतो, विजय कुमार, दीपक प्रजापति, रूपेश कुमार, महेश्वर प्रजापति,अशोक साहू, रविंदर वर्मा, गौतम प्रजापति समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।

# न्याय के लिए डालसा हमेशा तत्पर : नारायण साहू

खबर मन्त्र संवाददाता




**भंडरा (लोहदगा)।** नालसा, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर प्रखंड के भंडरा पंचायत भवन में रविवार को दिशा योजना के तहत गहन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल के निर्देशन में भंडरा पंचायत भवन में आंगनबाड़ी सेविका,सहयिका के बीच विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की गई। जिसमें डालसा पैनल अधिवक्ता नारायण साहू, पीएलभी सीमा कुमारी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा पैनल अधिवक्ता नारायण साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला भारत देश के उन 112 जिलों में शामिल है जो विकास की दौड़ में पिछड़ गया है । मानव विकास सूचकांक को बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि हम और आप विभिन्न कानूनों व योजनाओं को न सिर्फ जाने अपितु इसका लाभ लेकर सशक्त समाज का निर्माण करें। मौके पर पीएलभी सीमा कुमारी ने प्रखंड के विभिन्न गांव से आए आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को संविधान मौलिक अधिकार कर्तव्य महिला सशक्तिकरण मानव तस्करी पीड़ित मुआवजा राशि सामूहिक हिंसा आपदा से ग्रसित श्रम पंजीकरण, भूमि विवाद महिला हिंसा पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा मोटर दुर्घटना मुआवजा और

**भंडरा पंचायत भवन मे कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिए जाने वाले विधिक सेवा प्राप्त करने की तरीका पीएलबी की भूमिका को विस्तार से सभी को सरलता पूर्वक समझाया गया और दिशा योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम मे उपस्थिति सहायिका एवं सेविका के प्रश्न और उत्तर भी दिया गया और अपने अपने पोषक क्षेत्र में ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए कहा गया । इस मौके पर पीएलभी छाया देवी,देवमानी देवी, सेविका पुष्पा उरांव,अनिता उरांव,सुमित्रा उरांव,मंजू उरांव,समसद खातून सहित दर्जनों सेविका व सहयिका मौजूद थे।

## एक नजर में

### रविदास समिति के अध्यक्ष बने तेजपाल राम



गुमला। रविदास पंचायत समिति गुमला का गठन रविवार को किया गया। बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन समिति के सदस्यों ने अंबेदकर नगर स्थित सामुदायिक भवन में मनाया। रविदास पंचायत समिति के गठित पदाधिकारियों में तेजपाल राम को अध्यक्ष, कन्नीलाल राम को उपाध्यक्ष, डोमन राम मोची को सचिव, अशोक कुमार राम को उप सचिव, गणेश राम को कोषाध्यक्ष, रूपेश कुमार को उप कोषाध्यक्ष, भंडारपाल मोती राम को, सूचना मंत्री छोटेलाल राम को, बैठक व्यवस्था दिलीप राम को, मतदान पदाधिकारी अवधेश राम व प्रदीप राम को बनाया गया। चुनावी प्रक्रिया के बाद बैठक में समाज का वनभोज 22 जनवरी को मांझाटोली स्थित शंख नदी तट पर करने का निर्णय लिया गया।

### झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक आज

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला जिला समिति का सोमवार को गुमला स्थित परिसदन के बैठक होगी। बैठक में 28 फरवरी को रांची में होनेवाली महापंचायत की तैयारी को लेकर प्रमंडल स्तर के चुनिंदा पदाधिकारियों को भी आमंत्रित की गई है । पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आम जनता की बात तथा खासकर भ्रष्टाचार व जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाले पत्रकारों को एक सम्मान कार्यक्रम रखकर सम्मानित भी करने का निर्णय लिया गया था जिसके तहत जिला मुख्यालय में कार्यरत सभी पत्रकारों को आमंत्रित किया गया है और जनपक्षीय पत्रकारिता को प्रोत्साहन देने के लिए सम्मानित किया जाएगा। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से दल के केंद्रीय पदाधिकारी भी शिरकत कर रहे हैं।

### पुरातन छात्र परिषद ने मरीजों को दिया कंबल



**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर के पुरातन छात्र परिषद बैच 99 के छात्रों के द्वारा रविवार को स्थानीय सदर अस्पताल में मरीजों के बीच कंबल का वितरण किया गया। गुमला के सरस्वती विद्या मंदिर के सभी पुरातन छात्र हमेशा एकता का परिचय देते रहते हैं और मकर सक्रांति के अवसर पर बैच 99 के शिशिर गुप्ता के नेतृत्व में कंबल का वितरण किया। वहीं सदर अस्पताल के मरीजों को मकर संक्रांति पर्व पर तिलकुट भी बांटा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष श्री संजीव मालानी , पुरातन छात्र परिषद के संयोजक अक्षय वर, अरुण गोयल, तरुण कुमार, राजकमल सोनी, अश्विनी विकास तिवारी, रोहित गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, अमित सोनी छोटू, सुधाकर मिश्रा, अनिल कुमार, आशीष प्रसून, स्वप्न कुमार राय, नीरज अग्रवाल, हरेंद्र विनीत सोनी उपस्थित थे।

### चैनपुर प्रखंड कांग्रेस के प्रभारी बने हंदू भगत

**गुमला।** जिला के वरिष्ठ नेता हंदू भगत को कांग्रेस पार्टी ने चैनपुर प्रखंड का प्रभारी बनाया गया है। श्री भगत ने एक भेंटवार्ता में कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा मुझे जो जिम्मेवारी मिली है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा और आमजन के हित एवं पार्टी के मजबूती के लिए कार्य करूंगा। श्री भगत ने कहा कि सरना स्थल की घेराबंदी को लेकर आंदोलन करते रहें और कांग्रेस पार्टी ने उन्हें प्रभारी के तौर पर जिम्मेवारी दी है वे आम जनों के हितों को लेकर पंचायत की जनता के सहयोग से जोरदार आंदोलन करेंगे।

### कांग्रेसियों ने सांसद के निधन पर जताया शोक

गुमला। पंजाब के जालंधर से कांग्रेस के सांसद संतोष सिंह की ह्रदय गति रूकने से मौत हो गई। इस घटना से जिले के कांग्रेसी मर्माहत हैं और शोक संवेदना प्रकट की है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आहुत भारत जोड़ो यात्रा में संतोष शामिल थे। वे जिस मकसद से इस यात्रा में शामिल हुए। वह जरूर पूरा होगा। वे अनुभवी नेता थे। शोक जताने वालों में अकील रहमान, रामनिवास प्रसाद, अमर कुजूर, मुरली मनोहर प्रसाद, हेमावती लकड़ा, हिमेश कुमार, बैजनाथ उरांव सहित अन्य है।

### धान के गांज में लगी आग, जलकर राख



**डुमरी।** टांगडीह गांव में दिलभंजन बड़ाईक के धान के गांज में शनिवार शाम को आग लग जाने धान की गांज जलकर राख हो गई। इस संबंध में मौजूद लोगों ने बतलाया की लगभग 80, से 90 भार धान ढोकर गांज तैयार किया गया था। आस पास के लोगों ने गांज में आग लगते देख सोर गुल किया और ग्रामीणों को भीड़ होने लगी। तभी रूजेंदर बड़ाइक ने कुंआ के जरिए पाइप से पानी निकाल कर आग बुझाने की कोशिश की। परंतु तबतक आग की लपेट पूरे गांज पर पड़ चुकी थी। जिससे धान की गांज पूरी तरह से जल कर राख हो गई। पीड़ितों ने सरकार से मुआवजे की मांग की हैं।

### पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**गुमला।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए रविवार को एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में गुमला पुलिस ने गांधी गिरि अपनाते हुए वाहन चालकों को फूल प्रदान किया और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की। इस दौरान पुलिस ने शहर के पटेल चौक, टावर चौक के समीप बिना हेल्मेट एवम बिना सीट बेल्ट पहने, ट्रिपल लोड, लोगों को गुलाब एवं माला पहना कर जागरूकता किया। मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने से बेहतर है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो घरवाले आपके सुरक्षित लौटने का इंतजार कर रहे होते हैं। जीवन बहुमूल्य है इसे लापरवाही में नहीं गवाएं सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाये जा रहे जागरूकता अभियान 11 से 17 जनवरी तक चलेगा। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौक चौराहों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जगरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के प्रबंधक प्रभास कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, अन्य शामिल थे।

### डालसा सचिव ने दी कानून की कई जानकारी



**गुमला।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला संजय कुमार चांधरीयावी के आदेशानुसार तेलगांव गांव में दिशा स्कीम के तहत दो दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया । यह जागरूकता अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला एवं समाज कल्याण विभाग गुमला के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। झारखंड सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं दिशा स्कीम के तहत टेली लॉ, न्याय बंधु कार्यक्रम, सूचना शिक्षा और संचार तथा न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सचिव पार्थसारथी घोष के द्वारा कार्यक्रम के व्यापक उद्देश्य के बारे में बताया गया कि नालसा अन्य कानूनी सेवा संस्थानों के साथ लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी सेवा संस्थानों की भूमिका तथा कानूनी सेवा गतिविधियों की भूमिका और महत्व को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है।

स्पीड न्यूज

## मो. शब्बीर ने कोलकाता के अस्पताल में दम तोड़ा

**जमशेदपुर।** आजादनगर निवासी मो. शब्बीर ने आज कोलकाता में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शब्बीर को गत शुक्रवार को अपराधियों ने उसकी बस्ती में ही गोली मार दी थी। उसे टीएमएच में प्रारंभिक इलाज के बाद परिजन कोलकाता के एक नामी अस्पताल में भर्ती कराये थे जहां रविवार को उन्होंने दम तो ड़ दिया। मो शब्बीर के बयान पर ही कांग्रेसी मो बबलू नौशाद, शहनवाज उर्फ छोटू बच्चा, मो गुलरेज, मो शादाब, मो रिंकू, मो दानिश, खटटा सोनू, राजा, हाजी सद्दाम के खिलाफ पुलिस ने नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

## मानगो ईदगाह मैदान में जनता दरबार आज

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम अंतर्गत ईद्गाह मैदान, मानगो में 16 जनवरी सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। जारी आदेश में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि आम नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने एवं सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक सुयोग्य लाभुकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी, मतदाता सूची का अद्यतन, राशन, विभिन्न पेंशन, आवास, बैंक ऋण, जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र, भूमि संबंधी वाद, म्युटेशन वाद, बिजली, पेयजल, मुकदमा संबंधी, यूआईडी, श्रम, कौशल विकास, नियोजनालय आदि योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन किया जायेगा। जनता दरबार में मानगो नगर निगम एवं मानगो अंचल कार्यालय के विभागीय कर्मचारी पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक उपस्थित रह कर प्राप्त जन शिकायतों का ससमय निष्पादन करेंगे ।

## संक्रांति पर दोमुहानी डुबकी लगाने उमड़ा जनसैलाब



**गम्हरिया।** मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों व तालाबों में आस्था की डुबकी लगाने श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गम्हरिया के सापड़ा-शहरबेड़ा स्थित दोमुहानी नदी तट, सीतारामपुर जलाशय, गांजिया घाट, मानीकुई घाट, शिवबाँध आदि घाटों पर प्रातः चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी प्रारंभ हो गई थी जो देर दोपहर तक चलता रहा। इस मौके पर सापडा दोमुहानी तट के समीप भव्य मेला का आयोजन किया गया।

## महिला-पुरुषों तीरंजदाजी प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर।** आज जाहेर थान कमिटी, दिशोम जाहेर करनडीह के ओर से ''आखान जात्रा'' के शुभ अवसर पर पुरुष तथा महिला वर्ग का पारम्पारिक तीरंदाजी का आयोजन किया गया जिसमे 156 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पुरुषों का 50 मी.तीरअंदाजी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- सक्ला मुर्मू, करनडीह, सरजोमटोला, द्वितीय स्थान- सुराई सोरेन, हलुदबनी, पाड़ाटोला, तृतीय- सीतारामडेरा, हलुदबनी, पाड़ाटोला, महिला वर्ग में प्रथम स्थान- सरिता मार्डी, द्वितीय स्थान- सोलमा मार्डी, तृतीय- छीता मार्डी, पुरूस्कार वितरण जाहेर थान कमिटी के अध्यक्ष श्री सी आर माझी, वरीय उपाध्यक्ष- गणेश टुडू, महासचिव श्री बुढ़ान माझी, श्रीमती ताला टुडू एवं श्रीमती दुलारी मुर्मू ने किया।

## मुखिया सिमरन सामड पंचतत्व में विलीन

**गम्हरिया।** प्रखंड अंतर्गत जगन्नाथपुर पंचायत की मुखिया सिमरन सामद के शव का अंतिम संस्कार रविवार को बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट में किया गया। इससे पूर्व रविवार को सुबह टीएमएच शीतगृह से शव को उनके जगन्नाथपुर स्थित आवास लाया गया जहां काफी संख्या में जुटे लोगों ने उनका अंतिम दर्शन किया। उनके बड़े पुत्र ने उनके शव को मुखाग्नि दी। उनके शव यात्रा में मुख्य रूप से गम्हरिया थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, भाजपा नेता रमेश हांसदा, उप मुखिया रिंटू देवी ,पंचायत समिति सदस्य आरती देवी,अमरेश कुमार, वार्ड सदस्य जगजीवन महतो, वीरेंद्र राय व अन्य शामील थें।

# गलवान के वीर शहीद गणेश हांसदा के परिवार के साथ मनाया गया थल सेना दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हिंदुस्तान की सेना ने अपनी वीरता और पराक्रम से विश्व युद्ध के समय से ही पूरी दुनिया में अपनी धाक जमा ली है क्योंकि भारतीय सेना सिर्फ हथियारों के बल पर युद्ध नहीं लड़ती बल्कि उनके जोश,जुनून और देश की मिट्टी के प्रति निष्ठा उन्हें मजबूत करती है। देश तो 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया लेकिन भारतीय सेना का इतिहास 15 जनवरी 1949 को बदला। इसी दिन लेफ्ट जनरल के एम करिअप्पा, जो बाद में फील्ड मार्शल बने, ने ब्रिटिश साम्राज्य के तत्कालीन कमांडर जनरल स 'फ्रांसिस रॉय बूचर से कमांड हस्तांतरित किया। भारतीय सेना इएलिये प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को आर्मी दिवस के रूप में मनाती है और दिल्ली के परेड में आर्मी जनरल सलामी लेते हैं। यह दिन सेना के उन सभी शहीदों को सम्मान समर्पित करने का है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर ने आज लौह नगरी के लाल गलवान वीर शहीद गणेश हांसदा के परिवार के साथ सेना दिवस मनाने का फैसला लिया। इस क्रम में संगठन के सदस्यों ने अमर शहीद गणेश हंसदा के पैतृक निवास, ग्राम कोसफलिया, जाकर उनके माता पिता से उनका कुशल क्षेम जाना एवं शहीद के परिवार ने मुख्य अतिथि एवं संगठन के सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक कटिंग कर थल सेना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।



शहीद की माता-पिता को सम्मानित करते पूर्व सैनिक।

संगठन के सदस्यों ने घाटशिला में मौजूद शहीद सिपाही दिलीप बेसरा के मूर्ति पर भी माला पहनाकर सम्मानित किया तथा पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वहां के संगठन के स्थानीय सदस्य पंकज महतो, अमित कुमार, रुपेश दुबे, मंतोष मंडल, बृज किशोर, सक्रिय भूमिका रही।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे शहीद गणेश के माता पिता के साथ पूर्व विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि कुणाल सारंगी भी उस समय साथ में मौजूद थे। मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष ने थलसेना की शुभकामनाएं सभी को देते हुए कहा कि संगठन का यह प्रयास रहेगा कि वे शहीद परिवारों के हर सुख दुख के साथी बने।स्थानीय प्रतिनिधि की मौजूद्गी में ही शहीद परिवार ने अपनी कुछ परेशानियों हमें अवगत कराया। संगठन ने अपने ओर शहीद परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए इसे अपनी लड़ाई मानकर राज्य इकाई के माध्यम से उनकी बात ऊपर तक पहुंचाने तथा हर संभव सहायता करने का वचन दिया। कोसफलिया गांव के ग्रामवासी भी इस अवसर पर भारी संख्या में मौजूद थे। ग्रामवासियों की मौजूद्गी में शहीद परिवार के माता पिता के हाथों से सेना दिवस का केक कटवाया गया तथा समस्त ग्रामवासियों के बीच मिठाई का वितरण किया गया और उनके साथ नाश्ते का आनंद उठाया। संगठन के जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह एवं जिला अध्यक्ष विनय यादव द्वारा कुणाल सारंगी जी को पुष्पगुच्छ दे सम्मानित किया गया। अवधेश कुमार एवं उमेश द्वारा स्वागत भाषण प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक साथी मौजूद रहे जिसमे आमोद, संतोष कुमार सिंह, उमेश सिंह, जितेन्द्र सिंह,मनोज कुमार सिंह, सत्या प्रकाश,वरुण सर, विजय कुमार, विनय कुमार यादव, संजय सिंह, राकेश कुमार पांडे, सुखविंदर सिंह, बिरजू कुमार अनिल सिन्हा, बिजय कुमार सिंह, राजेश सिंह, दया भूषण, निर्मल कुमार, राजेश सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, बहरागोड़ा, पंकज महतो एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# गोपाल मैदान में 21 को भव्य टुसू मेला

### 11 विजेताओं में बंटेगी नकद 223 लाख की राशि, सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंडवासी एकता मंच की संयोजक मंडली सहित अन्य सदस्यों की बैठक सोनारी निर्मल भवन में मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो की अध्यक्षता में हुई, जिसमे आगामी 21 जनवरी को बिस्टुपुर गोपाल मैदान में आयोजित होनेवाले विशाल टुसु मेला की तैयारी की समीक्षा की गई। आस्तिक महतो ने बताया कि कोरोनाकाल मे दो वर्ष में मेला आयोजित नही किया गया था। इसबार भव्य रूप से मेला का आयोजन होगा।



टुसु मेला का फाइल फोटो

बैठक में मौजूद सांसद सह मंच के संयोजक विद्युत वरण महतो ने बताया कि अन्य वर्षों की तरह इस बार भी टुसु, चौड़ल और बुढ़ी गाड़ी नाच में कुल 11 विजेताओं को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। बताया गया कि टुसु के प्रथम विजेता को 31 हजार, द्वितीय-25 हजार, तृतीय-20 हजार, चतुर्थ- 15 हजार, पंचम-11 हजार, षष्टम-7 हजार व सप्तम विजेता को 5 हजार नगद राशि दी जाएगी। इसी तरह चौड़ल में प्रथम- 25 हजार, द्वितीय-20 हजार, तृतीय-15 हजार व चतुर्थ विजेता को 11 हजार की राशि मिलेगी. बुढ़ी गाड़ी नाच में प्रथम-15 हजार, द्वितीय-11 हजार, तृतीय-7 हजार व चतुर्थ विजेता को 5 हजार नगद राशि मिलेगी। फणीन्द्र महतो ने कहा कि मेला में टुसु व चौड़ल लेकर आनेवाले सभी को सांत्वना पुरस्कार के रूप में निश्चित राशि दी जाएगी।

बैठक में मेला को सुचारू ढंग से आयोजित करने के लिए अलग अलग टीम बनाई गई.विजेताओं के चयन हेतु कई सदस्यों को जिम्मेवारी दी गयी। आयोजकों ने शहरवासियों से इसमे शामिल होकर झारखंडी एकता का परिचय देने की अपील की है। बैठक में सुखदेव महतो, बबलू महतो, कमल महतो, सीनू राव, जगदीश राव, विजय महतो, मनोज सिंह, राजू बाबा, नरेंद्र महतो, अशोक सिंह, ओपा सिंह सहित कई सदस्य शामिल थे।

# टाटा से बनारस के बीच लग्जरी बस सेवा शुरू



**जमशेदपुर।** राजधानी बस सर्विसेज रांची और पटना के बाद अब बनारस के लिए लग्जरी बस की नई सेवा शुरू की है रविवार को स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानगो बस स्टैंड से बस का शुभारंभ किया। टाटा से यह बस प्रतिदिन संध्या 630 बजे बनारस के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह से प्रतिदिन रात्रि 930 बजे बनारस से टाटा के लिए प्रस्थान करेगी। राजधानी बस सर्विसेज के मालिक विद्या भूषण सिंह ने बताया कि बनारस जाने वाले पैसेंजर का खास ख्याल रखा गया है इस बस में 25 स्लीपर और 25 सीटिंग अरेंजमेंट है पैसेंजर के लिए मिनरल वाटर, ब्लैंकेट, बेड शीट आदि की सुविधा रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि राजधानी के सभी बसों में अनुशासित कर्मचारी ड्राइवर बहाल है जो हर सुविधाओं का ध्यान रखते हैं। 2गणा 1 यह बस पूरी तरह से वातानुकूलित और आरामदायक है। बस रांची, मोहनिया, चंदौली, बनारस होते हुए गाजीपुर तक जाएगी। बुकिंग के लिए 9155411963 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# कचड़ा डंपिंग और जलाने के खिलाफ ग्रीन ट्रिब्यूनल में मामला दर्ज

### वरिष्ठ नागरिक केएस उपाध्याय ने दर्ज कराया है मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोनारी दोमुहानी के पास स्वर्णरेखा किनारे कचरा डंपिंग करने और उसे जलाने से हो रहे प्रदूषण के विरूद्ध वहाँ के एक वरिष्ठ नागरिक श्री के एस उपाध्याय ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल में मुकदमा दर्ज किया है और कहा है कि केन्द्र/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर अक्षेस और टाटा युटिलीटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों का उल्लंघन कर नागरिकों का जीवन खतरा में डाल रहे हे हैं। याचिका बहस के उपरांत एनजीटी ने स्वीकार कर लिया है। कल प्रतिवादियों के विरूद्ध नोटिस जारी होने की संभावना है। याचिकाकर्ता की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री संजय उपाध्याय एवं सहयोगियों ने मुकदमा दायर किया है।

विधायक सरयू राय ने यहां जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि सोनारी दोमुहानी पर कचरा जलाने से हो रहा प्रदूषण लंबे समय से भीषण जनसमस्या बना हुआ है। जब प्रशासन और सरकार जनहित की अनदेखी करने लगते हैं और अपने दायित्व का पालन जानबूझकर नहीं करते हैं तो इसके खिलाफ जन पहल ही एकमात्र उपाय बचता है। जमशेदपुर में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां प्रशासन, पुलिस और नगरपालिका अपना दायित्व नहीं निभा रहे हैं, कानून के प्रावधानों का पालन नहीं कर रहे हैं, कतिपय मामलों में तो सरकार के आदेश का भी अनुपालन नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में जन पहल ही एकमात्र उपाय है। कानून का राज के विरूद्ध प्रशासनिक आचरण के विरूद्ध यही विकल्प रह जाता है कि जनता या तो न्यायालय का सहारा ले या सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रतिरोध करे।

याचिकाकर्ता ने इस मामले में कघनून का पालन कराने और कानून का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कारवाई करने की प्रार्थना न्यायालय से किया है।

# चैंपियंस लीग क्रिकेट 2023 सीजन 4 की विजेता बनी सिंहभूम चैम्बर टीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा आयोजित क्रिकेट चौंपियंस लीग सीजन चार-2023 का विजेता सिंहभूम चौंबर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज और मायुमं स्टील सिटी शाखा की टीम उप विजेता बनी। मायुमं शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल के नेतृत्व में शनिवार 14 जनवरी की रात ट्यूब मेकर्स क्लब में आयोजित हुए मैच में दोनो टीम द्वारा ऐसा शानदार प्रदर्शन किया गया की अंतिम गेंद तक लोगों की धड़कन बढ़ गई थी। सिंहभूम चौंबर को जीत के लिए 1 बल में 6 रन की जरूरत थी और भूपेंद्र ने आखरी गेंद में छक्का जड़ दिया। मैन अफ टूर्नामेंट बने स्टील सिटी के हर्ष शारदा, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज स्टील सिटी के पियूष शर्मा और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी चौंबर के राहुल शर्मा को पुरुस्त किया गया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संयोजन अंकुर मोदी और प्रवीण अग्रवाल ने किया। कमेंट्री बक्स को ऋषभ चेतानी ने बखूबी संभाला। शाखा सचिव निलय अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।



उन्होंने सभी टीम को शुभकामनाएं दी साथ ही क्रिकेट का आनंद लिया सबके साथ। छह लीग मैच, और 2 सेमिफाइनल के बाद सिंहभूम चौंबर एवं स्टील सिटी का फाइनल मुकबला हुआ।

इस एक दिवसीय क्रिकेट कार्यक्रम के समापन पर जमशेदपुर के प्रतिष्ठित समाज सेवी मुख्य अतिथि अशोक चौधरी, कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता कमल फार्मास्यूटिकल्स के अभिषेक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से विजेता टीम सिंहभूम चौ।बर को पुरुस्त किया। साथ ही कार्यक्रम के सह सौजन्यकर्ता जेएमवी फार्मास्यूटिकल्स द्वारा उपविजेता टीम स्टील सिटी शाखा को पुरुस्कार दिया गया।

इस दौरान निलय अग्रवाल, अजय चेतानी, अरुण गुप्ता, बिमल रिंगसिया, नितेश धूत, पंकज संघी, दीपक पारिक, सुरेश कांवटिया, मुकेश मित्तल, महेश सोंथालिया, मानव केडिया, आशीष चौधरी, दीपक अग्रवाल, बासु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# गुजरात के तर्ज पर झारखंड में पहली बार पतंग प्रतियोगिता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मेराकी ट्रस्ट और बिरसा युवा मंच के संयुक्त सहयोग से मकर संक्रान्ति टुसू पर्व के अवसर पर रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के सुदूरवर्ती ग्राम नूतन डीह में गुजरात के तर्ज पर झारखंड में पहली बार अनोखा पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झारखंड के युवाओं में नया जोश नई उम्मीद और ऊंची उड़ान भरने का ख्वाब भरने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में पूर्व डीआईजी और बिरसा युवा मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में गढ़वा के राजा राजदेव सिंह, बिरसा युवा मंच और मेराकी संस्था की सचिव रीता पात्रो, जिला परिषद सदस्य कविता परमार, इंसाफ संस्था के अख्तर इमाम, मिराज खान, बिरसा युवा मंच और मेराकी संस्था की अन्य सदस्य शामिल थे।

कार्यक्रम में करीब 300 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान अनेकों प्रकार के खेल कूद,सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता,पतंग उड़ाकर त्योहार,और ग्रामीण लोगो के साथ खिचड़ी ग्रहण कर त्योहार मनाए। मौके पर राजीव सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में जोश तो आता ही है।

# हर व्यक्ति का धर्म है सेवा करना : विद्यानंद सरस्वती

## 20 वर्षों में हर हर महादेव सेवा संघ ने 25 लाख जरूरतमंदों में बांटे कंबल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ के द्वारा मकर संक्रांति के पुनित अवसर पर महंत विद्यानंद सरस्वती एवं संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में फदलुगोडा, बाहरागुडी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्गों में कंबल सेवा करके आशीर्वाद लिया।

हर हर महादेव सेवा संघ के द्वारा पिछले 20 वर्षों में 25 लाख से अधिक जरुरतमंदों के बीच कंबल सेवा किया गया । इस कड़ी में इस वर्ष जमशेदपुर के लगभग 120 बस्तीयों व स्लम क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संस्था के स्वयंसेवकों द्वारा चिन्हित करके दस हजार से अधिक जरुरतमंदों को कंपकंपा देने वाली ठंड से निजात दिलाने हेतु कंबल सेवा का लाभ पहुंचा कर कंबल सेवा का समापन किया। इस मौके पर महंत विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि हर व्यक्ति का धर्म है सेवा करना जिसे जितनी शक्ति ईश्वर ने दी है। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि महादेव की पा से सेवा का सिलसिला जारी रहेगा महादेव की ही पा है कि हम पिछले 20 वर्षों से सेवा कार्य कर पा रहे हैं समाजसेवा में अंतिम व्यक्ति की सेवा करना हमारा उद्देश्य है जब तक ईश्वर की कृपा रही सेवा करते रहेंगे।



हर हर महादेव संस्थान के अमरप्रीत सिंह काले।

इस मौके पर स्थानीय कमेटी से सपन कुमार महतो, संजय प्रमाणिक, शंकर महतो, प्रदीप गिरी, किशोरी सिंह,तारा पदा सेन,सुनील चंन्द्र महतो, शंकर मंडल, सुनील चंन्द्र गोप, चितरंजन प्रमाणिक बापा, बिशु मुंडा हर हर महादेव सेवा संघ के संरक्षक बृजभूषण सिंह, जूगुन पांडे, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, जीवन सिंहदेव, पिंटू भिरभरिया, मोहन दास एवं अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

## पीयूसीएल ने बाल सुधार गृह का किया दौरा



**जमशेदपुर।** पीयूसीएल और सुर ओ साहित्य की संयुक्त टीम द्वारा आज मकर सक्रांति के अवसर पर बाल सुधार गृह, जमशेदपुर का दौरा किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा यह बताया गया कि हर वर्ष हमारी टीम बाल सुधार गृह के अवलोकन सत्र का आयोजन करती है। हम इस कार्यक्रम द्वारा सुधार गृह के विविध गतिविधियों, प्रशासनिक कार्यवाहियों, बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुधार कार्यक्रमों, बाल सुधार गृह के विधिक और न्यायिक गतिविधियों और बच्चों को अपराध मुक्त भविष्य के लिए तैयार करने के सरकार के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण और अवलोकन करते हैं। आज के कार्यक्रम में टीम द्वारा सुधार गृह के 110 बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्रियों और खाद्य वस्तुओं का वितरण किया गया। सुर ओ साहित्य के ढोला बाजपाई द्वारा जीवन की सही राह, जीवनयापन के बेहतर विकल्प एवं अन्य विषयों पर बच्चों का मार्गदर्शन भी किया गया। आज के कार्यक्रम द्वारा संकलित दस्तावेजों के आधार पर निर्मित रिपोर्ट राष्ट्रीय और राजकीय स्तर के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को संप्रेषित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में टीम के लोग उपस्थित रहे मो. नवाब अध्यक्ष पीयूसीएल जमशेदपुर, ड सुप्रियो बनर्जी, कमलेश साहू, बबलू चक्रवर्ती, ढोला बाजपाई, सुशांत कुमार, एस चौधरी, रानी साहू आदि सदस्य मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिल विश्वकर्मा समाज ने मकर-टुसू पर्व की दी बधाई



**जमशेदपुर।** आज मुख्य पर्व टुसू , मकर संक्रांति , पोंगल के शुभ अवसर पर जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के केन्द्रीय कार्यकारिणी ने भारत सरकार के मंत्री से मुलाकात कर टुसू और मकर संक्रांति की बधाई दी। श्री मुंडा ने भी समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा ,उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, जितेन्द्र शर्मा महामंत्री सुजीत शर्मा ,सहायक महामंत्री राजकुमार शर्मा , महेश शर्मा, महिला अध्यक्ष मीरा शर्मा को मुख्य पर्व की बधाई दिए और सभी को एक सुत्र में बंधने का सलाह देते हुए जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के केन्द्रीय कार्यालय में उपस्थित होने का आमंत्रण स्वीकार किए। समाज के तरफ से पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर माननीय मंत्री जी को सम्मानित भी किया गया।

## माला पहना कर बोली ट्राफिक पुलिस, हुजूर, हेल्मेट पहनिए,सुरक्षित रहिए

**जमशेदपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जिला परिवहन कार्यालय सरायकेला-खरसावाँ के जिला सड़क सुरक्षा सदस्यों द्वारा जागरूकता अभियान चला लोगो को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान ऐसे दो पहिया चालक जो बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते पाए गए चालकों को गुलाब के फुल और माला पहनाकर शर्मिंद्गी महसूस कराया गया। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बिना हेलमेट पहने वाहन ना चलाने तथा दुसरो को भी जागरूक करने हेतु अपील किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा के सदस्य सड़क सुरक्षा प्रबंधक श्री कुंदन वर्मा ,सड़क अभियान्त्रिकी विश्लेषक श्री आशुतोष कुमार सिंह, आई टी सहायक श्री धृत कुमार एवं याताया पुलिस भी शामिल रहे।

## आजसू पार्टी ने मनाया पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की जन्मदिन



**जमशेदपुर।** रविवार दोपहर 2 बजे डिमना स्थित ग्रीन सिटी स्थित पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी केंद्रीय प्रधान महासचिव श्री रामचंद्र सहिस के आवास पर आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम द्वारा उनका जन्मदिन मनाया गया जिसमे गुलदस्ते और अंगवस्त्र से स्वागत कर केक कटिंग किया गया। जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, जिला प्रभारी, प्रो रविशंकर मौर्या, कमलेश दुबे, अप्पू तिवारी, विमल मौर्या, हेमंत पाठक, मनोज यादव, मृत्युंजय सिंह, शंभू श्रवन, मनोज ठाकुर, संतोष कुमार, अरूप मल्लिक, प्रवीन प्रसाद, स्वरूप मल्लिक,साथ में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष बलबीर मंडल, लालचंद सिंह, अमर सिंह,साहेब बागती, सरफराज खान, समीर खान समेत अन्य मौजूद रहे।

## अल-मनार पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मना




**जमशेदपुर।** आज अल मनार स्कॉलर पब्लिक स्कूल,जाकिरनगर में 10वां वार्षिक दिवस मनाया गया। यहां मडर्न एजुकेशन के साथ साथ इस्लामिक वैल्यू भी पढ़ाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्का जैन विश्वविद्यालय के कुलपति ड.सफदर रजी साहब के हाथों से बच्चों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चो ने नात, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, कविता, नृत्य और रंग रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में इबरार अंसारी, तौहीदुल हसन, आफताब सबाही, मोहम्मद शाहिद, सलीम अख्तर, प्रिंसिपल माहरुख फातमा, खलील अंसारी मौजुद थे।

## मकर संक्रांति में नुआग्राम में मकर कीर्तन करने की परंपरा आज भी जीवित है



**जादूगोड़ा।** मकर संक्रांति में पोटका के नुआग्राम में मकर कीर्तन करने की वर्षो पुरानी परंपरा आज भी जीवित है।इस मौके पर मकर पर्व पर नुआग्राम में मकर कीर्तन की परंपरा का ग्रामीणों ने निर्वाह किया।रविवार को सुबह 11 बजे गांव मकर संक्रांति कीर्तन मंडली सुनील कुमार दे के नेतृत्व में गांव के तालाब से मकर कीर्तन करते हुए पूरे नुआ ग्राम में परिक्रमा किया गया। कीर्तन मंडली में सुनील कुमार दे के अलावे शंकर चंद्र गोप,भास्कर चंद्र दे,स्वपन दे,तरुण दे,तपन दे,महादेव दे,प्रशांत दे,शैलेन्द्र प्रामाणिक,प्रदीप दे,अरुण पाल आदि सहयोग दिया।

स्पीड न्यूज

## जरूरतमंद बच्चों के बीच गर्म कपड़े का वितरण

**गोमो।** ठंड से राहत देने की उद्देश से जरूरतमंद बच्चों के बीच आँगनबाडी केंद्र भिखनीडीह 1 रविवार को गर्म कपड़ो का वितरण गेन्दनवाडीह पंचायत की उप-मुखिया छाया देवी की कर कमलो द्वारा किया गया साथ मे समाजसेवी श्री कार्तिक चन्द्र महतो,आकाश कुमार सिंह,पति राम महतो,चंद्रिका सिंह,प्रवीण महतो,त्रिपुरारी सिंह, सिंह,किरण देवी,सेविका बॉबी कुमारी उपस्थित थे।

## समाजसेवी अंकित राजगढ़िया ने किया रक्तदान

**धनबाद।** मकर संक्रांति को दान पुण्य के कार्य किए जाते है। रविवार को इसी पुण्य दिन मे समाजसेवी अंकित राजगढ़िया ने पीएमसीएच मे जाकर रक्तदान किया। अंकित का यह 55 वी बार रक्तदान है । अंकित रक्तदान,नेत्रदान और अंगदान को लेकर वर्षो से कार्यरत है ।

## यूट्यूबर के लिए सम्मान समारोह

**तोपचांची।** श्री बालाजी फोटो विजन, बैंक मोड़, धनबाद एवं झारखंड लोक कला मंच, बरमसिया धनबाद के बैनर तले यूट्यूबर सम्मान समारोह एवं वनभोज का आयोजन तोपचांची, वाटर बोर्ड, धनबाद में किया गया। कार्यक्रम में राज्य भर से करीब 200 यूट्यूबरो ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुभाष सरावगी , प्रभाष सरावगी एवं गुड्डू गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया । गणेश वंदना कृपा अंशु सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया, फिर बारी बारी से सभी यूट्यूबरो को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। सभी आमंत्रित सदस्यो ने वनभोज में स्वरुचि भोजन के साथ - साथ संगीत कार्यक्रम का भी आनंद लिया। मौके पर प्रेस क्लब कतरास के पदाधिकारियों को गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील सिंह, रंजीत जायसवाल, अनिल गुप्ता, वरुण, मोहन देव,वरुण, सुशील , ब्रजेश झा का योगदान रहा।

## वेदांता स्टील में दो दिवसीय कार्यशाला

**बोकारो।** वेदांता.ईएसएल में आयोजित स्टॉप लुक गो एंथोसिएस्टिक विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का संचालन सुरेश श्रीनिवासन ने किया।उन्होंने सत्रों में जीवन और कैरियर व्यतीत करने हेतु अपनाए जाने वाले दृष्टिकोणों पर चर्चा करते हुए प्रसन्नता के स्रोत के पीछे की सच्चाई का विश्लेषण किया और बताया कि स्वास्थ्यए संपत्तिए मित्र और परिवारए करियरए आध्यात्मिकताए आदि हमारे जीवन की गाड़ी के पहिये हैं जिसे संतुलित रखने से हमें जीवन को बेहतर ढंग से जीने में मदद मिलेगी। यह कार्यशाला वेदांता.ईएसएल का यह प्रयास अपने कर्मचारियों को प्रेरित रखने हेतु आयोजित था ताकि वे एवं उनका परिवार उनकी कड़ी मेहनत का लाभ उठा सकें।

## फिल्म एक्टर मालविका शर्मा ने किया तुला दान

**झरिया।** झरिया बस्ताकोला गौशाला में दूसरे दिन भी 350 तुलादान भक्तों ने किया। झरिया धनबाद बस्ताकोला में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर दूसरे दिन आज रविवार को तुलादान हुआ। सैकड़ों को भक्तों ने अपने वजन के बराबर गुड, चोकड़, हरा चारा, मूंग कुटा, बिचाली, का दान किया। गोमाता की जय एवं राधे कृष्ण के जयकारे के साथ भक्तगण तुलादान कर रहे थे। संक्रांति के दिन गौशाला में तुला दान करने से सभी ग्रहों की शांति एवं कष्टों का निवारण होता है। गौशाला परिसर में गो भक्तों ने लाचार बीमार गोवंश की सेवा की। विद्वान पंडितों द्वारा पूजन करा कर गो भक्तों ने तुला दान किया।

## पेटरवार में चित्रांश परिवार का मिलन सह वनभोज कार्यक्रम

**बेरमो।** पेटरवार चित्रांश परिवार का आज दिन रविवार को अंबागढ़ तट पर मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया इस मिलन समारोह में समाज के उत्थान को ध्यान में रखते हुए गहन विचार विमर्श किया गया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

# मकर संक्रांति: दामोदर नदी में लोगों ने लगायी आस्था की डुबकी

## मकर संक्रांति पर लोगों ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

**भौरा।** भौरा मकर संक्रांति पोंगल पर्व टूसु पर्व के अवसर पर रविवार को मोहलबनी दामोदर नदी मुक्ति धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना कर मेले का आनंद उठाया एवं मेले में भक्तजनों ने चूड़ा गुड़ तिलकुट मुढी का दान भी किया बच्चों ने मेले का खूब मजा लिया घाट पर झरिया, भौरा, डिग्वाडीह, सुदामडीह, धनबाद आदि जगहों से लोग पहुंचे थे कुछ लोग टूसु लेकर नाचते गाते आ रहे थे घाट पर आए श्री श्याम भक्त मंडल पाथरडीह के द्वारा भक्तजनों के लिए खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया था सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी भोग प्रसाद ग्रहण किया वही काली मेला घाट पर पहली बार नदी किनारे मेला लगाया गया था इस घाट पर भी सैकड़ों लोगों ने स्नान कर पूजा की मेले में सुदामडीह एवं भौरा पुलिस सक्रिय रही काली मेला घाट पर दो गुटों में मारपीट भी हो गई जिसे पूजा कमेटी ने किसी तरह शांत कराया। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद चंदन महतो, मौसम माहिती, दुर्गेश महतो, संजय महतो जोगिंदर महतो मनीष सिंह हरेंद्र यादव राजीव यादव सरोज शर्मा दयानंद सिंह राजेश प्रसाद गणेश ठाकुर अशोक साव सुधीर पासवान सक्रिय रहे।



**मोहलबनी घाट पर श्रद्धांलुओं ने लगायी आस्था की डुबकी**

धनबाद। मकर संक्रांति को लेकर हजारों श्रद्धालुओ ने रविवार को झरिया के सुदामडीह स्थित दामोदर नदी मोहलबनी घाट पर आस्था की डुबकी लगाई व तट पर बने मंदिरो में पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने असहाय गरीबो के बीच वस्त्र, चुडा, गुड़, इत्यादि दान किया गया .इस उपलक्ष में कमिटी के लोगो द्वारा मेला का भी आयोजन किया गया था । साथ ही मंदिर कमिटी के द्वारा खिचड़ी भोग का भी आयोजन किया गया था। वही टुसु विसर्जन के लिए भी बड़ी संख्या में लोग नाचते गाते घाट पहुंच रहे थे। वही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुदामडीह पुलिस द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।

## मकर संक्रांति पर लगा टुसू मेला

**बोकारो/कसमार।** कसमार .पेटरवार पथ पर फुटलाही खांजो नदी किनारे मकर संक्रांति पर आयोजित स्व सलखू ओहदार टुसू मेला में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बबीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि जिला बीस सूत्री कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक उपस्थित थे। मौके पर वक्ताओं ने टुसू मेला की संस्कृति व परंपरा को बनाए रखने हेतु इस मेला स्थल को विकसित करने के लिए जारी विकास कार्य की चर्चा करते हुए कहा कि जल्द ही खांजो पुल से मेला स्थल शेड व मंदिर तक पीसीसी पथ के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है।स्थानीय युवतियों ने झारखंडी झूमर एवं टुसु गीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की। मौके पर करण ओहदारए गोवर्धन महतोए उमेश महतोए सुरेंद्र महतोए मिथिलेश महाराजए शेरे आलमए सोहेल अंसारीए परमेश्वर नायकए प्रताप सिंहए नीलेश महाराजए विकास पांडेयए शिवनंदन महतोए राजकिशोर महलीए सुभाष ठाकुरए मुकेश महतोए छेछन महतोए तपन मुखर्जीए शेखरए संतोष महतो व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## जरीडीह बाजार दामोदर नदी तट पर लगा मेला

**बेरमो।** जरीडीह बाजार दामोदर नदी के तट पर मकर संक्रांति के अवसर पर हर साल लगने वाले दो दिवसीय मेला का शुभारंभ गांधीनगर के थाना प्रभारी अनूप कुमार समाजसेवी सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल मुखिया कंचन देवी पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी संयुक्त रुप से मेले का उद्घाटन किया इस मेले में जरीडीह बाजार के अलावा गांधीनगर संडे बाजार चार नंबर बेरमो स्टेशन पेटरवार प्रखंड के चलकरी खेतको झिझको सहित आसपास के गांव के हजारों लोगों की भीड़ देखी गई श्रद्धालुओं ने स्थानीय दामोदर नाथ महादेव मंदिर में पूजन अर्चन कर ड्रैगन झूला सहित विभिन्न प्रकार के झूले का आनंद उठा रहे थे वही चार्ट सहित विभिन्न व्यंजनों के दुकान में भी काफी भीड़ देखी गई विधि व्यवस्था बनाने के लिए को लेकर गांधीनगर पुलिस मुस्तैद रही मौके पर बबलू भगत रॉबिन कसेरा पप्पू साहनी टिंकु पंडित विक्रम राम जैकी सिंह सचिन कुमार प्रेम कुमार विनय साहू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## डॉ वीएन चौधरी के पौत्र ने किया वृंदावन चौरा का उद्घाटन, जरूरतमंदों को दिया कंबल

**कतरास।** श्री गंगा गौशाला कतरास करकेन्द मकर संक्रांति धूमधाम से मनाया गया। मकर संक्रांति के मौके पर डॉ बी एन चौधरी के पौत्र सात्विक चौधरी ने वृंदावन चौरा का उद्घाटन किया। वहीं लायंस क्लब कतरास ने गौशाला कर्मियों के बीच कंबल बांटे .गौशाला के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मकर संक्रांति के मौके पर यहां दर्जनों लोगों ने तुला दान किया तथा नये सुरभि सदस्य बनाया गया। गौशाला कमेटी के कार्यकारिणी समिति की पहली बैठक आयोजित की गयी।

# दो बाइक की भिड़ंत में नाबालिग की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**तेतुलमारी ।** तेतुलमारी भुली मार्ग मे मैगजिन घर के समीप रविवार को दो बाइक आपस में टकरा जाने से उसमें सवार निचीतपुर टाउनशिप निवासी (15) वर्षीय राहुल कुमार की मौत हो गई। जबकि उसके साथी गुलशन चौहान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसका इलाज धनबाद एसएनएमएमसीएच मे चल रहा है। घटना के बाद दूसरा बाइक सवार भाग निकला, लोगों ने राहुल का शव को बृहस्पति हटिया के समीप रखकर सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने और घटना में दूसरे बाइक सवार की गिरफ्तारी शीघ्र कराने की मांग को लेकर सडक जाम कर दिया। थोडी देर बाद तेतुलमारी व इस्ट बसुरिया पुलिस के साथ जिप सदस्य मो इशराफिल, पूर्व मुखिया मो.आजाद मौके पर पहुंचे और लोगो को समझा-बुझाकर जाम हटाया। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि मृतक अपने पड़ोसी गुलशन के साथ एक बाइक पर सवार होकर सुभाष चौक जा रहा था, विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों जख्मी होकर वहीं गिर पड़ा, पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो को उठाकर इलाज के लिए धनबाद भेज दिया, जहां राहुल की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बोकारो ले जाने की बात कही, उसके परिजन उसे उठाकर बोकारो ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक दो बहनो मे इकलौता भाई था, वह मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला था, यहां अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता था।

# सिंदरी नगर कांग्रेस महिला मोर्चा की बैठक में किया विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** काँग्रेस सिन्दरी नगर महिला मोर्चा नवनियुक्त नगर अध्यक्ष मधु फिलिप्स की अध्यक्षता में संगठन विस्तार हेतु सिंदरी रोड़ाबाँध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक का उद्देश्य सिन्दरी नगर में महिला मोर्चा कमिटी के गठन करने के साथ ही नई टीम के द्वारा काँग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचने में कामयाब करने के लिए किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमिटी सचिव वैभव सिन्हा, धनबाद महिला अध्यक्ष सीता राणा, सिन्दरी नगर अध्यक्ष मधु फिलिप्स, झरिया महिला मोर्चा अध्यक्ष राजमुनी देवी, रूपा देशवासी, सोमी प्रसाद, नसीमा खातून, लक्ष्मी सिंह, शम्पा सील, मर्सी रोजी, रूमा दत्ता, कान्ती देवी, सुनीता देवी, रूपा देवी, बिन्दु सिह, गुडिया देवी, नूतन देवी, लक्ष्मी देवी, सुखदेव हाँसदा, सिध्दार्थ भट्टाचार्य, मोर्गन फिलिप्स, जानकी देवी उपस्थित थे।



# खेलायचंडी मंदिर है ग्रामीणों की आस्था का केंद्र: योगेंद्र

**बेरमो/ललपनिया।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर गोमिया प्रखण्ड के होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर में आयोजित श्री श्री खेलायचंडी सुप्रसिद्ध मेला कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।इसके पूर्व उन्होंने खेलाचंडी मंदिर पहुंच मां खेलाचंडी का दर्शन किए।ततपश्चात उन्होंने मां खेलायचंडी के चरणों में शीश नवाया और क्षेत्र की सुखए समृद्धि और शांति की मंगलकामना की। इस मौके पर माननीय मंत्री श्री महतो ने सभी को मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा खेलायचंडी मंदिर इस क्षेत्र के ग्रामीणों की गहरी आस्था का केंद्र है। इस पूरे परिसर के समुचित विकास के लिए पहल किया जाएगा। इस मौके पर आयोजक समिति द्वारा माननीय मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो को फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर मेला डाक प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, अध्यक्ष टीलु यादव, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सिंह, नारायण रविदास मौजूद थे।

# बीएसएल को स्टील के नये ग्रेड का मिला लाइसेंस

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने मौसम प्रतिरोधी स्ट्रक्चरल स्टीलए सामान्य उपयोग हेतु लो फास्फोरस माइक्रो.एल्लोएड संरचनात्मक स्टील और कंटेनर निर्माण हेतु निर्दिष्ट मानकों के स्टील को रोल करने के लिए के लिए भारतीय मानक ब्यूरो से लाइसेंस प्राप्त कर एक अहम् उपलब्धि हासिल की है। वैश्विक स्तर पर शिपिंग ग्रेड कंटेनरों की बढ़ती मांगए बंदरगाह की भीड़ भाड़ और बंद निर्माण कार्यों को देखते हुए भारत में शिपिंग ग्रेड कंटेनरों के निर्माण की क्षमता बनाने की योजना हेतु जून 2022 में प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर गठित अंतर.मंत्रालय समिति ने पाया कि कंटेनर बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला विशिष्ट स्टील भारतीय मानकों में उपलब्ध नहीं था। यह मामला भारतीय मानक ब्यूरो के संज्ञान में लाया गया जिसने घरेलू कंटेनर निमार्ताओं की मांग के अनुरूप अपने भारतीय मानक में संशोधन किया और कोर्टेन.स्टील के समतुल्य नए ग्रेड की शुरूआत की है। बोकारो स्टील प्लांट ने स्टील के उपरोक्त ग्रेड के लिए बीआईएस से लाइसेंस प्राप्त कर लिया है।

# मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में जनता मजदूर संघ की प्रेस वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** एटवाल न0-6 में स्थित नवनिर्मित माँ दुर्गा मंदिर प्रांगण में जनता मजदूर संघ(आ0) अलकुसा कोलियरी शाखा सचिव गोलू रवानी के अध्यक्षता में प्रेसवार्ता करते हुये। कहा कि बीसीसीएल कुसुंडा एरिया 6 के अंतर्गत न्यू गोधर कुसुंडा कोलियरी में संचालित मेसर्स हिन्दुतान ट्रेड ओवरसीज प्रा0 ली0( कोल ट्रान्सपोटिंग कम्पनी ) पिछले एक वर्ष से कोयला की ढुलाई नियम के विरुद्ध करते रही है।झारखंड सरकार के नियमानुसार 75% स्थानीय बेरोजगार,विस्थापितों, विस्थापितो, प्रभावितो को रोजगार उपलब्ध नही कराकर के बाहरी लोगों से काम करवा रही है।रोजगार के मांग करने वाले बेरोजगार युवकों पर झूठा मुकदमा परिवहन कम्पनी की ओर से करा दिया जाता है।कम्पनी प्रबंधक सुभाष शर्मा का मनमानी ओर हिटलर शाही अपना कर काम करा रही है।कम्पनी में कार्य रहे मजदूरों के साथ आथिर्क,मानसिक एवं शारीरिक शोषण किया जारहा है।मजदूरों को एचपीसी का बेतनमान भुगतान नहीं कर श्रम अधिनियमो का उल्लंधन कर रही है।कोयला ढुलाई के दौरान धूल-गर्दा, प्रदूषण से स्थानीय नागरिक एवं मानव जीवन पर प्रतिकूल से काफी प्रभाव पड़ रही है।कोयला लोड हाइवा को बगैर तिरपाल से ढके राष्ट्रीय राजमार्ग 02 से परिवहन किया जारहा है।कम्पनी प्रबंधक संगठित आर्थिक अपराधियो से सांठगांठ कर रात के अंधेरे में व्यपाक पैमाने पर कोयला ट्रान्सपोटिंग के आड़ में कोयला तस्करी कर रही है। में जिला प्रशासनस्थानीय प्रशासन एवं बीसीसीएल प्रबधक से मांग करता है।कि ट्रान्सपोटिंग कम्पनी प्रबंधक के अवैध कारनामो से बीसीसीएल कम्पनी को आर्थिक नुकसान पर अबिलम्ब रोक लगाने की पहल करे अन्यथा 26 जनवरी के बाद ट्रान्सपोटिंग कम्पनी का अनिश्चित कालीन चक्का जाम के लिये संघ बाध्य होगा।मौके पर नवीन पंडित,सुरेन्द्र सिंह,मोनू पाठक, गोपाल रवानी,मुकेश पासवान, क्रांति देवी मौजूद थे।

## ढोरी में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बेरमो।** समर्पण एक नेक पहल द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन रविवार को चैंपियन ट्रॉफी .5 ढोरी खेल मैदान में आयोजन गया गया। युवा समाजसेवी एवं विश्व प्रसिद्ध सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने खिलाडियो से परिचय लेकर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। प्रकाश सिंह ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इसमें किसी की हार जीत नहीं होती है। उन्होंने अपने बचपन का जिक्र करते हुए कहा कि हम अपने भाई के साथ क्रिकेट खेलते थे।

# तीसरा गोलीकांड: 24 घंटे में गिरफ्तारी नहीं तो होगा रोड जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**तीसरा ।** तीसरा गोलीकांड मामले को लेकर शनिवार की शाम घायल अविनाश के पिता ने दिनेश सिंह समेत भाजपा के नेताओ ने आवास में प्रेस वार्ता कर पुलिस के कार्य शैली पर सवाल खड़ा किया है। घटना का मुख्य आरोपी एकलव्य सिंह है जिसके कारण पुलिस ठीक तरह से इसका अनुसंधान नहीं कर रही सीसीटीवी कैमरा खंगालने के बहाने केश के आई ओ फुटेज को डिलीट करने में लगे हुए हैं अभी तक वरीय अधिकारी समेत तीसरा थाना के कोई चौकीदार भी मेरे घर पर आकर परिजन से नहीं मिला है नाही सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया है ।तीसरा थानेदार घटना को विस्तृत रूप से जानते हैं इसके बावजूद आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है वरीय अधिकारी का आदेश का इंतजार कर रहे हैं ।हमारा परिवार शुरू से भाजपा का समर्थक रहा है इसलिए वर्तमान सरकार हमारे साथ भेदभाव कर रही है । हमेशा हमारे परिवार पर डर का माहौल बना हुआ रहता है दबंग राजनीति घराना का परिवार है हम लोगों के साथ कुछ भी हो सकता है । शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो जयरामपुर मोड़ के पास जनता मजदूर संघ भाजपा और पीड़ित परिवार के साथ झरिया बलियापुर मुख्य मार्ग को जाम कर देंगे और जरूरत पड़ी तो झरिया बंद करेंगे. झरिया के वरीय भाजपा नेता अखिलेश सिंह ने कहा कि अविनाश गोलीकांड मामले में पुलिस अभी तक जांच शुरू ही नहीं की है ।

### मामले की जांच के लिए थाना से कोई नहीं पहुंचा

तीसरा थाना का कोई भी सक्षम पदाधिकारी परिजन से मिला कर घटना का जानकारी तक नही लिया है ।पुलिस राजनीतिक दवाब में आकर कोई कार्यवाई नही कर रहे है ।घटना 8 तारीख के रात की है आज घटना के पाँच दिन हो गए है अभी तक तीसरा थाना का चौकीदार भी सुध लेने नहीं आया है जो ये हस्पद है ।पुलिस मामले को दबाने में लगी हुई है. अब सब्र का बांध टूट रहा है।

## पेज एक का शेष

### नेपाल में 72 यात्रियों...

टुकड़ों में टूट गया विमान : सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि सैकड़ों बचावकर्मियों ने पहाड़ी दुर्घटनास्थल को छान डाला। विमान टुकड़ों में टूट गया है। दो इंजन वाले एटीआर 72 विमान में को कैप्टन कमल केसी उड़ा रहे थे। विमान के क्रैश होने से पहले के वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट। दुर्घटनास्थल से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक यह हादसा रविवार सुबह 10.33 बजे हुआ है।

**हेल्प लाइन नंबर जारी :** विमान में पांच भारतीय, चार रूसी, दो कोरियाई के अलावा ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, अर्जेंटीना, इजराइल के एक-एक नागरिक सवार थे। भारतीय दूतावास ने घटना के शिकार हुए पांच भारतीय परिजनों के अलावा अन्य लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन जारी की है। काठमांडू में दिवाकर शर्मा से दूरभाष क्रमांक +977-9851107021 और पोखरा में लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक त्रिपाठी से दूरभाष क्रमांक +977-9856037699 पर संपर्क किया जा सकता है। दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नेपाल के पोखरा में विमान दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

### भारत को मिली ...

**विराट का 46वां शतक :**अच्छी फॉर्म में चल रहे विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने भारत के लिए शतक लगाये। कोहली ने अपने 46वें वनडे और कुल 74वें अंतरराष्ट्रीय शतक के दौरान 110 गेंद में आठ छक्कों और 13 चौकों की मदद से नाबाद 166 रन की करियर की दूसरी सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। वहीं गिल (116) के साथ दूसरे विकेट के लिए 131 और श्रेयस अय्यर (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी की। कोहली की पारी की बदौलत भारत अंतिम 11 ओवर में 126 रन जुटाने में सफल रहा। श्रीलंका की ओर से लाहिरू कुमारा और कासुन रजिता ने दो-दो विकेट चटकाये लेकिन इस दौरान क्रमशः 87 और 81 रन लुटाये। रोहित शर्मा (42) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और गिल के साथ पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़कर टीम को अच्छा मंच मुहैया कराया। कोहली ने 43वें ओवर में करूणारत्ने पर चौके के साथ टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया लेकिन बाउंड्री पर क्षेत्ररक्षण करते हुए आशेन बंडारा और वांडरसे आपस में टकराकर चोटिल हो गये।

### बागवानी मिशन में ...

इसलिए उन्होंने स्पेशल ऑडिट कराने का फैसला लिया है।

**17 जिलों में योजनाएं चल रही हैं योजनाएं :** झारखंड हॉर्टिकल्चर पी मिशन के तहत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2021-22 तक किसानों को दिये गये प्रिजर्वेशन यूनिट में गड़बड़ी की स्पेशल ऑडिट होगा। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 17 जिलों में योजनाएं चल रही हैं, बाकी के सात जिलों में जहां राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत योजनाएं नहीं चल रही हैं वहां राज्य सरकार अपने खर्च पर हॉर्टिकल्चर डेवलपमेंट के लिए कई स्कीम चलाते रहती है। उन्हीं सात जिलों में से रांची और खूंटी को छोड़कर पांच जिलों में वर्ष 2016-17 से एक योजना चलायी गयी।

**लाभुकों से रुपया लिये दे दी यूनिट यूनिट :** किसानों को मसाले, सब्जियों, फलों को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए प्रिजर्वेशन इकाई देने की योजना के तहत प्रति यूनिट दो लाख रुपए खर्च करने थे, जिसमें से एक लाख रुपए किसानों को देना था और बाकी एक लाख किसानों को मिलने वाली अनुदानित राशि थी, जिसे सरकार वहन करती। इस स्कीम के तहत पांच जिले बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा और कोडरमा जिले के किसानों से एक लाख तो क्या बिना एक रुपए लिए ही प्रिजर्वेशन यूनिट दे दी गयी। यूनिट घटिया किस्म की थी और इसकी कीमत भी 25-30 हजार रुपए से अधिक नहीं थी।

**साल डेढ़ साल में ही खराब हो गयी :** वर्ष 2016-17, 2017-18 में 243 यूनिट प्रिजर्वेशन यूनिट बांटी गयी। 2018-19 में 93 और 2019-20 में 36 यूनिय लाभुकों को मिले। घटिया किस्म के होने की वजह से ज्यादातर प्रिजर्वेशन यूनिट साल डेढ़ साल में ही खराब हो गयी। यूनिट वितरण में कथित गड़बड़ी की जांच कृषि विभाग अपने स्तर पर करवा रहा है। अब वित्त विभाग ने स्पेशल ऑडिट कर गड़बड़ी करने वालों को बेपर्दा करने और उन्हें दंडित करने का मन बना लिया है।

### हाजत में व्यवसायी...

तब आनन फानन में उन्हें आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गयी। विधायक ने डीएसपी महेश प्रजापति से पूछा कि जब आपकी कस्टडी में सुनील कुमार गुप्ता थे तो फिर उनकी मौत कैसे हुई। उनके सवालों पर हजारीबाग पुलिस आनाकानी करती रही। मृतक के परिजनों ने टीम में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

**विरोध प्रदर्शन, दोषियों पर 302का केस दर्ज :** रविवार को आक्रोशित लोगों ने शहर में दिन भर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के खिलाफ नारे लगाये। सड़क जाम कर प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी। जानकारी के बाद सदर विधायक मनीष जायसवाल परिजनों के साथ सदर डीएसपी महेश प्रजापति से मिले। विधायक और परिजनों के भारी दबाव के बाद पुलिस ने दोषी आरोपी अधिकारियों के खिलाफ 302 का मुकदमा दर्ज किया।

**कुछ पुलिस वालो पर कार्रवाई: डीएसपी :** डीएसपी महेश प्रजापति ने कहा की इस मामले में लापरवाही हुई है। कुछ पुलिस कर्मियों को ससपेंड किया गया है। दोषी अन्य कर्मियों पर कार्रवाई की होगी। वहीं पुलिस के सूत्रों का कहना है कि जब सुनील को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा था तब वे बचने के लिए छत से कूद गये। इसमें उन्हें गंभीर चोट लगी। आरोग्यम में भर्ती कराया गया जहा उनकी मौत हो गयी। बहरहाल सारा मामला घडी डिटर्जेंट पाउडर से लदे ट्रक का गायब होने से संबंधित बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में दर्ज एफआइआर पर वे कार्रवाई कर रहे थे। इसी मामले में पुलिस ने जानकारी के लिए सुनील गुप्ता को उनके घर से उठाया था। जिसके बाद यह हादसा हुआ।

### सीआरपीएफ डीजी ने ...

**बूढ़ा पहाड़ पर 32 सालों से था नक्सलियों का कब्जा :**झारखंड में माओवादी नक्सलियों के सबसे बड़े गढ़ बूढ़ा पहाड़ को सुरक्षा बलों और पुलिस ने पूरी तरह फतह कर लिया। बूढ़ा पहाड़ की तमाम चोटियों पर अब पुलिस का कैंप है। गत 16 सितंबर को पहाड़ पर वायु सेना का एमआई हेलीकॉप्टर उतारा गया था। जवानों ने तालियां बजाकर जीत की खुशी का इजहार किया था। 55 वर्ग किलोमीटर में फैले बूढ़ा पहाड़ पर पिछले 32 सालों से नक्सलियों का कब्जा था। झारखंड-छत्तीसगढ़ के जंगलों से घिरा इलाका नक्सलियों का अभेद्य दुर्ग बना हुआ था। बूढ़ा पहाड़ पर आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बंगाल, बिहार और झारखंड के टॉप नक्सली लीडर और रणनीतिकार पनाह लिया करते थे। माओवादियों के पोलित ब्यूरो और सेंट्रल कमेटी के अरविंद उर्फ देवकुमार सिंह, सुधाकरण, मिथिलेश महतो, विवेक आर्या, प्रमोद मिश्रा, विमल यादव सहित कई बड़े नक्सली लीडरों मौजूद रहने की जानकारी पुलिस को मिलती थी। नक्सलियों के कई बंकर और शस्त्रागार भी थे। ट्रेनिंग कैंप में नक्सलियों ने कई फौजी दस्ते तैयार किये थे। इलाके को नक्सलियों से मुक्त कराने का सबसे बड़ा अभियान वर्ष 2018 में चलाया गया था। नक्सलियों ने बारूदी सुरंगों से पहाड़ की ओर बढ़ रहे सुरक्षा बलों के छह जवानों को उड़ा दिया। पहाड़ तक पहुंचने वाले हर रास्ते पर आईईडी बम बिछा रखे गए थे।

स्पीड न्यूज

## अंजी नदी पर बनेगा देश का पहला केबल रेल पुल

**नयी दिल्ली।** देश को पहला केबल रेल पुल जल्द मिलने वाला है। इसका निर्माण जम्मू-कश्मीर की अंजी नदी पर हो रहा है। रेलवे के अनुसार, इस साल के अंत तक अंजी खड्ड पुल का जो जाएगा। यह पुल इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना है, जिसे बनाने का काम अपने अंतिम चरण में है। ये पुल कटरा को रियासी से जोड़ने का काम करेगा। अंजी नदी के ऊपर रियासी जिले में स्थित, पुल चुनौतीपूर्ण उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का एक हिस्सा है, जहां रेल अधिक ऊंचाई पर हिमालय से होकर गुजरती हैं। इस पुल की लंबाई 473 .25 मीटर है, जो नदी तल से करीब 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है।

## बाइडन के आवास पर और गोपनीय दस्तावेज मिले

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के डेलवेयर आवास से गोपनीय दस्तावेज के पांच अतिरिक्त पन्ने मिले हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि इसके साथ ही अभी तक बाइडन के आवास से करीब 24 गोपनीय दस्तावेज बरामद हो चुके हैं।ये दस्तावेज ऐसे समय मिले हैं जब कुछ घंटे पहले व्हाइट हाउस अधिवक्ता कार्यालय ने एक बयान जारी करके बाइडन के आवास से गोपनीय दस्तावेज बरामद होने की जानकारी दी थी और अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी रॉबर्ट हुर को मामले की जांच करने के लिए विशेष अधिवक्ता नियुक्त किया था।

## सिब्बल ने भारत जोड़ो यात्रा की तारीफ की

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व नेता और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को भारत जोड़ो यात्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि राहुल गांधी समाज के अलग-अलग तबकों को एक साथ लाने में कामयाब रहे हैं और उन्हें यह अहसास कराया है कि देश में एकता कितनी जरूरी है। पिछले साल कांग्रेस छोड़ने वाले सिब्बल ने कहा कि पार्टी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा सफल प्रतीत होती है और इसे गैर-कांग्रेसी का समर्थन भी मिला है।

## भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन जदयू में शामिल

**पटना ।** बिहार भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव रंजन अपने समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हो गए।जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में रविवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय के कपूरी सभागार में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पूर्व विधायक राजीव रंजन एवं उनके सहयोगियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## 'मैं' के साथ बड़े पर्दे पर लौटेंगी ईशा देओल



**मुंबई।** अभिनेत्री ईशा देओल फिल्म मैं के साथ बड़े पर्दे पर वापसी की तैयारियों में हैं। फिल्म में अमित साध भी नजर आएंगे। लेखक निर्देशक सचिन सर्राफ की फिल्म मैं में साध एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की भूमिका निभाएंगे। अजय देवगन नीत रूद्र: द एज ऑफ डार्कनेस के साथ पिछले साथ ओटीटी मंच पर कदम रखने वाली ईशा ने नयी फिल्म के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी साझा की है। अभिनेत्री ने कहा कि वह ऐसी महिला की भूमिका निभा रही हैं जो खुद को तराशती है और अपने जीवन में बेहतर मुकाम हासिल करती है। ईशा ने कहा कि फिल्म में मेरी भूमिका जीवन में महिला के विकास की कहानी दिखाती है। यह बेहद सरल लेकिन ठोस संदेश देती है कि महिलाएं अकल्पनीय लक्ष्य भी हासिल कर सकती हैं।

# भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक आज से

- 12 सीएम व पांच उपमुख्यमंत्री, 35 केंद्रीय मंत्री, 17 राज्यों में पार्टी के सदन के नेता सहित करीब 350 नेता शामिल होंगे
- राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रस्ताव पारित होंगे
- मंगलवार को प्रधानमंत्री बैठक को संबोधित करेंगे

एजेंसी\

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक सोमवार से राजधानी स्थित नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर में होगी। इसकी शुरूआत शाम चार बजे भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के संबोधन से होगी और समापन अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन से होगा।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष नड्डा के अलावा पार्टी शासित राज्यों के 12 मुख्यमंत्री व पांच उपमुख्यमंत्री, 35 केंद्रीय मंत्री, 17 राज्यों में पार्टी के सदन के नेता सहित करीब 350 नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। कार्यकारिणी की बैठक से पहले भाजपा मुख्यालय में सोमवार की सुबह पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों, सभी प्रदेशों के अध्यक्षों और संगठन महामंत्रियों व मंत्रियों की एक बैठक होगी।

सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में कार्यकारिणी के एजेंडे को अंतिम रूप दिया जाएगा। तावड़े ने बताया कि कार्यकारिणी स्थल पर विभिन्न विषयों पर एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें केंद्र सरकार की



उपलब्धियों का जिक्र होगा। कार्यकारिणी की बैठक की शुरूआत एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शाम चार बजे दीप प्रज्वलित किये जाने से होगी। इसके बाद नड्डा का अध्यक्षीय संबोधन होगा।

तावड़े ने बताया कि 17 जनवरी को शाम 4 बजे प्रधानमंत्री के संबोधन से कार्यकारिणी की बैठक समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी में गुजरात चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के लिए कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का स्वागत करने को उत्सुक हैं।

बैठक में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों के नतीजों के अलावा पार्टी नेताओं की लोकसभा प्रवास योजना की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा की जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए ही जीतेगा 2024 का लोकसभा चुनावः प्रधान

एजेंसी

**कहा- भारत में प्रधानमंत्री पद के लिए फिलहाल कोई पद रिक्त नहीं**

**कोलकाता।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए ही 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा और फिलहाल देश में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है।

नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के ममता बनर्जी को लेकर दिए गए बयान के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भरोसा है कि लोग उनके साथ खड़े रहेंगे और चुनाव में उनका समर्थन करेंगे। दरअसल, अमर्त्य सेन ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी में प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है।प्रधान ने कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके सोनारपुर में भाजपा की संगठनात्मक बैठक से पहले संवाददाताओं से कहा कि भारत में प्रधानमंत्री पद के लिए फिलहाल कोई पद रिक्त नहीं है। देश के लोगों ने लगातार दो बार नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि गरीबों, महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों और ग्रामीण लोगों ने चुनाव में मतदान कर मोदी को देश चलाने की जिम्मेदारी दी है। प्रधान ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2024 में मोदी के नेतृत्व में राजग फिर से जीतेगा।

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन ने शनिवार को विशेष साक्षात्कार में कहा था कि यह सोचना भूल होगा कि 2024 का लोकसभा चुनाव एकतरफा तरीके से भाजपा के पक्ष में होगा। उन्होंने कहा कि आगामी आम चुनाव में क्षेत्रीय दलों की भूमिका साफ तौर पर महत्वपूर्ण होगी। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी में भारत का अगला प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है।

# एलएसी पर सेना किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार

- पश्चिमी सीमा पर नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है और उल्लंघन में काफी कमी आयी है : सेना प्रमुख
- पहली बार परंपरा से हटकर दिल्ली से बाहर सेना दिवस बेंगलुरु स्थित गोविंदस्वामी परेड ग्राउंड में किया गया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मजबूत रक्षा मुद्रा बनाए हुए है और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

सेना प्रमुख ने रविवार को 75 वें सेना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी सीमा पर नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है और उल्लंघन में काफी कमी आई है। हालांकि सीमा के दूसरी तरफ अभी भी आतंकी कैंप बना हुए है। उन्होंने कहा कि सेना अपनी उपस्थिति दर्शाने के लिए प्रॉक्सी संगठनों द्वारा की जा रही लक्षित सभी हत्याओं को नाकाम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भारत का घुसपैठ रोधी ग्रिड वहां से घुसपैठ को लगातार नाकाम कर रहा है। जनरल पांडे ने कहा कि ड्रोन के जरिए जम्मू और पंजाब सीमा क्षेत्रों में हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के प्रयासों को विफल करने के लिए काउंटर-ड्रोन जैमर का इस्तेमाल किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर उन्होंने कहा कि वहां के लोगों ने हिंसा छोड़ दी है और सकारात्मक बदलाव का स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना ने पूर्वोत्तर क्षेत्रा में हिंसा के स्तर को कम करने और विद्रोहियों को हिंसा का रास्ता छोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परंपराओं से हटकर 1949 में अपनी स्थापना के



बाद से नई दिल्ली में होने वाली सेना दिवस परेड का उद्घाटन एमईजी और केंद्र के परिसर में गोविंदस्वामी परेड ग्राउंड में किया गया। सेना प्रमुख ने परेड की समीक्षा की और बहादुरी और बलिदान के व्यक्तिगत कार्यों के लिए वीरता पुरस्कार दिया।इसस पहेल दिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवारत और सेवानिवृत कर्मियों को समृद्ध श्रद्धांजलि अर्पित की और देश और इसकी सीमाओं की रक्षा करने में उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि उनकी वीरता अतुलनीय है। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को समृद्ध श्रद्धांजलि अर्पित की और देश और इसकी सीमाओं की रक्षा करने में उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि उनकी वीरता अतुलनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य नेताओं ने भी सेना दिवस पर बधाई दी।

## 88 लाख से अधिक दिव्यांगों को मिला यूडीआईडी कार्ड

नई दिल्ली। देश में अब तक दिव्यांग जनों के लिए 88 लाख से अधिक विशिष्ट दिव्यांगजन पहचान पत्र (यूडीआईडी) जारी किए जा चुके हैं। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। दिव्यांगजनों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र को यूडीआईडी कार्ड के नाम से जाना जाता है। दिव्यांगजनों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र योजना, उनके लिए एक राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार करने और प्रत्येक दिव्यांगजन को एक यूडीआईडी कार्ड जारी करने के उद्देश्य से लागू की जा रही है। केंद्र की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक 88,18,452 कार्ड जारी किए जा चुके हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान इसके बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह योजना देशभर के सभी राज्यों में लागू की गई है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को दस्तावेजों की कई प्रतियां बनाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कार्ड में सभी आवश्यक विवरण होंगे और यह पूरे देश में मान्य होगा।

# मध्य वर्ग से मेरा ताल्लुक, उनके दबावों को समझती हूं : सीतारमण

- एनडीए सरकार ने मध्य वर्ग पर कोई नया कर नहीं लगाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम बजट पेश करने से दो सप्ताह पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वह मध्य वर्ग के दबावों को समझती हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह याद दिलाया कि वर्तमान सरकार ने मध्य वर्ग पर कोई नया कर नहीं लगाया है।

सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश करेंगी। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस बजट में आयकर सीमा बढ़ाएगी और मध्य वर्ग के करदाताओं के अलावा अन्य लोगों को भी कुछ राहत देगी।वित्त मंत्री ने आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका पाञ्चजन्य के एक समारोह में कहा कि मैं भी मध्य वर्ग से ताल्लुक रखती हूं लिहाजा मैं मध्य वर्ग के दबावों को समझ सकती हूं। मैं खुद को मध्य वर्ग का मानती हूं, इसलिए मैं इस बात को समझती हूं। इसके साथ ही उन्होंने यह याद दिलाया कि वर्तमान मोदी सरकार ने मध्य वर्ग पर कोई भी नया कर नहीं



लगाया है। उन्होंने कहा कि पांच लाख रुपये तक की आमदनी आयकर से मुक्त है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए 27 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क विकसित करने और 100 स्मार्ट सिटी बनाने जैसे कई उपाय किए हैं। सीतारमण ने भरोसा दिया कि सरकार मध्य वर्ग के लिए और अधिक कर सकती है, क्योंकि इसका आकार काफी बड़ा हो गया है। उन्होंने कहा, ह्वमें उनकी समस्याओं को अच्छी तरह समझती हूं। सरकार ने उनके लिए बहुत कुछ किया है और वह ऐसा करना जारी रखेगी।

# भारत और इंग्लैंड के बीच मैच ड्रा

**विश्व हॉकी कप में दोनों टीमों को मिले एक-एक अंक**

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** राउलकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड और भारत के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। आखिरी मिनट तक गोल न होने के चलते मैच ड्रा रहा। दोनों ही टीमों को कई मौके मिले लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हुई।

**दोनों टीमों को मिले एक-एक अंक:** पहले हाफ तक दोनों ही टीमों को मिलाकर दस से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर मिले। एक भी पेनल्टी कॉर्नर गोल में तब्दील नहीं हो सका। भारत ने कई बार गलतियां की लेकिन दूसरे हाफ में भारत ने वापसी करते हुए आक्रामक खेल खेला।

भारत का पलड़ा भारी : भारत और इंग्लैंड हॉकी विश्व कप के इतिहास में अब तक कुल 9 बार आमने-सामने हुए हैं। इनमें भारत ने 3 बार (1975, 1982 और 1994 में) जीत दर्ज की है, जबकि इंग्लैंड ने 4 बार (2002, 2006, 2010 और 2014 में) जीत दर्ज की है। दो मैच 1978 और 2023 में ड्रॉ रहा। भारत और इंग्लैंड कुल 21 बार आमने-सामने आ चुके हैं। इसमें 10 भारत ने और 7 इंग्लैंड जीता है। 4 मैच ड्रा पर छूटे हैं।



**स्पेन ने वेल्स को 5-1 से हराकर विश्व कप में खाता खोला:** मार्क रेयना और मार्क मिरालेस के दो-दो गोल की मदद से स्पेन ने रविवार को यहां एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के पूल डी में वेल्स को 5-1 से हराकर पहली जीत दर्ज की। रेयना ने 16वें और 38वें मिनट में मैदानी गोल दागे जबकि मिरालेस ने 32वें और 56वें मिनट में गोल किए। कप्तान अल्वारो इग्लेसियास (22वें मिनट) ने भी स्पेन की ओर से एक गोल किया।

## 2025 तक पूरा देश डॉपलर मौसम रडार नेटवर्क के दायरे में आ जाएगा : जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि खराब मौसम के संबंध में मौसम विभाग के पूर्वानुमान की सटीकता में पिछले आठ से नौ वर्षों में लगभग 40 प्रतिशत सुधार हुआ है। सिंह ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 148वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि पूवानुमान में सुधार के साथ आपदा से संबंधित मृत्यु दर घटकर इकाई अंक में आ गई है।उन्होंने कहा कि देश में डॉपलर रडार की संख्या 2013 में 15 से बढ़कर 2023 में 37 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्षों में देश में 25 और रडार लगाये जाएंगे, जिससे इनकी संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी।उन्होंने कहा कि 2025 तक पूरा देश डॉपलर रडार नेटवर्क के दायरे में आ जाएगा।आईएमडी ने रविवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में चार डॉपलर मौसम रडार चालू किए। इससे पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में विभाग की मौसम निगरानी क्षमताओं में मजबूती आएगी। ये चार डीडब्ल्यूआर जम्मू कश्मीर में बनिहाल टॉप, हिमाचल प्रदेश में जोत और मुरारी देवी और उत्तराखंड में सुरकंडा देवी में स्थापित किए गए हैं।

# भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए सेवानिवृत्त कर्मियों को न करें नियुक्त

एजेंसी

**केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सभी विभाग को दिया आदेश**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग ने बैंकों, बीमा कंपनियों और केंद्र सरकार के विभागों से भ्रष्टाचार के मामलों की जांच में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शामिल नहीं करने को कहा है। बता दें कि कुछ संगठन भ्रष्टाचार को लेकर अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जांच अधिकारी नियुक्त कर रहे थे। इसको देखने के बाद ही सतर्कता आयोग ने इस संबंध में आदेश दिया है।

**सतर्कता अधिकारियों को जवाबदेह बनाना जरूरी** : आयोग ने कहा कि सतर्कता अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाना महत्वपूर्ण है। ऐसे में उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों के निर्वहन में गोपनीयता से समझौता किए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। लेकिन यह सेवानिवृत्त अधिकारियों के मामले में संभव नहीं है क्योंकि रिटायरमेंट के बाद उनपर कोई भी कदाचार के आचरण और अनुशासनात्मक नियम लागू नहीं होते हैं।

आयोग ने अगस्त 2000 में निर्देश दिया था कि किसी भी संगठन में सतर्कता अधिकारी फुलटाइम कर्मचारी होंगे और विजिलेंस कार्यों को करने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारी को सलाहकार के रूप में नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद कुछ संगठनों को अभी भी जांच के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नियुक्त करते हुए देखा गया है। बता दें कि यह आदेश 13 जनवरी को जारी किया गया है। इसे केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिवों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, बैंकों और बीमा कंपनियों सहित अन्य को भेज दिया गया है। इसके साथ आयोग ने इस आदेश को सख्ती से पालन करने की बात कही है। सीवीसी ने कहा कि जांच अधिकारी और अन्य सतर्कता अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे बयान दर्ज करने, मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच करने, जांच रिपोर्ट तैयार करने और दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदार होते हैं। जांच प्रक्रिया किसी भी तरह से प्रभावित ना हो, इसलिए यह निर्देश आवश्यक है। भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अजय दुबे ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को सीवीसी के निर्देश का पूरी तरह से पालन करना चाहिए।

# अमेरिका की बॉनी ग्रेबियल बनीं मिस यूनिवर्स

- भारत की हरनाज ने मिस यूनिवर्स को पहनाया ताज
- भारत की दिविता राय ने शीर्ष 16 तक ही पहुंच पाईं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की आर बॉनी गेब्रियल ने इस साल का मिस यूनिवर्स का खिताब जीता। उन्होंने अंतिम राउंड में वेनेजुएला और डोमिनिक रिपब्लिक की प्रतिभागी को हराकर ये ताज अपने नाम किया। इस बार का मिस यूनिवर्स को पिछली मिस यूनिवर्स हरनाज संधू ने ताज पहनाया। भारत की हरनाज संधू साल 2021 में ये ताज भारत लेकर आई थी। मिस यूनियर्व का ताज भारत की झोली में 21 साल बाद आया था। 71वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता शनिवार को अमेरिका के लुइसियाना के न्यू ऑरलियन्स सिटी में हुआ। इस प्रतियोगिता में 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें निजी साक्षात्मकार से और कई श्रेणियों की प्रक्रिया से चुना गया था।



लेकिन इनमें से सिर्फ तीन प्रतिभागी ही अंत तक पहुंच पाईं, इनमें अमेरिका के अलावा वेनेजुएला और अमेंडा दूदामेल और डोमिनिक रिपब्लिक की एंड्रिना मार्टिनेज शामिल हैं। वेनजुएला की अमेंड दूसरे और और डोमिनिक रिपब्लिक की एंड्रिना तीसरे स्थान पर रहीं।वहीं भारत की दिविता राय ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, वह शीर्ष 16 तक ही पहुंच पाईं। अंतिम राउंड में तीन प्रतिभागियों से एक ही सवाल पूछा गया था। ये सवाल था कि अगर आप मिस यूनिवर्स बनती हैं तो आप इसे एक सशक्त और प्रगतिशील संस्थान दिखाने के लिए कैसे काम करेंगी?

गेब्रियल ने जवाब दिया कि मैं इसे परिवर्तनकारी नेता के रूप में इस्तेमाल करूंगी। 13 साल से एक जुनूनी डिजाइनर के तौर पर मैं फैशन को अच्छे कामों के लिए इस्तेमाल करती हूं। मैं रिसाइकल मेटेरियल से कपड़े बनाती हूं, ताकि प्रदूषण कम किया जा सके। मैं महिलाओं को सिलाई का ट्रेनिंग देती हूं, जिससे वे मानव तस्करी और घरेलू हिंसा से बच सकें।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
- Class VIII Today (Combined) ₹ 250
- Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
- Mathematics Practical ₹ 60
- Science Practical ₹ 60
- S. Science Practical ₹ 60
- Hindi Vyakaran–I ₹ 60
- English Grammar–I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

Classes VI & VII
- Class VII Today (Combined) ₹ 240
- Class VI Today (Combined) ₹ 240
- Hindi Vyakaran–I ₹ 60
- English Grammar–I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!